वार्षिक प्रतिवेदन
2016-2017

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

Institute for **Plasma Research**

Bhat, Gandhinagar 382428

प्रबंध परिषद

1) श्री शेखर बसु	अध्यक्ष
2) संयुक्त सचिव (अनुसंधान एवं विकास), पऊवि	सदस्य
3) श्री आर. ए. राजीव	सदस्य
4) डॉ. एस. चतुर्वेदी	सदस्य
5) डॉ.सिराज हसन	सदस्य
6) डॉ.अमित रॉय	सदस्य
7) श्री के. एन. व्यास	सदस्य
8) डॉ. जे. एन. गोस्वामी	सदस्य
9) श्री संजय लाल भाई	सदस्य
10) श्रीमती अंजु शर्मा	सदस्य
11) श्री पी. के. आत्रेय	गैर-सदस्य सचिव

कार्यकारी सारांश

वर्ष (2016-17) के दौरान, संस्थान ने संलयन अनुसंधान, तकनीकी विकास, औद्योगिक एवं सामाजिक अनुप्रयोगों एवं मौलिक प्लाज़्मा भौतिकी के प्रयोगात्मक तथा सैद्धांतिक अनुसंधानों की गतिविधियों के अलावा इटर परियोजना में अपनी सुपुर्दगियों को जारी रखा है।

कुछ उपलब्धियाँ एवं प्रमुख विकास निम्नलिखित हैं:

1. आदित्य टोकामक में आकार वाले प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए बाहरी कॉयलों एवं भीतरी ग्रेफाइट टाइलों के सेट की पुनःकमीशनिंग का कार्य एक प्रमुख उपलब्धि है। दिसम्बर 2016 में यंत्र का संचालन शुरू किया गया था और 80-95 किलो एम्पियर की प्लाज़्मा धारा को 180 मिलीसेकण्ड के विस्तार तक प्राप्त किया गया है।

2. एसएसटी-1 चुंबक प्रणालियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए नए सिरे से प्रयास किए गए हैं। डायगनोस्टिक्स प्रयोगों की एक श्रृंखला को क्रियान्वित किया गया है एवं तरल हीलियम वितरण तथा फीडर प्रणालियों के पुनरीक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है।

3. कई अन्य छोटे प्रयोगों द्वारा महत्वपूर्ण अनुसंधान परिणाम सामने आए हैं। एलवीपीडी प्रणाली में वायुमंडलीय प्लाज़्मा में एक नए आयताकार कैथोड के साथ ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन की हानि प्रक्रिया के साथ प्रयोग किए गए हैं। सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोग (एसवाईएमपीएलई) से एक 3MW, 3GHz, 5 माइक्रो-सेकण्ड के स्पंदित मॉडुलेटर को एकीकृत किया है तथा दीर्घकालीन परिसीमन प्रयोग किए गए हैं। प्लाज़्मा टॉर्च प्रयोग ने एक 85kW की उच्च शक्ति को प्रदर्शित किया है, साथ ही उच्च तापमान का सामना करने में सक्षम एक नये प्रोब को भी विकसित किया गया है।

4. एक जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिसीमन संलयन उपकरण, 40-60kV के निवेश वोल्टेज श्रृंखला में 13-27 μSv/घंटे का न्यूट्रॉन डोज दर उत्पादित करता है। आगे इसका लक्षण वर्णन किया जा रहा है। प्लाज़्मा सतह अंतःक्रिया प्रयोग के लिए एक चुंबकित प्लाज़्मा प्रयोग में 200kW के प्रचालन में अक्षीय क्षेत्र 0.45 टेस्ला में $10^{20}m^{-3}$ घनत्व को प्राप्त किया है।

5. स्टील पर 500 माइक्रोन के शुद्ध टंग्स्टन पदार्थ का लेपन 50mm x 30mm के सतह क्षेत्र पर किया गया (सहयोगी-एआरसीआई(हैदराबाद) और 1000-5000 चक्र सीमा पर समग्रता के लिए परीक्षण किया गया है।

6. टीबीएम गतिविधियाँ इंजीनियरिंग डिज़ाइन चरण में प्रवेश कर रही है और न्यूट्रॉन आकलन डाटाबेस को बनाया जा रहा है, वहीं टीबीएम की प्रथम दीवार मॉड्यूल के मॉक-अप को निर्माण प्रक्रिया (एचआईपी) और सामग्रियों (भारतीय आरएएफएम) आदि की योग्यता प्राप्त करने के लिए पूरा किया गया है।

7. हीलियम के साथ प्रचालन के लिए एक हीलियम गैस शोधक और क्रायोजेनिक प्लेट-फिन ऊष्मा विनियमक का विकास बड़े क्रायो संयंत्र विकास के एक भाग के रूप में चल रहा है।

8. रिएक्टर रिमोट हैंडलिंग उपकरण के विकास के तहत एक 25 किलोग्राम पेलोड की जोड़ी हुई बाँह का निर्माण किया गया है और उसका परीक्षण किया जा रहा है। 1 किलोग्राम क्षमता की ग्रिपर असेम्बली भी प्रगति पर है। एक कम लागत वाली आभासी वास्तविकता एकीकृत विकास प्रयोगशाला कमीशन की गई है, जो जटिल मशीनों के डिज़ाइन की समीक्षा में मदद करेगी।

9. कम (<1) इलेक्ट्रॉन से आयन अनुपात के लिए $27mA/cm^2$ का पुँज निष्कर्षण, ऋणात्मक आयन आधारित न्यूट्रल पुँज प्रयोग में प्राप्त किया गया है। यह स्रोत हाईड्रोजन के ऋणात्मक आयानों का उत्पादन करने के लिए सीशियम इंजेक्शन के साथ आरएफ प्लाज़्मा का उपयोग करता है।

10. लेज़र प्लाज़्मा अंत:क्रियाओं में संबंधित इलेक्ट्रॉनों के साथ आयनित क्लस्टर के अध्ययनों के लिए एक 3-D आण्विक गतिशील कोड को विकसित किया गया है। भविष्य के टोकामकों के संरचनात्मक एवं नाभिकीय डिज़ाइन से संबंधित डिज़ाइन के अध्ययन किये गये हैं।

औद्योगिक एवं सामाजिक अनुप्रयोगों में एफसीआईपीटी प्रभाग ने अनुप्रयोग के अभिनव क्षेत्रों में परीक्षण शुरू किये हैं:

- प्लाज़्मा के जैविक अनुप्रयोग में परीक्षण
- पीजी मेडिकल कॉलेज, कोलकता के सहयोग से प्लाज़्मा जेट आधारित फंगल उपचार पर प्रयोग किये जा रहे हैं।
- बीएआरसी के सहयोग से फेफड़ों की कैंसर कोशिकाओं के उपचार के लिए एक अलग प्रकार के प्लाज़्मा जेट का उपयोग किया जा रहा है।
- सीजीसीआरआई, कोलकता के सहयोग से हिप इम्प्लांट बॉल्स को टाइटेनियम नाइट्राइड से प्लाज़्मा लेपित किया गया है।
- प्लाज़्मा सक्रिय जल के सूक्ष्मजीव गुणों का अध्ययन गुजरात पर्यावरण प्रबंधन संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है और इसके प्रारंभिक परिणाम आशाजनक हैं।
- खाद्य पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक काऑक्सिजन अवरोध लेपन
- मानव-निर्मित वस्त्र के संसाधन के लिए मंत्रा, गांधीनगर के सहयोग से 2.5m चौड़े वायुमण्डलीय प्लाज़्मा स्तंभ का उपयोग।
- वायुमंडलीय दबाव CO_2 प्लाज़्मा का इस्तेमाल करके एनपीसीआईएल के पीएचडब्ल्यूआर की दबाव ट्यूबों में गांठदार जंग की वृद्धि का अध्ययन
- आकार में उत्कृष्ट नियंत्रण के साथ प्लाज़्मा आधारित नैनो-सामग्री उत्पादन, जिसका दवा उद्योग में संभावित उपयोग हो सकता है।
- गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में उद्योग के सहयोगी द्वारा प्लाज़्मा पाइरोलिसिस आधारित अपशिष्ट निपटान प्रणाली (150 किलोग्राम प्रति दिन) स्थापित की गई है।

संस्थान ने अन्य मुख्य सामर्थ्य के क्षेत्र जैसे अनुप्रयोग क्षेत्रों में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर विकास का भी उपयोग करना शुरू किया है। दो पहल अपने प्रारंभिक परीक्षणों में अच्छी संभावनाएँ दिखा रहे हैं।

टीएमसी, मुंबई के सहयोग से छाती के एक्स-रे में फेफड़ों की गांठों का स्वत: पता लगाने के लिए गहन अध्ययन

सॉफ्टवेयर का विकास। बीएआरसी के आण्विक जीवविज्ञान प्रभाग के लिए जैविक कोशिकाओं में प्रोटीन की स्थिति के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक छवि प्रसंस्करण उपकरण।

इटर भारत ने इटर आपूर्तियों के लिए तैयारियाँ एवं अनुसंधान व विकास में पर्याप्त प्रगति की है।

- निर्वात पात्र के 2 खण्डो के लिए भारतीय इन-वॉल शील्ड ब्लॉक सुपुर्द किये गये।
- क्रायोस्टेट बेस सैक्शन एवं निचले स्तरीय सिलेंडर, जिसमें कुछ 1500 टन स्टील का निर्माण होता है, इटर की साइट वर्कशॉप में पहुँच गया है और साइट पर अंतिम संयोजन शुरू हो गया है।
- शीतलन जल प्रणाली का बड़ा हिस्सा, जो पाइप के विभिन्न कार्य, बड़े हीट एक्सचेंजर्स, प्रेशराइज़र आदि से युक्त है, को इटर साइट पर भेज दिया गया है।
- परिसर की प्रयोगशाला में प्रोटोटाइप क्रायोलाइनों के सफल परीक्षण के बाद भारत और विदेश में विभिन्न स्थानों पर उत्पादन कार्य शुरू हो गया है।
- परिसर प्रयोगशाला में आईसीआरएफ प्रणाली के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्य में पूर्ण 1.5 MW, 2000 सेकण्ड का प्रचालन (मिलान और बेमेल भार के साथ) प्राप्त किया गया है।
- डीएनबी प्रणाली द्वारा उपयोग हेतु एक क्रायोपंप मॉड्यूल को विकसित किया गया है, जो अब परीक्षणों के दौर से गुजर रहा है।
- परिसर में 100kV की एचवी शक्ति आपूर्ति की कमीशनिंग और लक्षण वर्णन करने के अलावा ऐसी ही एक इकाई को न्यूट्रल बीम परीक्षण संयंत्र के लिए इटली को सुपुर्द किया गया है।
- एक फास्ट स्कैनिंग फूरियर ट्रांसफॉर्म स्पैक्ट्रोमीटर को प्राप्त किया गया है और प्रयोगशाला में अंतिम संयोजन का कार्य चल रहा है।

संस्थान के शैक्षणिक कार्यक्रम जैसे ग्रीष्मकालीन स्कूल(46 छात्र), तकनीकी प्रशिक्षण एवं डॉक्टरल कार्यक्रमों को (42 छात्र) हमेशा की तरह जारी रखा गया है। इस वर्ष के दौरान संस्थान की 88 अनुसंधान रिपोर्ट एवं 48 तकनीकी रिपोर्ट का प्रकाशन होने के अलावा 217 प्रकाशनों का पत्रिकाओं में प्रकाशन किया गया है।

निदेशक,
आईपीआर

वार्षिक प्रतिवेदन

अप्रेल 2016 से मार्च 2017 तक

वर्ष 1986 से यह संस्थान प्लाज़्मा भौतिकी अनुसंधान में द्रुत गति से बढ़ रही सुविधाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं कई फलित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों के साथ प्रगति कर रहा है। एक छोटे टोकामक प्रयोग एवं मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग से प्रारम्भ करके यह संस्थान नियंत्रित तापनाभिकीय संलयन के लिए आवश्यक सभी उपयुक्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी आवश्यकताओं में विशेषज्ञता प्राप्त कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (इटर) परियोजना में देश की प्रतिभागिता के माध्यम से विकसित प्रौद्योगिकियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा इस प्रकार विकसित प्रौद्योगिकियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं और देश को लाभ पहुंचाते हुए कई अन्य सामाजिक समस्याओं के लिए उपयोग में लायी जा रही हैं।

अध्याय

A. वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश.....01

B. इटर-भारत की गतिविधियाँ.....30

C. शैक्षिक कार्यक्रम.....37

D. तकनीकी सेवाएँ.....37

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति.....39

अध्याय A

वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश

A.1 मौलिक प्लाज़्मा भौतिकी 02

A.2 प्रौद्योगिकी विकास.....13

A.3 प्रौद्योगिकी के सामाजिक लाभ.....22

A.4 सैद्धान्तिक, मॉडलिंग एवं संगणनात्मक
प्लाज़्मा भौतिकी 25

A.1. मौलिक प्लाज़्मा भौतिकी

ठोस, तरल और गैस के बाद पदार्थ की चौथी अवस्था प्लाज़्मा का विभिन्न स्थितियों में अध्ययन किया जा रहा है, ताकि मानव जाति के लिए इसके उपयोगों का पता लगाया जा सकें। यहाँ पर इसका बहुत ही छोटे पैमाने पर प्रयोगशाला प्रयोगों में अध्ययन किया जा रहा है और साथ ही टोकामक अभिविन्यासों में थोड़े बड़े पैमाने पर अध्ययन किया जा रहा है।

A.1.1 मौलिक प्रयोग

टोरोइडल असेम्बली में मौलिक प्रयोग 02
बृहद आयतन प्लाज़्मा युक्ति 02
सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए प्रणाली (एसवाईएमपीएलई).....05
नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा प्रयोग.....05
प्लाज़्मा टॉर्च गतिविधियाँ 06
कम ऊर्जा वाले आयन एवं न्यूट्रल कणपुँजों की सतहों के साथ अंत:क्रिया 06
मल्टी-कस्प प्लाज़्मा युक्ति.....06
जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिरोध संलयन (आईईसीएफ) उपकरण 06
ऋणात्मक आयन स्रोत पर अध्ययन 07
एक हेलिकन स्रोत में आयन-आयन प्लाज़्मा के प्रयोग 07
प्लाज़्मा सतह अंत:क्रिया के लिए सीपीपी-आईपीआर के चुंबकित प्लाज़्मा प्रयोग(सीआईएमपीएलई-पीएसआई)08

A.1.2 आदित्य टोकामक 08
A.1.3 स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामक 11

A.1.1 मौलिक प्रयोग

टोरोइडल असेम्बली में मौलिक प्रयोग (बीटा)

एक साधारण टोरोइडल उपकरण जैसे कि बीटा में, प्लाज़्मा के प्रालेख एवं गुण, टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र टोपोलोजी पर निर्भर करते हैं। उदाहरण के लिए, टोरोइडल कनेक्शन लंबाई मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉन गतिशीलता की ऐडियाबेटिक या नॉन-एडियाबेटिक प्रकृति को नियंत्रित करती है, जिससे अस्थिरता, उतार-चढ़ाव और परिवहन की प्रकृति नियंत्रित होती है, जो बाद में प्लाज़्मा माध्यम प्रालेखों को नियंत्रित करती है। हाल ही में चुंबकीय क्षेत्र Bv के बाह्य ऊर्ध्वाधर घटक को प्रयुक्त कर, जहाँ Bv टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र BT के 2% के क्रम का है, माध्यम समानांतर कनेक्शन लंबाई Lc को नियंत्रित करके बीटा में व्यापक प्रयोग किए गए हैं।दिलचस्प बात यह है कि लगभग बंद क्षेत्र लाइनों के लिए जो Lc के बड़े मूल्यों की विशेषता है, को बांसुरी जैसे सुसंगत रूप में प्रबल होते हुए पाया गया है और यह बड़े पोलोइडल प्रवाहों के साथ है। Lc के छोटे मूल्यों के लिए, उच्च क्षेत्र की ओर के औसत घनत्व में वृद्धि देखी गई है और शुद्ध पोलोइडल प्रवाह कम होता है, जबकि अस्थिरता वाले वर्णक्रम में एक अशांत ब्रॉड बैंड देखा गया है। बड़े से छोटे मूल्यों तक Lc के क्रमिक रुपांतर पर औसत प्लाज़्मा क्षमता और घनत्व प्रालेख, उतार-चढ़ाव एवं पोलोइडल प्रवाहों में निरंतर परिवर्तन यह दर्शाते हैं कि बीटा में Lc, प्रवाह और उतार-चढ़ाव के बीच एक मजबूत संबंध मौजूद है। मापा गया शुद्ध प्रवाह Bv की दिशा से स्वतंत्र पाया गया, लेकिन प्रवाह के परिमाण में एक विषमता पायी गयी है। औसत प्रवाह, अस्थिरता से प्रवाह और शुद्ध प्रवाह के बीच पाया गया और असंतुलन अभी भी स्पष्ट नहीं है। अंत में BT एवं Bv दोनों के भिन्न व्यापक प्रयोग होते हैं, लेकिन अनुपात मूल्यों को स्थिर रखते हुए प्रयोग निष्पादित किये गये हैं। एक पांडुलिपि तैयार की जा रही है। वर्तमान में कण परिसीमन समय को प्रयोगात्मक रूप से मापने के साथ सामूहिक स्केलिंग के लिए कार्य चल रहा है।

बृहद आयतन प्लाज़्मा यंत्र (एलवीपीडी)

एलवीपीडी ने मुख्य रुप से तीन प्रमुख मोर्चों पर प्रगति की है, नामत: i) प्रायोगिक जांच के लिए a) इलेक्ट्रॉन तापमान ढ़ाल (ईटीजी) विक्षोभ जिसकी प्रासंगिकता संलयन उपकरणों में प्लाज़्मा हानि और प्लाज़्मा परिवहन से है, b) ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों के नुकसान के भौतिक तंत्र को समझना, ii) उपकरण के परिचालन के लिए इसको पूर्ण स्वचालन के



चित्र A.1.1 योजनाबद्ध रूप a) एलवीपीडी प्रायोगिक प्रणाली एवं b) आयताकार स्रोत फलन का अनुप्रस्थ-काट दृश्य

प्राप्त करने का प्रयास और iii) नैदानिकी के विकास।

(i) प्रायोगिक जांच

(a) इलेक्ट्रॉन तापमान ढ़ाल (ईटीजी) विक्षोभ के पृष्ठभूमि में कण परिवहन: विक्षोभ प्रेरित प्लाज़्मा परिवहन, प्रयोगशाला, अंतरिक्ष और खगोल भौतिकी प्रणालियों में देखी गई एक परिघटना है। चित्र A.1.1 योजनाबद्ध रूप दर्शाता हैं: a) एलवीपीडी की प्रयोगिक प्रणाली एवं b) आयताकार स्रोत फलन दर्शाता अनुप्रस्थ काट दृश्य। एलवीपीडी के



चित्र A.1.2 ईईएफ सोलेनोएड का अनुकरित एक समान चुंबकीय क्षेत्र परिवेश युग्मित चुंबकीय क्षेत्र दर्शाता है

लक्ष्य प्लाज़्मा में ईटीजी विक्षोभ को सफलतापूर्वक स्थापित किया है और उसके माप को पारंपरिक नैदानिक उपकरणों के माप के दायरे में लाया गया है। कोर लक्ष्य प्लाज़्मा में विक्षोभ का अंतर्निहित स्रोत के रुप में इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता से संचालित मोड़ के रूप में स्थापित किया गया है। इलेक्ट्रॉन ऊर्जा फिल्टर की सहायता से अनुक्रमिक चुबंकीय क्षेत्र का उपयोग कर ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों से मुक्त लक्ष्य क्षेत्र बनाकर यह सुनिश्चित किया जाता है (चित्र संख्या 1.1 देंखें)। फेज़ वेग, घनत्व और विभव में उतार-चढ़ाव के बीच संबंध और शक्ति स्पेक्ट्रा यह पुष्टि करता है कि एलवीपीडी में दर्शाया गया विक्षोभ ईटीजी द्वारा संचालित है।

(b) *ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन ह्रास में शामिल भौतिक प्रक्रियाओं को समझना:* फिलामेंटरी स्रोत से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों के प्रत्यक्ष त्वरण के कारण इन इलेक्ट्रॉनों को एलवीपीडी में बड़ी संख्या में उत्पादित किया जाता है। ईईएफ (Bx = 150 गॉस) के अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र ईईएफ के आसपास में अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र (Bz=6.2 गॉस) को बदल देता है। चित्र A.1.2, ईईएफ के युग्मित चुंबकीय क्षेत्र को दर्शाता है। ईईएफ के चुंबकीय क्षेत्र ने चुंबकीय दर्पण का रूप दिया है। स्रोत प्लाज़्मा में अधिकतम प्रवाहमान विभव का माप (ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति) विभिन्न अक्षीय स्थानों पर किया गया। ऐसा लगता है कि तंतुओं से उत्सर्जित सबसे ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन ईईएफ में लुप्त हो गये हैं, जबकि स्रोत क्षेत्र में आयनीकरण और न्यूट्रॉन उत्तेजित होते हैं। यह पाया गया कि बाएँ आधे पक्ष में केवल ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन चुंबकीय दर्पण से स्रोत प्लाज़्मा की ओर प्रतिबिंबित करते हैं और इन इलेक्ट्रॉनों का वेग वितरण लॉस कोन के साथ होना चाहिए। यह देखा गया कि बदलते संकेतों से विभिन्न आवृत्तियों पर प्रावस्था का आकलन करके प्राप्त ध्रुविरिण कोण, वृत्ताकार रुप से ध्रुविकृत नहीं है। इससे यह अनुमान लगाया है कि ध्रुवीकरण अण्डाकार हो सकता है। ठंडे प्लाज़्मा के अनुमान अनुसार यह एलवीपीडी उपकरण और प्लाज़्मा प्राचलनों के लिए अत्यधिक तिरछे कोण (थीटा=89 डिग्री) पर 10KHz -70 KHz आवृत्ति की विस्लर तरंग के कारण है। एलवीपीडी स्रोत प्लाज़्मा में ये अवलोकन क्यूएल की समानताएं हो सकती हैं, जब मेग्नेटोपॉज के निकट के ग्रहों के बीच का चुंबकीय क्षेत्र दक्षिण की ओर जाता है। यह रीकनेक्शन प्रक्रिया को ट्रिगर करता है जो सोलर दमक से निकले ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों को पृथ्वी के चुंबक मंडल में सौर्य पवन के साथ यात्रा कराता है। ध्रुव के इलेक्ट्रॉन प्रवाह पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में फँस जाते हैं और लॉसकोन विक्षोभ को पैदा करता है, जो कि क्युएल विस्लर के रूप में देखा गया है।

ii) पूर्ण मशीन स्वचालन: लैब व्यू ग्राफिकल डेवलप्मेंट प्लेटफॉर्म पर 40 चैनल पीएक्स आई आधारित डाटा अधिग्रहण प्रणाली को बढ़ाने के लिए, सॉफ्टवेयर को वस्तु-उन्मुख सॉफ्टवेयर अभियांत्रिकी सिद्धांत और आर्किटेक्चर को अनुकूलित करने के लिए बढ़ाया गया है। उन्नत क्षमताओं के लिए एमसीएस को प्रणाली स्वचलन सॉफ्टवेयर को

चित्र A.1.3 स्पंदित मॉडुलेटर एवं एचपीएम युग्मन घटकों के साथ एकीकृत मैग्नेट्रॉन प्रणाली

विकसित किया गया है। वर्तमान में प्रणाली स्वचालन सॉफ्टवेयर उच्च धारा फिलामेंट विद्युत आपूर्ति (10kA/20V) और 12 नग प्रोब स्थिति निर्धारण तंत्र, यह स्टेपर मोटर और ड्राइव आधारित रैखिक पोज़िशनिंग तंत्र, लंबाई ~100 सेंटीमीटर) को शामिल करता है और चार तार से जुड़ा हुआ RS485 है जो कि मानक मोडबस संचार प्रोटोकॉल का इस्तेमाल करके अंतरापृष्ठ है। मशीन में प्रोब के अनुक्रमिक स्थिति से 12 प्रोब के स्थिति को एक साथ शामिल करने के लिए सॉफ्टवेयर को उन्नत किया गया है।



चित्र A.1.4 टीएम विधि में बीडब्ल्यूओ से एचपीएम आउटपुट स्थापित करता हुए नियोन बल्ब ग्लो पैटर्न

iii) नैदानिक विकास: इस अशांत ऊर्जा कण प्रवाह मापन के लिए विकास कार्य किया है। इसके लिए तापमान और पोलाइडल वेग उतार-चढ़ाव के वास्तविक समय नमूना चयन की आवश्यकता है। स्पंदित प्लाज़्मा जांच के लिए डबल और ट्रिपल प्रोब के उपयोग से तापमान का माप किया गया है जो कि अंशांकित किया गया है। ऊर्जा प्रवाह माप के लिए नैदानिकी उपकरण के रुप में इसे कार्यरत करने पर अंतिम कार्य चल रहा है एवं जल्द ही ऊर्जा प्रवाह माप के लिए इस नैदानिकी का उपयोग किया जाएगा।

सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए प्रणाली (एसवाईएमपीएलई)

3MW, 3GHz, स्पंदित (5 माइक्रोसेकण्ड) मैग्नेट्रॉन वाले एक स्पंदित मॉडुलेटर को ड्राइवर और युग्मन घटकों (सर्कुलेटर, परिवर्ती एट्टेनुएटर, दिशात्मक युग्मक, डमी लोड, ट्यूनर आदि) के साथ एकीकृत किया गया है। प्रणाली को अपेक्षित स्पंदित मॉडुलेटर आउटपुट (50 kV, 100 kA) एवं उच्च शक्ति सूक्ष्मतरंग आउटपुट के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। आईपीआर और बीएआरसी के संयुक्त प्रयास के रूप में बीएआरसी में विकसित पीछे के तरंग दोलक का एचपीएम आउटपुट विशेषताओं के लिए परीक्षण किया गया है। बीडब्ल्यूओ ट्यूब को केएएलआई-स्पंदित शक्ति ड्राइवर के साथ एकीकृत करने से यह लगभग 500 MW एचपीएम शक्ति प्रदान करता है। चित्र A.1.4 नियोन बल्ब ग्लो पैटर्न में टीएम मोड में एचपीएम शक्ति की प्राप्ति सुनिश्चित करता हुआ दर्शाता है।

नॉन-न्युट्रल प्लाज़्मा प्रयोग

डिज़ाइन एवं विकास संबंधी कार्य: प्लाज़्मा की बेहतर जांच करने और टीएफ के लिए मोटे कंडक्टरों को समायोजित करने के लिए ट्रेप घटकों और आंतरिक बोर की फिर से डिज़ाइन, निर्माण और स्थापना की गई। आउटगैसिंग और सतत निर्वात के लिए पात्र की आंतरिक सतह को अच्छी तरह पॉलिश किया गया है। पंपिंग लाईन को स्थिरता और मजबूती के लिए एक नए डिज़ाइन और निर्मित ढ़ाँचे पर लगाया गया। करीबन 3 सेकंड की समय अवधि के लिए टीएफ कॉइल को 1.2 किलोगॉस की टोरोइडल चुंबकीय प्रेरण उत्पादन के लिए उन्नत किया गया है। डाटा अधिग्रहण और नियंत्रण प्रणाली के लिए संरक्षण सर्किटों का विकास और परीक्षण किया गया है। प्रयोगात्मक डाटा के विस्तृत विश्लेषण के लिए जाँच आधारित डाटा प्रबंधन प्रणाली को विकसित किया गया है और वर्तमान में इसका कठिन परीक्षण जारी हैं। एक परीक्षण प्लाज़्मा को बनाया गया और डायोकोट्रोन दोलनों को पात्र कंडीशनिंग और सुधार किए गए ट्रेप घटकों की स्थापना के पश्चात् देखा गया है।



चित्र A.1.5 वायुमंडलीय दबाव डीसी गैर-स्थानांतरित प्लाज़्मा टॉर्च में नाइट्रोजन प्लाज़्मा कॉलम के घूर्णन को दर्शाती आखिर सिरे तक की छवियाँ जिन्हें बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में फास्ट कैमरे से लिया गया

प्रयोग: लंबी अवधि के परिसीमन प्रयोगों को किया गया। प्रणाली में इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा चुंबकीय पंपिंग परिवहन तक पहुंच जाता है। आकृति का पता लगाते एल्गोरिथम पर आधारित दो धारिता जांच संकेतों के अनुपात से इलेक्ट्रॉन प्रभार के त्रिज्य विस्थापन को प्राप्त करने के प्रयास किए गए हैं

प्लाज़्मा टॉर्च की गतिविधियाँ

प्लाज़्मा टॉर्च के स्थिर-अवस्था प्रचालन का प्रदर्शन 85 kW पर किया गया था। एक नये एन्थैल्पी प्रोब को विकसित किया गया है जो प्लाज़्मा प्लूम से मुखित वेल्डिंग/ब्रेजिंग जोड़ों की संभावना को दूर करता है और अत्यधिक प्लाज़्मा तापमान को सहन कर सकता है। प्लाज़्मा टॉर्च का कंप्यूटर मॉडल उच्च निष्पादन क्लस्टर मशीन पर सफलतापूर्वक चलता है। प्लाज़्मा में अधिक वास्तविक सीमा स्थितियों और धात्विक वाष्प की भूमिका को सम्मिलित करने के लिए इस मॉडल को उन्नत किया गया है। परिणामों को काफी हद तक प्रयोगों के साथ मिलान करने के लिए दिखाया गया था। आधारभूत अध्ययनों में तेज प्रतिबिंबन तकनीकों (चित्र A.1.5 देखें) का इस्तेमाल करके प्लाज़्मा के गतिशील व्यवहार की जांच सम्मिलित है, जहाँ बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका, आर्क गतिशीलता पर निर्वहन धारा एवं गैस प्रवाह को चित्रित किया गया है। दूसरे प्रयोग में प्लाज़्मा टॉर्च क्षमता पर द्रव गतिकी विन्यासों की भूमिका की भी जांच की गई है।

कम ऊर्जा आयन तथा अनावेशी पुँजों की सतहों के साथ अंतर्क्रिया

धातु की सतहों के साथ निम्न ऊर्जा आयनों की अंतर्क्रिया का अध्ययन करने के लिए एक प्रायोगिक सेट अप उपलब्ध है जो 26 मि.मी. व्यास के उच्च घनत्व प्लाज़्मा पुँज (10^{13} से.मी.$^{-3}$) का उपयोग करता है। 800 W स्पंदित माइक्रोवेव (आवृत्ति=100 Hz, ड्यूटी चक्र = 10%) तथा एक जोड़ी विद्युत चुम्बकों (हेल्महोल्ट्ज़ कुंडलियो) द्वारा निर्मित 800 गॉस के चुम्बकीय क्षेत्र की सहायता से प्लाज़्मा उत्पन्न होता है। इस प्लाज़्मा स्रोत को उच्च घनत्व प्लाज़्मा की अंतर्क्रिया का अध्ययन करने तथा धातु सतहों के साथ अनावेशी पुँजों की अंतर्क्रिया का अध्ययन करने के दोहरे उद्देश्य से बनाया गया था। एक अनावेशी पुँज उत्पन्न करने के लिए एक परावर्तन प्लेट को प्लाज़्मा पुँज के पथ में अपने अक्ष के 45^0 पर रखा गया है। अनावेशी पुँजों को चित्रित करने के लिए एक माइक्रो चैनल प्लेट (एमसीपी) फास्फोट स्क्रीन आधारित निम्न ऊर्जा (1-100eV) अनावेशी पुँज अवलोकन प्रणाली खरीदी गयी है। यह प्रणाली सिर्फ $5x10^{-6}$ मि. बार से कम दाब क्षेत्र में काम कर सकती है जो हो। इसके लिए एक विशेष पंपिंग तंत्र की आवश्यकता होती है जो इस क्षेत्र में दाब को कम रख सके जबकि मुख्य प्लाज़्मा स्रोत में दाब लगभग 400 गुना अधिक होता है। अति उच्च निर्वात (यूएचवी) प्रकोष्ठ जिसमें अनावेशी पुँज अवलोकन प्रणाली को रखा जाएगा तथा जो टर्बो तथा सूखे स्क्रोल पंपों का उपयोग करता है, पहले से ही बनाया जा चुका है तथा अंतिम दाब ($6x10^{-8}$मि. बार) और अंतर पंपिंग तंत्र के लिए इसका परीक्षण भी किया जा चुका है। वर्तमान में हम इस अनावेशी पुँज अवलोकन प्रणाली को यूएचवी प्रकोष्ठ में एकत्र कर रहे हैं। निकट भविष्य में हम न सिर्फ अनावेशी पुँजों को चित्रित करेंगे, बल्कि एक आयनाइज़र-कम मास स्पेक्ट्रोमीटर की सहायता से उसकी खोज भी करेंगे तथा एक ऊर्जा विश्लेषक जोड़ कर उसका अभिवाह भी निश्चित करेंगे।

मल्टी-कस्प प्लाज़्मा युक्ति

आयनाइज़र प्लेट के लिए एक नये डिज़ाइन का पता लगाया जा रहा है, जबकि सीशियम ओवन के डिज़ाइन को ऋणात्मक आयन स्रोत प्रयोगों में इस्तेमाल होने वाले सीशियम सामग्री के माध्यम से प्राप्त अलग-अलग अनुभवों से संशोधित किया जा रहा है। फिलामेंट्री स्रोतों से उत्पादित आर्गन प्लाज़्मा ने अक्ष से 6 cm की दूरी पर बहुत शांत प्रकृति को स्थापित किया है, जबकि 6 cm से आगे विभिन्न उतार-चढ़ावों को दर्ज किया गया है। चुंबकीय क्षेत्र प्रवणता एवं विभिन्न क्षेत्र मूल्यों से संबंधित भिन्नताओं के साथ इन उतार-चढ़ावों का विस्तृत रूप में अध्ययन किया जा रहा है। इन कार्यों के प्रकाशन के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिसीमन संलयन (आईईसीएफ) युक्ति

सीपीपी-आईपीआर में एक बेलनाकार आईईसीएफ चैम्बर को संस्थापित किया गया है। गरम या ठंडे कैथोड निर्वहनों का इस्तेमाल करके इसमें



चित्र A.1.6 ग्लो डिस्चार्ज प्लाज़्मा को दर्शाती जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिसीमन संलयन युक्ति



चित्र A.1.7 बबल संसूचक का इस्तेमाल करके आईईसीएफ युक्ति से न्यूट्रॉनों का संसूचन

ड्यूटेरियम प्लाज़्मा को उत्पादित किया जा रहा है (चित्र A.1.6)। ड्यूटेरियम प्लाज़्मा में 20kV से अधिक वोल्टेज का प्रयोग करके इस युक्ति से संलयन न्यूट्रॉनों को उत्पन्न किया है। एचवीपीएस (200 kV, 80 mA) का इस्तेमाल करके आईईसीएफ युक्ति के केन्द्रीय ग्रिड में उच्च वोल्टेज को प्रयुक्त किया है। आईईसीएफ युक्ति से न्यूट्रॉन उत्सर्जन को जांचने के लिए न्यूट्रॉन क्षेत्र मॉनिटर का इस्तेमाल करके प्रयोग किये गये हैं। क्षेत्र मॉनिटर में संसूचक मूलत: मॉडरेटर के रूप में पॉलिथीलिन एवं बोरोन प्लास्टिक के साथ एक He-3 आनुपातिक, अंत:स्थापित होता है। न्यूट्रॉन क्षेत्र मॉनिटर को आईईसीएफ चैम्बर से 1.5 m की दूरी पर रखा गया था। डोज दर लगभग 8.861 μSv/hr को प्राप्त किया गया है। एक बबल संसूचक (बीडी-पीएनडी) का भी इस्तेमाल करके इसकी पुष्टि की गई है, जिससे 10 s के लिए 40kV वोल्टेज के लिए 13 μSv के न्यूट्रॉन डोज के अनुरूप 13 बबल को दर्ज किया है। वोल्टेज को 60kV तक और बढ़ाने पर अधिकतम न्यूट्रॉन डोज़ दर 27 μSv/hr को भी प्राप्त किया गया है।

ऋणात्मक आयन स्रोत पर अध्ययन

एक परंपरागत विशालकाय ऋणात्मक आयन स्रोत में अन्य किसी ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों के बिना लगभग1eV के बहुत कम तापमान वाले प्लाज़्मा की आवश्यकता होती है, क्योंकि कम ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉनों से एक न्यूट्रल हाईड्रोजन परमाणु के संयोजन से ऋणात्मक आयनों का उत्पादन किया जाता है। इस प्रकार के कम तापमान वाले प्लाज़्मा को सामन्यत: प्लाज़्मा उत्पादित फिलामेंटों का इस्तेमाल करके उच्च ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों को फिल्टर से रोककर, चुंबकीय फिल्टरिंग द्वारा निर्मित किया जाता है। फिल्टरिंग प्रक्रिया कई प्रक्रियाओं से प्रभावित होती है, जिसे समझने की आवश्यकता है। इन प्रभावशाली परिघटनाओं का अध्ययन करने के लिए एक प्रयोगात्मक युक्ति को निर्मित किया गया है।



चित्र A.1.8 HeliPS प्रणाली में उत्पादित आर्गन प्लाज़्मा

आवेशित कणों के प्रतिचुंबकीय प्रवाह को प्रभावित करके अनुप्रस्थ क्षेत्र प्रसार पर प्रभाव: यह प्रयोगात्मक सेटअप स्रोत एवं लक्ष्य क्षेत्रों के लिए दो एक सामन मल्टी-कस्प चुंबकीय पिंजरों से युक्त है, जिसमें प्रत्येक की लंबाई 0.32 m एवं व्यास 0.25 m है। चुंबकीय चैनलों (N-S) को एक अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र (टीएमएफ) निर्मित करने के लिए एक दूसरे से अलग रखा जाता है। पांच टंग्स्टन फिलामेंटों का इस्तेमाल स्रोत क्षेत्र में किया गया है, ताकि एक डिस्चार्ज वोल्टेज =80 V पर, ~ 5 x 10^{-4} mbar के कार्यकारी दबाव पर हाईड्रोजन प्लाज़्मा का उत्पादन किया जा सके। दो स्टेनलेस स्टील की प्लेटों (पी1 एवं पी2) को 80 V तक अभिनित किया है। प्लेटों के बीच विद्युत क्षेत्र, एक विन्यास में प्रतिबंधित करता है, जबकि विपरित विन्यास में आवेशित कण को स्रोत से लक्ष्य क्षेत्र में गति करने की सुविधा देता है। यह पाया गया कि चुंबकीय फिल्टर में प्रतिचुंबकीय प्रवाह के प्रभाव से प्लाज़्मा का प्रसार परिवर्ति हो सकता है।

लेज़र प्रकाशिक पृथक्करण संकेत का इस्तेमाल करके ऋणात्मक आयन घनत्व का मापन: लेज़र (Nd YAG, 1064 nm ~ 70 mJ) प्रकाशिक पृथक्करण सेटअप का इस्तेमाल करके ऋणात्मक आयन घनत्व को मापा गया है। लेज़र पुंज को कई दर्पणों से प्रतिबिंबित किया जाता है ताकि लैंग्म्यूर प्रोब टिप जो अभिनत रखी गई है, के ठीक विपरित लक्ष्य क्षेत्र के भीतर आपतित हो सके। प्रकाशिक पृथक्करण संकेत को बाद में दोलनदर्शी में संग्रहित किया जाता है। दोलनदर्शी संकेतों के प्रारंभिक प्रयोग एवं विश्लेषण निर्वहन धारा 1 A (n_e = 0.9 x 10^{15} m^{-3}) पर लक्ष्य क्षेत्र में ~ 3x10^{13} m^{-3} का ऋणात्मक आयन घनत्व दर्शाते हैं।

एक हेलिकन स्रोत में आयन-आयन प्लाज़्मा के प्रयोग

सीपीपी-आईपीआर में एक हेलिकन प्लाज़्मा प्रणाली को डिजाइन

एवं विकसित किया गया है, जिसका प्रयोग विद्युतऋणात्मक गैसों का इस्तेमाल करके आयन-आयन प्लाज्मा के उत्पादन एवं प्रयोग के लिए किया जाएगा। पूरी चैम्बर प्रणाली (स्टेनलैस स्टील + ग्लास) को रोटरी पंप द्वारा समर्थित टर्बोमॉलिक्युलर पंप (1000 1/s) का इस्तेमाल करके पंप किया गया और आधार दबाव $8.5x10^{-6}$ mbar तक प्राप्त किया गया है। छः सोलेनोएड चुंबकों को बनाया गया और परीक्षण के बाद चैम्बर के अक्ष के साथ संस्थापित किया गया है। हेलिकन प्लाज़्मा प्रणाली में सुमेलित नेटवर्क के साथ 13.56 MHz और 3 kW RF शक्ति का रेडियो आवृत्ति जनरेटर संस्थापित किया गया था। चित्र A.1.8 कार्यकारी दबाव 10^{-3} mbar, आरएफ शक्ति 100 W और 300 गॉस पर B क्षेत्र द्वारा उत्पादित आर्गन प्लाज़्मा को दर्शाता है। योजना के अनुसार आगे के अध्ययन किये जा रहे हैं।

प्लाज़्मा सतह अंतःक्रिया (सीआईएम पीएलई-पीएसआई) के लिए सीपीपी-आईपीआर के चुंबकित प्लाज़्मा प्रयोग

इटर से संबंधित प्लाज़्मा सतह अंतःक्रिया (पीएसआई) के अध्ययनों के लिए विकसित यह एक रैखिक चुंबकीत टोकामक डायवर्टर सिमुलेटर प्रणाली है। यह प्रणाली प्लाज़्मा जेट के निर्माण के लिए एक खंड वाले आर्क स्रोत का इस्तेमाल करती है, जो जल शीतलित विद्युतचुंबक से निर्मित एक अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र (0.45 टेस्ला) द्वारा संधानित कणपुंज के भीतर सीमित है। कुल 14,000 m^3/h की क्षमता वाले चार मूल निर्वात पंप, अंतरीय पंपिंग ज्यामिति के माध्यम से प्लाज़्मा पदार्थ के अंतःक्रिया क्षेत्र के पास कुछ पास्कल दबाव सुनिश्चित करता है। $1.4 x10^{20}$ m^{-3} प्लाज़्मा घनत्व और 1-2.7 eV की श्रृंखला में तापमान के साथ 200 kW शक्ति प्रचालन पर आयन और ऊष्मा प्रवाह प्राचलों को $0.4X10^{24}$ $m^{-2}s^{-1}$ और 6.9 MW/m^2 तक क्रमशः आकलित किया गया है। स्थिति परिवर्तक लैंग्म्यूर प्रोब प्रणाली एवं विभिन्न आकार के जल कैलोरीमिटरों का समावेश करके डायग्नॉस्टिक्स क्षमता को बढ़ा दिया गया है। इस युक्ति को ईएलएम जैसे लेज़र स्पंदों का एकीकरण करके बढ़ाया जाएगा, परिणामस्वरूप यह एक विशिष्ट प्रणाली का रूप लेगा, जिससे स्थिर-अवस्था प्लाज़्मा एवं क्षणिक ऊष्मा स्पंदों की सहक्रिया को समझने में मदद मिलेगी।

A.1.2 आदित्य टोकामक

मशीन की स्थिति: आदित्य टोकामक ($R0 = 75$ cm, $a = 25$ cm) जिसका सीमक विन्यास है, को डायवर्टर विन्यास टोकामक में उन्नत किया गया है। यह एक गोलाकार प्लाज़्मा का उत्पादन करने के लिए अभिकल्पित किया गया है, जिसकी प्लाज़्मा धारा ~ 150 - 250kA, प्लाज़्मा अवधि इलेक्ट्रॉन घनत्व के साथ ~ 250 - 300 ms तापमान



चित्र A.1.9 पंपिंग लाइनों और विभिन्न उप-प्रणालियों के संस्थापन के बाद आदित्य अपग्रेड का ऊपरी दृश्य





चित्र A.1.10 बाएं: पंपिंग लाइनों के साथ विभिन्न डायग्नॉस्टिक्स के पोर्ट आवंटन का ऊपरी दृश्य दाएं: प्रारूपी आदित्य अपग्रेड डिस्चार्ज की छवि (#30360)

क्रमश: 3 - 5 x 10^{19} m^{-3} एवं 500 eV - 1000 eV की रेंज में हो। इसके अतिरिक्त, इसे ~ 100 - 150 kA की प्लाज़्मा धारा, ~1.1 - 1.2 के इलोन्गेशन (k) एवं ~ 0.45 त्रिभुज के आकार वाले प्लाज़्मा को प्राप्त करने के लिए अभिकल्पित किया गया है। इस रिपोर्ट अवधि के दौरान आदित्य अपग्रेड मशीन की सफलतापूर्वक कमीशनिंग एवं एकीकृत शक्ति परीक्षण के बाद, आदित्य अपग्रेड में प्रथम प्लाज़्मा निर्वहन को प्राप्त करने के लिए विभिन्न उप-प्रणालियों के संस्थापन पर ध्यान दिया गया है। चित्र A.1.9 में प्रचालन के लिए तैयार आदित्य अपग्रेड टोकामक को पंप, नैदानिकी एवं अन्य गौण उपप्रणालियों के साथ दर्शाया गया है। दो टर्बो मॉलिक्यूलर पंपों एवं दो क्रायो पंपों को निर्वात पात्र पर संस्थापित किया गया है। पात्र एवं भीतरी-पात्र घटकों का कुल गैस भार, ग्लोबल लीक दर से जनरेट करके कुल बहिर्गेसन दर एवं पारगमन से जनित ~10^{-6} mbar.litre/s को अंतिम निर्वात ~10^{-9} mbar प्राप्त करने के लिए बनाए रखा है। चुंबकीय नैदानिकियाँ जैसे कि फ्लक्स लूप, चुंबकीय प्रोब (मिरनोव कॉयलों) की दो पोलोइडल श्रृंखलाएँ, प्लाज़्मा स्थिति मापने के लिए प्रति-चुंबकीय लूप, चार आंतरिक रोगोस्की कॉयलों को आदिय अपग्रेड में संस्थापित किया गया है। चुंबकीय नैदानिकियों के अलावा स्पैक्ट्रोस्कोपिक, सूक्ष्मतरंग एवं अन्य नैदानिकियाँ जैसे की सॉफ्ट एवं हार्ड एक्स-रे संसूचकों, बोलोमीटर्स, विद्युत प्रोब को आदित्य अपग्रेड टोकामक में प्लाज़्मा प्रचालन के प्रथम चरण के लिए संस्थापित किया गया है। निर्वात पात्र पर विभिन्न नैदानिकी के स्थान को चित्र A.1.10 में दर्शाया गया है। विभिन्न नैदानिकी प्रणालियों से एकत्रित किये गये डाटा को रिकॉर्ड करने के लिए पीएक्सआई आधारित एवं आईपीआर-इलेक्ट्रॉनिक ग्रूप द्वारा विकसित डाटा अधिग्रहण प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। टोकामक हॉल में रखी हुई प्रणालियों और शक्ति आपूर्तियों के बीच सुचारू रूप से संचार की सुविधा प्रदान करने के लिए एक ऑप्टिकल फाइबर आधारित ट्रिगर ट्रांसमीटर्स एवं रिसिवर्स प्रणाली को प्रोग्रामेबल डिले सेटिंग के साथ अभिकल्पित, विकसित एवं आदित्य अपग्रेड में संस्थापित किया गया है। डाटा को सर्वर में स्थानांतरित करन के बाद यह आईपीआर-इंट्रानेट पर उपलब्ध होता है। मैटलैब/एमडीएसप्लस/अन्य विश्लेषण सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके इस डाटा को सुधारा एवं विश्लेषित किया जा सकता है।

प्लाज़्मा मुखित घटक: प्रथम चरण के संचालन में ग्रेफाइट से बनी इनबोर्ड की टोरोइडल रिंग सीमक का इस्तेमाल करके प्लाज़्मा सीमा का गठन किया गया है। टोरोइडल रिंग सीमक के अलावा प्रचालन के प्रथम चरण में पात्र के पोलोइडल परिधि के 1/4 पोलोइडल सीमा से एक विशेष टोरोइडल स्थान पर संस्थापित एक बाहरी सीमक ऐसेम्बली मौजूद है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा सीमक की एक जोड़ी जो ग्रेफाइट टाइलों की पोलोइडल रिंग है, को पात्र के भीतर टोरोइडल रूप से सममित स्थानों पर रखा गया है। डायवर्टर प्लेटों को प्रचालनों के दूसरे चरण में संस्थापित किया जाएगा।

त्रुटि क्षेत्र मापन एवं अनुकरण के अध्ययन: त्रुटि चुंबकीय क्षेत्र, निर्वात पात्र के भीतर ट्रांसफॉर्मर (ओमीक) कॉयलों के करण चुंबकीय क्षेत्रों के अवांछित Br एवं Bz के घटकों को त्रिज्या R एवं ऊँचाई Z के फलन के रूप में 2 विभिन्न टोरोइडल स्थानों पर मापा गया है। यह पाया गया कि पहले की आदित्य मशीन की तुलना में त्रुटि क्षेत्रों की मात्रा में कमी हुई है।

उन्नयन के बाद प्रथम प्लाज़्मा: आदित्य अपग्रेड में पहला डिस्चार्ज 1 दिसम्बर 2016 को प्राप्त किया गया है। प्रचालन से पहले आदित्य अपग्रेड निर्वात पंपिंग प्रणाली में 10^{-8} Torr की श्रृंखला में मूल निर्वात



चित्र A.1.11 डिज़ाइन किये गये निष्क्रिय सक्रिय-मल्टीजंक्शन (पीएएम) ऐन्टिना का आइसोमेट्रिक दृश्य

प्राप्त करने के लिए इसके निष्पादन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इसके बाद कई दिनों तक कई घंटों के लिए ग्लो डिस्चार्ज सफाई यंत्र का इस्तेमाल करके ठीक से डिस्चार्ज सफाई की गई। पंपिंग प्रणाली को लंबे समय (लगभग 12 घंटों) के लिए 10^{-4} से 10^{-2} Torr के दबाव रेंज में दीवार अनुकूलन प्रचालनों में उच्च गैस भरण दबाव के लिए दुबारा सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। प्रथम चरण के प्रचालनों में पुनरावर्तनीय प्लाज़्मा डिस्चार्जों को ~ 80 kA - 95 kA की प्लाज़्मा धारा, जिसकी अवधि 80 - 100 ms व टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र BT(अधिकतम) ~ 1T एवं कॉर्ड-औसत इलेक्ट्रॉन घनत्व ~ 2.5 x 10^{19} m^{-3} एवं तापमान (आकलित) > 150 eV है, को प्राप्त किया गया है। प्लाज़्मा धारा-फ्लैटटॉप के दौरान एमएचडी मोड की अचानक वृद्धि के कारण अवरोधों को प्लाज़्मा धारा की रैंप दर से ठीक से समायोजित करके दूर किया गया है। भंजन अवस्था के दौरान भरण दबाव का इस्तेमाल करके एवं प्लाज़्मा धारा फ्लैट-टॉप के दौरान उपयुक्त बाहरी हाईड्रोजन गैस पफिंग से रनअवे इलेक्ट्रॉनों के जनन को नियंत्रित किया गया है। बाद में डिस्चार्ज अवधि को ऋणात्मक परिवर्तक शक्ति आपूर्ति के अनुप्रयोग से 180ms तक बढ़ाया गया। आदित्य अपग्रेड मशीन की सभी प्रणालियों ने वांछित प्रदर्शन किया और मशीन की कार्यक्षमता के संदर्भ में प्रारंभिक डिस्चार्ज बहुत ही संतोषजनक हैं।

तापन एवं धारा प्रवाह प्रणाली

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (इसीआरएच) प्रणाली: 42 GHz इसीआरएच प्रणाली का उपयोग 0.75 T और 1.5 T परिचालन में प्रयोग करने के लिए किया जाएगा। पहले इस प्रणाली का प्रयोग आदित्य के साथ किया जा चुका है। अब आदित्य-अपग्रेड के साथ जोड़ने के लिए इस प्रणाली के विन्यास को संशोधित किया गया है। ट्रांसमिशन लाइन को जोड़ने के लिए आवश्यक समर्थन संरचना की खरीद कर ली गई है। आदित्य अपग्रेड से अनुमति मिलते ही प्रणाली को स्थापित किया जाएगा।

निम्न संकर धारा प्रवाह (एलएचसीडी) प्रणाली: आदित्य-यु मशीन के लिए निष्क्रिय-सक्रिय बहु-जोड़ (पीएएम) पर आधारित एक नया एलएचसीडी एन्टेना विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। आदित्य अपग्रेड मशीन के लिए पीएएम एंटेना का डिज़ाइन तैयार कर लिया गया है। चित्र-A.1.11 डिज़ाइन किए गए पीएएम एंटेना का आइसोमेट्रिक दृश्य दिखाता है, जो आदित्य-अपग्रेड प्लाज़्मा में निम्न संकर तरंगों को उत्पादित करेगा। निर्माण चित्रों का कार्य पूरा कर लिया गया है। निर्माण के लिए खरीद का कार्य शुरु किया गया है। पीएएम एंटेना से निर्मित एलएच तरंगों के युग्मन को समझने के लिए आदित्य-अपग्रेड टोकामक में एज घनत्व प्रालेख के मापन के लिए रिफ्लेक्टोमिटरी पर प्रस्ताव जारी है। 26 GHz - 36 GHz की बैंड आवृत्ति के लिए रिफ्लेक्टोमिटरी प्रणाली के लिए विनिर्देश को अंतिम रुप दिया गया है। संकेतों के प्रसारण और प्राप्ति के लिए हॉर्न एंटेना का डिज़ाइन तैयार किया जा रहा है। उपलब्ध स्थान और बेहतर दिशा के लिए हॉर्न एंटेना का अनुकूलन आवश्यक होगा। वोल्टेज नियंत्रित ऑसिलेटर (वीसीओ) को ट्युनिंग वोल्टता के अनुसार आवृत्ति को उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो कि एफपीजीए प्रोग्रामिंग के माध्यम से उत्पन्न होता है। वीसीओ अनुभाग का डिज़ाइन, निर्मित और जांचा गया है। आई-क्यु डिमॉडुलेटर कार्ड को डिज़ाइन, निर्मित और जांचा गया।

आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (आईसीआरएच) प्रणाली: अब तक आदित्य पर आयन साइक्लोट्रोन तापन प्रणाली में 200 kW आरएफ शक्ति प्रयुक्त करने की क्षमता थी और कई आरएफ प्रयोग जैसे द्वितीय हार्मोनिक तापन, दीवार की कंडीशनिंग, पूर्व आयनन, विद्युत प्रवाह बढ़ाने, डिस्चार्ज अल्पीकरण आदि को सफलतापूर्वक किया गया। आदित्य उन्नयन के अगले चरण के दौरान आदित्य आईसीआरएच प्रणाली को द्वितीय हार्मोनिक तापन के प्रयोग के लिए 5000 kW तक



चित्र A.1.12 करंट फीडर प्रणाली का भीतरी दृश्य

चित्र A.1.13 हीलियम स्क्रू कम्प्रेसर्स के विद्युत मोटर पर जल शीतलन जैकेट

आरएफ शक्ति उत्पन्न करने के लिए आदित्य आईसीआरएच प्रणाली को उन्नत करने की योजना बनाई गई है। दो द्रुत तरंग एंटेनाओं की मदद से दो अलग-अलग पोर्ट से ऊर्जा को डाला जाएगा। एकल 9" संचरण लाइन, आरएफ प्रयोगशाला से आदित्य हॉल तक आरएफ शक्ति ले जायेगी और फिर टी जंक्शन दो संचरण लाइनों में विभाजित हो जाएगी और दो एन्टीना को आरएफ शक्ति देगी। तापन प्रयोगों के लिए आयन बर्नस्टिन वेव एन्टेना के लिए दूसरी संचरण लाइन का उपयोग किया जाएगा और 100 kW, 45.6 MHz के स्वदेशी निर्मित आरएफ जनरेटर का उपयोग किया जाएगा। पूरे अभिविन्यास को तैयार कर लिया गया है और आरएफ स्विच, निर्वात अंतर्पृष्ठ भाग, ट्रांसमिशन लाइन, सहायक संरचना जैसे सभी आवश्यक घटकों/उपकरणों के खरीद का कार्य अंतिम चरण में है।

A.1.3 अतिचालक स्थिर-अवस्था टोकामक(एसएसटी-1)

एसएसटी-1 में निर्वहनों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सुझावानुसार विभिन्न कार्य किये गये हैं।

(a) पोलोइडल क्षेत्र कॉयलों की कूलिंग एवं द्रवीय का लक्षण वर्णन अध्ययन: एसएसटी-1 दो प्रकार की अतिचालक कॉयलों से युक्त हैं - टोरोइडल क्षेत्र (टीएफ) एवं पोलोइडल क्षेत्र (पीएफ) कॉयल, जो प्लाज़्मा को सीमित करने एवं आकार देने के लिए आवश्यक हैं। शून्य चुंबकीय क्षेत्र में क्रांतिक तापमान 9.4K पर NbTi अतिचालक आधारित केबल इन कंड्यूट कंडक्टर (सीआईसीसी) का दोनों कॉयलों के लिए इस्तेमाल किया गया है। ये चुंबक हीलियम से बल प्रवाह शीतलित हैं। पिछले प्रायोगिक अभियानों में एसएसटी-1 प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए टीएफ कॉयलों को 5 K तक शीतलित किया गया था और सात घंटों से अधिक समय के लिए 4.5 kA तक आवेशित किया गया था। पीएफ कॉयलों को भी 15 K तक शीतलित किया गया था, जोकि NbTi अतिचालक के क्रांतिक तापमान से अधिक है। इसलिए इन कॉयलों को विद्युत धारा से आवेशित नहीं किया गया।

पीएफ कॉयलों को क्रांतिक धारा से कम ठंडा करने के लिए करंट फीडर चैम्बर की तरफ वाले द्रवीय परिपथ को बदल दिया है और शीतलन का लक्षण-वर्णन किया गया है। इस अध्ययन के तहत निम्न कार्य किये गये: (a) मौजूदा एकीकृत प्रवाह वितरण एवं नियंत्रण (आईएफडीसी) प्रणाली के भीतर प्रवाह के समूहवार नियंत्रण के लिए नये अतिरिक्त क्रायो वाल्वों का संस्थापन एवं कमिशनिंग, (b) करंट लेड असेम्बली चैम्बर (सीएलएसी) पर पीएफ हाईड्रोलिक्स के वापसी मार्गों का विलगन, (c) सीएलएसी में नये संशोधनों का संस्थापन एवं कमिशनिंग, (d) सीएलएसी से आईएफडीसी तक नयी 2R-क्रायो लाइन का समावेश। ऊपर उल्लेखित कार्य, सामान्य तापमान पर स्निफर मोड में नियमित हीलियम रिसाव परीक्षण से गुजरें हैं और हीलियम रिसावों का स्तर स्वीकार्य पाया गया है।

(b) करंट फिडर्स प्रणाली में स्वचालित बंद/चालू हाईड्रॉलिक असेम्बली की समस्या का निवारण: करंट फिडर्स प्रणाली के गियर-बॉक्स असेम्बली का रख-रखाव किया गया और गियर-बॉक्स असेम्बली का प्रचालन शुरू किया गया है।

(c) हीलियम स्क्रू कम्प्रेसर्स के इलेक्ट्रिकल मोटर की निष्पादन वृद्धि: निरंतर प्रचालन के लिए आईपीआर के हीलियम कम्प्रेसर्स स्टेशन के भीतर बहुत अधिक परिवेशी तापमानों के कारण 315 kW दर के

चित्र A.1.14 स्वदेशीय विकसित ठोस अवस्था क्रोबार

विद्युत मोटर्स की बॉल-बियरिंग के रगड़न और टूटन को कम करने के लिए एक नये और स्वदेशीय तकनीकी समाधान को खोज निकाला है, जिससे विद्युत मोटर करंट को स्वीकार्य रेंज में रखा जा सकता है और साथ ही बॉल-बियरिंग की आयु को बढ़ाया जा सकता है। इस समाधान में बियरिंग के डी-साइड के स्थान पर जल शीतलन जैकेट को स्थित करने पर विचार किया गया है, जैसा कि A.1.13 चित्र में दर्शाया गया है।

d) *चुंबक डाटा अधिग्रहण प्रणाली का उन्नयन:* चुंबक डाटा अधिग्रहण प्रणाली के उन्नयन में ये सम्मिलित किये गये हैं: (i) 64-बिट विंडो और लिनक्स सपोर्ट, (ii) लाइव टीएफ एवं पीएफ द्रव्यमान प्रवाह गणना, (iii) प्रति सीएसवी फाइल 100000 नमूने, (iv) स्रोत 8.5 के साथ नयी ऑफलाइन डाटा प्लॉटिंग उपयोगिता का क्रियान्वयन, (v) मौजूदा वीएमवी सॉफ्टवेयर के साथ पीएलसी आधारित डीएक्यू सॉफ्टवेयर, (vi) न्यूनतम, अधिकतम एवं औसत तापमान का लाइव स्क्रीन संकेत।

तापन एवं धारा प्रवाह प्रणाली

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (इसीआरएच) प्रणाली: 42 GHz इसीआरएच प्रणाली को एसएसटी-1 टोकामक प्लाज़्मा के पूर्व-आयनन और आरंभ के लिए सफलता पूर्वक प्रयोग किया गया है। एसएसटी-1 में 100 ms से 300 ms की अवधि के लिए लगभग 150 kW से 250 kW इसीआरएच ऊर्जा प्रक्षेपित करके 1.5 T परिचालन पर अनेक प्रयोग किए गए हैं। एसएसटी-1 प्लाज़्मा को 3.0 T पर परिचालित कर पूर्व आयनन एवं शुरु करने के लिए 82.6 GHz-200 kW इसीआरएच प्रणाली को एसएसटी-1 पर एकीकृत किया गया है।

इसीआरएच संबंधित तकनीकी विकास: जायरोट्रॉन को विश्वसनीयता पूर्वक चलाने एवं मल्टी-पल्स प्रचालन के लिए मौजूदा प्रणाली को संशोधित कर उच्च वोल्टता से संबंधित अन्य प्रौद्योगिकियाँ विकसित की गई हैं।

A. एनोड विद्युत आपूर्ति के लिए टेल बाइट प्रणाली का विकास: निम्न फाल टाइम के कारण वर्तमान एनोड विद्युत आपूर्ति में एक से ज्यादा पल्स के लिए संचालन की सीमा है। निम्न प्रतिबाधा वाले एक सक्रिय "टेल-बाइट" प्रणाली का विकास कर वर्तमान एनोड आपूर्ति के साथ सफलता पूर्वक एकीकृत किया गया है। एकीकृत प्रणाली का 20kV तक "मल्टी-पल्स" संचालन के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

B. ज़ायरोट्रॉन के लिए ठोस अवस्था क्रोबार का विकास: ज़ाइरोट्रॉन के सुरक्षित रुप से संचालन के लिए इसीआरएच विभाग द्वारा उल्लेखनीय विकास किया गया है। ठोस अवस्था क्रोबार के लिए प्रौद्योगिकी को सफलतापूर्वक विकसित किया गया है। उच्च वोल्टेज के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास है। प्रणाली का 20 kV तक सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया गया है, यह क्रोबार 10 μs के भीतर उच्च वोल्टेज को हटा देता है। 30 kV ठोस अवस्था क्रोबार परीक्षण के अंतर्गत है और 50 kV अगले 2 वर्षों में पूरा हो जाएगा।

C. वीएमई डीएसी प्रणाली का उन्नयन: इसीआरएच के लिए वीएमई आधारित डीएसी प्रणाली को दो पल्स संचालन (स्टार्ट-अप तथा प्लाज़्मा को गरम करने) के लिए उन्नत किया गया है।

D. वास्तविक समय फीडबैक प्रक्षेपक: उचित फीडबैक के साथ पुँज को चलाने में सक्षम उन्नत प्रक्षेपक अभी परिकल्पना के चरण में है। वैचारिक परिकल्पना पूरी हो चुकी है तथा इंजीनियरिंग परिकल्पना प्रगति पर है।

E. पल्स अवस्था में प्रतिकृति कैलोरी मीट्रिक ऊर्जा मापन को माइक्रोकंट्रोलर की मदद से विकसित किया गया है।

निम्न संकर धारा प्रवाह (एलएचसीडी) प्रणाली: अभियान- XVII से XIX के दौरान एसएसटी-1 प्रयोगों के लिए एलएचसीडी प्रणाली प्रयोगों के लिए उपलब्ध रही है। अभियान से पहले एलएचसीडी ग्रिल एन्टेना और निर्वात विंडो पूरी बेकिंग चक्र के दौरान सक्रिय रुप से ठंडी की जाती है, जिसमें एसएसटी-1 मशीन और उसके पीएफसी को मशीन के भीतर 250°C पर बेक किया जाता है। बाद में इन अभियानों के लिए एलएचसीडी उच्च शक्ति स्रोतों को लाने के लिए उच्च वोल्टता और आरएफ कंडीशनिंग के लिए मानक प्रक्रिया को किया गया। नियंत्रित उच्च वोल्टेज शक्ति आपूर्ति (आरएचवीपीएस) के साथ समानांतर रुप से क्लाइस्टरॉन का संचालन किया गया है। इन अभियानों के दौरान एलएचसीडी शक्ति को सफलतापूर्वक एसएसटी-1 मशीन में प्रक्षेपित किया गया और प्रोत्साहित परिणाम प्राप्त हुए। प्लाज़्मा स्पंदों की अस्थायी वृद्धि देखी गई। सिंटीलेटिंग संसूचक (CdTe) संकेत, एलएचसीडी के कारण गैर-प्रेरक धारा ड्राइव के लिए जिम्मेदार सुप्राथर्मल इलेक्ट्रॉनों की उत्पत्ती की पुष्टी करता है। एलएच शक्ति के साथ लूप वोल्टेज में स्पाइक्स को देखा गया है, जो निम्न घनत्व निर्वहन में एलएच शक्ति की विशेषता है। प्लाज़्मा के साथ एलएच शक्ति के युग्मन को सुधारने के लिए एड्ज घनत्व को बढ़ाने के लिए एलएच शक्ति के साथ गैस के स्थानीय आयनीकरण के लिए ग्रिल एन्टिना के पास गैस पफिंग भी की जाती है। एलएच शक्ति की मौजूदगी में एन्टिना के पास से गैस पफिंग के साथ एज घनत्व में सीमांत वृद्धि पायी जाती है और इस तरह परावर्तन गुणांक में महत्त्वपूर्ण सुधार नहीं देखा गया।

--!!--

A.2 प्रौद्योगिकी विकास

प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में निरंतर प्रगति के दायरे में कई तकनीकियों को विकसित किया जा रहा है। विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत विकसित प्रोद्योगिकियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी यहां दी गई है।

A.2.1 चुंबक तकनीकी 13
A.2.2 डायवर्टर तकनीकियाँ..... 14
A.2.3 क्रायोपंप एवं पैलेट इंजेक्टर प्रणाली 15
A.2.4 टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल (टीबीएम) 15
A.2.5 बड़े क्रायोजेनिक संयंत्र एवं क्रायो-प्रणालियाँ(एलसीपीसी)..... 18
A.2.6 रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोट तकनीकी 19
A.2.7 ऋणात्मक आयन न्यूट्रल बीम प्रणाली 20

A.2.1 चुंबक तकनीकी

यह प्रोग्राम विभिन्न चुंबकों के विकास पर कार्य कर रहा है जिसका उपयोग प्लाज़्मा को विभिन्न विन्यासों में सीमित करने के लिए किया जाएगा।

Nb3Sn आधारित अतिचालक सीआईसीसी: लगभग 1000 m के 14 kA Nb3Sn आधारित सीआईसीसी का निर्माण भारतीय उद्योग के साथ प्रगति पर है। इस सीआईसीसी के लिए निर्माण प्राचलों जैसे कि शीत कार्यकारी का प्रतिशत, डाई कोआकार देना, रैखिक फीड और हैमरिंग आवृत्ति को अनुकूलित किया गया और 10 m डमी सीआईसीसी पर इसका प्रदर्शन किया गया है। Nb3Sn अतिचालक स्ट्रैंडों और विभिन्न घुमावदार चरणों से केबलों का ऊष्मा उपचार, आवश्यक ऊष्मा उपचार योजना के अनुसार क्रियान्वित किया गया है। बॉबिन के नमूने, सीधे तारों और उप-केबलों का ऊष्मा उपचार सफलतापूर्वक किया गया है। ईडीएएक्स का इस्तेमाल करके अतिचालक चरणों के विकास के लिए एवं 5 K पर इसकी जटिल विद्युत धारा क्षमता के लिए नमूनों की जाँच की जा रही है।

चित्र A.2.1 कारखाना साइट पर एकीकृत एमसीएफएलटी

वाइंडिंग सुविधा: सैडल आकार के कॉयल के निर्माण के लिए विशेष उद्देश्य वाइंडिंग मशीन को आईपीआर में संस्थापित किया गया और डमी कॉयल की वाइंडिंग का उस पर प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा प्रयोगशाला स्तर सोलेनोएड और साथ ही टोरोइडल वाइंडिंग मशीन को भी संस्थापित किया गया है और वर्तमान में छोटे लैब-स्केल सोलेनोएड चुंबक की वाइंडिंग के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

चित्र A.2.2 सैडल आकार की कॉयल के लिए विशेष उद्देश्य वाइंडिंग मशीन

कम तापमान पर पदार्थ अभिलक्षणन सुविधा (एमसीएफएलटी): एमसीएफएलटी प्रणाली का एकीकरण कारखाना साइट पर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जैसा कि चित्र A.2.1 में दर्शाया है। सामान्य तापमान और 77 K पर प्रारंभिक परीक्षण फैक्ट्री साइट पर पूरे कर लिये गये। एमसीएफएलटी के लिए पूर्व-प्रेषण निरीक्षण के लिए परीक्षण योजना की जा रही है। फैक्ट्री साइट पर इसकी कार्यक्षमता के सत्यापन के बाद इस वर्ष के अंत तक आईपीआर में एमसीएफएलटी सुविधा को संस्थापित करने की संभावना है।

A.2.2 डायवर्टर तकनीकियाँ

इस प्रोग्राम के अंतर्गत प्लाज़्मा मुखित घटक (पीएफसीs), के पदार्थ और निर्माण तकनीक अविनाशी मूल्यांकन/परीक्षण एवं पीएफसीs का उच्च ताप प्रवाह परीक्षण एवं नये परीक्षण संयंत्रों की स्थापना/सुधार करने के प्रयास जारी हैं। किये गये प्रमुख कार्यों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

प्रथम दीवार में लगाने के लिए टंग्स्टन लेपन तकनीकी का विकास: तांबा मिश्रधातु, स्टेनलैस स्टील एवं 50mm x 30mm के सतह क्षेत्र पर 500 माईक्रॉन की मोटी शुद्ध टंग्स्टन सामग्री से लेपित आईएन-आरएएफएमएस स्टील सब्स्ट्रेट सामग्रियों से बनाया गया अतिरिक्त परीक्षण मॉक-अप सहयोगी एआरसीआई (हैदराबाद) द्वारा निर्मित किया गया है। टंग्स्टन लेपन की समग्रता एवं एकरूपता की जांच अल्ट्रासॉनिक परीक्षण तकनीक का इस्तेमाल करके की गई है। इन टंग्स्टन लेपित परीक्षण मॉक-अप का 500^0C सतह तापमान पर 1000 चक्रों के लिए उनकी तापीय चक्रीय श्रांति कार्यक्षमता के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। इन परीक्षणों के लिए उच्च ताप प्रवाह परीक्षण सुविधा (एचएचएफटीएफ) का इस्तेमाल किया गया है।

एचएचएफटीएफ के लिए उच्च दबाव युक्त उच्च तापमान जल संरचरण प्रणाली (एचपीएचटी-डब्ल्यूसीएस) : एचपीएचटी-डब्ल्यूसीएस का संस्थापन एवं कमिशनिंग को सफलतापर्वूक पूरा कर लिया गया है। यह प्रणाली 60bar दबाव तक, 160^0C तापमान एवं 300lpm प्रवाह दर पर पानी की आपूर्ति कर सकती है। एचपीएचटी-डब्ल्यूसीएस को एचएचएफटीएफ के साथ भी एकीकृत किया गया है, ताकि उच्च ताप प्रवाह स्थितियों में इसकी कार्यक्षमता की जांच के लिए घटक को शीतल जल की आपूर्ति की जा सकें।

चित्र A.2.3 एचएचएफटीएफ के लिए उच्च दाब उच्च तापमान जल संचरण प्रणाली (एचपीएचटी-डब्ल्यूसीएस)

डोम निर्माण एवं परीक्षण: इटर-जैसे डोम (छोटा रूप) को तांबे-मिश्रधातु की सतह से ब्रेज किये गये टंग्स्टन मैक्रो-ब्रश का इस्तेमल करके निर्मित किया है, जिसमें हाइपर-वापोट्रॉन शीतलन चैनल है। टंग्स्टन और तांबे के अंतरापृष्ठ के बीच ब्रेज किये गये जोड़ में दरार का पता लगाने के लिए अल्ट्रासॉनिक परीक्षण किया जाता है। आईपीआर में एचएचएफटीएफ का इस्तेमाल करके डोम का उच्च ताप प्रवाह परीक्षण निष्पादित किया गया है। डोम 15.6kW e-बीम शक्ति का इस्तेमाल करके $3.3MW/m^2$ के आकस्मिक ताप प्रवाह पर 1000 तापीय चक्रों का और 24.6kW e-बीम शक्ति का इस्तेमाल करके $5.3MW/m^2$ पर 200 तापीय चक्रों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल कर सकता है।

टंग्स्टन सामग्रियों का विकास: ग्लीबल 3800 प्रणाली का उपयोग शुद्ध टंग्स्टन और शुद्ध तांबे के प्रत्यक्ष सिंटरिंग द्वारा टंग्स्टन- तांबा के कार्यात्मक रूप से वर्गीकृत सामग्री के विकास के लिए एवं टंग्स्टन तथा तांबा सामग्रियों के वांछित घनत्व प्रवणता को प्राप्त करने के लिए परतों



चित्र A.2.4 एचएचएफटीएफ का इस्तेमाल करके निर्मित डोम का $5MW/m^2$ तक परीक्षण किया गया

में स्टैक किये शुद्ध तांबा पाउडरों के लिए किया जाता है।

सामग्रियों के अध्ययन: प्लाज़्मा मुखित घटकों के निर्माण से संबंधित सामग्रियों को जोड़ने के अध्ययन जारी हैं। ग्लीबल 3800 प्रणाली का इस्तेमाल करके धात्विक सामग्रियों के प्रसार बंधन एवं ब्रेजिंग को अधिक तापमानों एवं दबाव पर निष्पादित किया गया है। पीडीपीयू, गांधीनगर द्वारा शुरू की गई बीआरएफएसटी परियोजना के तहत SS316LN एवं XM19(डायवर्टर कैसेट बॉडी निर्माण तकनीकी विकास से संबंधित अलग-अलग संरचनात्मक सामग्रियाँ) के 10mm से 40mm तक के मोटे हिस्सों की वेल्डिंग के अध्ययन क्रियान्वित किये गये हैं। प्लाज़्मा मुखित घटक के लिए टंग्स्टन- तांबा के कार्यात्मक रूप से वर्गीकृत सामग्रियों का विकास एवं अभिलक्षणन एक बीआरएफएसटी परियोजना के रूप में आईएमएमटी, भुवनेश्वर द्वारा शुरू किया गया है।

ब्रेजिंग के अध्ययन एवं प्रयोग: प्लाज़्मा मुखित घटकों के निर्माण से संबंधित तकनीकियों का विकास करने के लिए ब्रेजिंग, कास्टिंग, अनिलिंग प्रयोग निष्पादित किये गये हैं। आरएफ विन्डो विकास से संबंधित कार्य के लिए TiCuNi (980°C पर) एवं CuSIL-ABA (850°C पर) का इस्तेमाल करके टाइटेनियम के साथ बीज़ेडटी सिरेमिक की निर्वात ब्रेजिंग की गई है।

अल्ट्रासोनिक परीक्षण एवं सिमुलेशन: वक्र तांबा-मिश्रधातु ट्यूब के साथ टंग्स्टन मोनोब्लॉक डायवर्टर का निरीक्षण करने के लिए तंत्र को अंतिम रूप दिया गया है। लचीले शाफ्ट पर रखने के लिए अल्ट्रासॉनिक प्रोब की आपूर्ति के लिए क्रय आदेश जारी किया गया है। अल्ट्रासॉनिक तरंग गति के मापन पर आधारित सामग्रियों के यांत्रिकी गुणों (प्लाज़्मा मुखित घटकों के निर्माण से संबंधित) के आकलन पर अध्ययन शुरू किये गये हैं। मोटे-हिस्से के वेल्ड जोड़ों में दोषों के निरीक्षण के लिए संवेदनशील मानदंड का अध्ययन करने के लिए चरणबद्ध अरे अल्ट्रासॉनिक प्रोब का इस्तेमाल किया जाता है।

A.2.3 क्रायो-पम्प एवं पैलेट इंजेक्टर प्रणाली

पैलेट इंजेक्शन के लिए क्रायोजनिक जुड़वाँ पेंच एक्सट्रूडर की संकल्पना एवं डिज़ाइन: जमे हाइड्रोजन बेलनाकार ठोस पैलेटों की प्लाज़्मा के ईंधनीकरण तकनीकियों का कार्य प्रगति पर हैं। स्वदेशीय रुप से विकसित, एक एकल बैरल वायु चलित बंदूक जैसा पैलेट इंजेक्टर, SPINS-IND, सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है और 1.8 मि.मी. से 4 मि.मी. तक के बेलनाकार पैलेटों को जमाने में सक्षम है। प्राप्त पैलेट का वेग, पैलेट के माप और प्रणोदक दाब पर निर्भर है। एसपीआईएनएस-आईएनडी ने क्रमशः 4-2 मि.मी. माप के पैलेटों के 700-1000 मि./सेकण्ड का वेग हासिल किया है। जुड़वाँ पेंच आधारित क्रायोजनिक निष्कासन प्रणाली के विकास में एक और कदम बढ़ाया गया है। निष्कासक प्रकार का पैलेट अन्तःक्षेपक सर्वोमीटर द्वारा संचालित, एवं पेंचों के आंतरिक स्पर्शों द्वारा घूमावों के कारण ठोस हाइड्रोजन को आगे धकेलता है जो कि 10 हर्ट्ज़ की अंतः क्षेपण आवृत्ति पर 3 मि.मी. (L)X3 मि.मी. (D) माप के ठोस हाइड्रोजन पैलेटों के निष्कासन में सक्षम है। एक्स्ट्रुडर की परिकल्पना में चार चरणों में शीतलन, जुड़वे पेच संयोजन के स्वतंत्र आलम्बन की यांत्रिकी विन्यास और उच्च आवृत्ति इनलाइन इंजेक्शन योजना शामिल है। द्रवित नाइट्रोजन तापमान पर कार्य करने वाले आर्गन एक्स्ट्रुडर के प्रमाण के सत्यापन की आवश्यकता हुई। आर्गन को ताप विनिमायक के भीतर द्रविकृत करने के लिए एक निर्दिष्ट द्रव्यमान प्रवाह दर के साथ LN2 से भरे एक बंद कंटेनर में डूबोया जाता है। द्रवित आर्गन को फिर एक्स्ट्रुडर चैम्बर में डाला जाता है जहां पर यह ठोस बन जाता है और नोज़ल के माध्यम से बाहर निकलता है। आर्गन एक्स्ट्रुडर तकनीकी समस्याओं के लिए किए गए अध्ययनों पर आधारित प्रयोगों में वास्तविक समय के साथ क्रियांवित किया गया। स्क्रु गियर एवं गति अवधारणा, क्रायोजनिक सीलिंग से संबंधित समस्याएं और ऊष्मीय द्रव्यमान एवं चालकता संबंधित समस्याओं की पहचान की गई। प्रयोग के दौरान आर्गन द्रवीकरण और संयोजन का 86 K तक शीतलन, जुड़वें स्क्रु की लगभग 5 चक्र प्रति मिनट गति के साथ देखा गया।

A.2.4 टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल (टीबीएम)

टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल (टीबीएम) प्रोग्राम के माध्यम से इटर में भारतीय लेड लिथियम सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) ब्लैंकेट संकल्पना का परीक्षण किया जाएगा। इटर टीबीएम प्रोग्राम का उद्देश्य एकीकृत संलयन नाभिकीय पर्यावरण में ट्रिशियम ब्रिडिंग ब्लैंकेटों की कार्यक्षमता पर प्रायोगिक डाटा को जनरेट करना है। यह प्रोगाम एलएलसीबी टीबीएम और उससे संबद्धित अधीनस्थ प्रणालियों के डिज़ाइन एवं विकास कार्य में लगा हुआ है।

टेस्ट ब्लैंकेट प्रणाली (टीबीएस) एवं ब्लैंकेट न्यूट्रॉनिकी गतिविधियाँ

संलयन प्रणाली में शटडाउन डोज दर आकलन के लिए आईपीआर इंटरफेस कोड का विकास (आईआईसीएसएफ): एक इंटरफेस कोड (आईआईसीएसएफ) जो विकिरण परिवहन उपकरण एवं सक्रियण उपकरण को जोड़ता है, शटडाउन डोज दर को सिमुलेट करने के लिए विकसित किया गया है। इटर संगठन द्वारा शटडाउन डोज़ दर गणना के लिए विकसित कोड आईआईसीएसएफ को कम्प्यूटेशनल बेंचमार्क अभ्यास के साथ मान्य किया गया है। यह कोड (आईआईसीएसएफ) संलयन नाभिकीय प्रणाली में मशीन के किसी भी क्षेत्र में और एक बार चलाने पर शटडाउन के बाद किसी भी समय डोज़ दर को सिमुलेट करने में सक्षम है।

इटर में भारतीय टीबीएम के लिए न्यूट्रॉन सक्रियण प्रणाली के परमाणु विश्लेषण: इटर में न्यूट्रॉन किरणन के दौरान फॉयल और कैप्सूल भेजकर परमाणु अनुक्रिया को मापने के लिए भारतीय टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल में न्यूट्रॉन सक्रियण प्रणाली को रखे जाने की आवश्यकता है। टीबीएम के साथ प्रणालियों की असंगतता की जांच करने के लिए एवं किरणित फॉयल एवं कैप्सूल के रखरखाव की आवश्यकता को ध्यान



चित्र A.2.5 लेड लिथियम सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल (टीबीएम) सेट

में रखते हुए फॉयल व कैप्सूल की किरणन अवधि का आकलन करने के लिए विश्लेषण निष्पादित किये गये हैं। विशलेषणों के परिणाम ने एनएएस के डिज़ाइन में सहायता प्रदान की है।

सामान्य शटडाउन डोज़ दर (एसडीडीआर) आकलन पद्धति की स्थापना के लिए चीन की टीबीएम टीम के साथ मिलकर बेंचमार्किंग अभ्यास : चीन की टीबीएम टीम सामान्य शटडाउन डोज़ दर (एसडीडीआर) आकलन पद्धति की स्थापना करेगी: भारत अपने ब्रीडिंग ब्लैंकेट मॉड्यूल के परीक्षण के लिए चीन के साथ इटर पोर्ट 2 साझा कर रहा है। चूंकि दोनों के लिए रखरखाव के क्षेत्र सामान्य है, इसलिए इटर में एसडीडीआर का आकलन करने के लिए एक सामान्य कार्यप्रणाली के स्थापन के लिए एक अभ्यास शुरू किया गया है। अभ्यास के परिणाम, एसडीडीआर परिणामों में दोनों टीमों के बीच और कोरियन टीबीएम टीम के परिणामों मेंअच्छा समझौता दिखा रहे हैं।

इटर में भारतीय टीबीएस रखरखाव गतिविधियों के दौरान व्यावसायिक विकिरण जोखिम का प्रारंभिक आकलन: भारतीय टेस्ट ब्लैंकेट प्रणालियों (टीबीएस) को उनके निष्पादन परीक्षण के लिए इटर में रखा जाएगा। इटर के प्रचालन एवं शटडाउन चरण के दौरान सुचारू संचालन के लिए और दुर्घटनाओं से बचने के लिए टीबीएस में रखरखाव गतिविधियों को करने की आवश्यकता है। चूंकि इटर एक परमाणु मशीन है, इसलिए कार्यकर्ताओं के लिए विकिरण जोखिम आईएईए आवश्यकताओं के अनुसार सीमित होना चाहिए। भारतीय टीबीएस रखरखाव गतिविधियों के लिए व्यावसायिक विकिरण एक्सपोज़र का प्रारंभिक आकलन किया गया है।

टीबीएम शील्ड मॉड्यूल न्यूट्रॉनिक डिज़ाइन सत्यापन के लिए न्यूट्रॉनिक मॉक-अप के प्रयोग: न्यूट्रॉन विकिरणों से मानव सुलभ क्षेत्रों में कवच प्रदान करने के लिए भारतीय टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल के साथ एक शील्ड मॉड्यूल जुड़ा हुआ है। शील्ड मॉड्यूल के लिए एक प्रारंभिक न्यूट्रॉनिक डिज़ाइन एवं विश्लेषण निष्पादित किया गया है। शील्ड मॉड्यूल के न्यूट्रॉनिक डिज़ाइन के सत्यापन के लिए आईपीआर की 14MeV न्यूट्रॉन स्रोत प्रयोगशाला में मॉक प्रयोग किये जाएंगे। प्रयोग की डिज़ाइन को पूरा कर लिया गया है और टीबीएम शील्ड का मॉक-अप निर्मित किया गया है। मॉक-अप का न्यूट्रॉन किरणन जल्द ही किया जाएगा।

इंजीनियरिंग डिज़ाइन गतिविधियाँ: भारतीय एलएलसीबी-टीबीएस और सहायक आईओ-गतिविधियों के लिए संकल्पनात्मक डिज़ाइन समीक्षा प्रक्रियाएँ पूरी हो गयी है। इटर संगठन ने अगले विकास (प्रारंभिक डिज़ाइन) चरण को शुरू करने की स्वीकृति दी है। वर्तमान में, टीबीएम के विभिन्न घटकों के डिज़ाइन को अद्यतन किया जा रहा है और प्रारंभिक डिज़ाइन के चरण में एलएलसीबी टीबीएम सेट के डिज़ाइन को और अनुकूल बनाने के साथ इंजीनियरिंग डिज़ाइन एवं निर्माण कार्य-प्रणाली में चुनौतियों की संभावना का पता लगाया जाएगा। कम हीलियम द्रव्यमान प्रवाह की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए टीबीएम की प्रथम दीवार (एफडब्ल्यू) को संशोधित किया गया है। टीबीएम के डिज़ाइन के निर्माण को सरल बनाने के साथ ट्रिशियम रिलीज़ के लिए सिरेमिक ब्रीडर क्षेत्रों की उच्च तापमान विंडों जैसे प्रक्रिया प्राचलों को बेहतर बनाने के लिए टीबीएम के अंदरूनी घटकों को परिवर्तित किया गया है। एलएलसीबी टीबीएम डिज़ाइन में न्यूट्रॉन सक्रियण प्रणाली के डिज़ाइन पर भी ध्यान दिया गया है। एनएएस को सम्मिलित करने के लिए एफडब्ल्यू हीलियम मैनीफोल्ड के लिए बैक प्लेट के वैकल्पिक डिज़ाइन का कार्य प्रगति पर है। टीबीएम एवं शील्ड के बीच सपोर्ट के डिज़ाइन के लिए बोल्टिंग क्रियाविधि से बेलनाकार अभिविन्यासों एवं प्लेट अभिविन्यास पर अध्ययन किया जा रहा है, ताकि असमान वेल्डिंग से बचा जा सके। टीबीएम सेट के डिज़ाइन, निर्माण एवं परीक्षण के लिए इस्तेमाल किये जा रहे RCC-MR कोड के अनुसार सभी डिज़ाइन एवं विश्लेषण गतिविधियों को योग्यता प्राप्त करनी होगी।

भारतीय टीबीएम प्रथम दीवार संरचनात्मक सामग्री के रूप में IN-RAFMS का इस्तेमाल कर रहा है, जो उच्च प्रचालन तापमानों का अनुभव करेगी, जो सामग्री के लिए उच्च तापीय तनाव का कारण होगा। इस संबंध में अलग-अलग मोटाई (6mm एवं 11mm) वाली फेराइटिक स्टील (P 91) प्लेट में तनाव को मापने के लिए एक अनुसंधान एवं विकास प्रयोग किया गया था जो RAFMS के लिए सरोगेट सामग्री है। अगले डिज़ाइन चरण में प्रयोग को निष्पादित किया जाएगा।

तरल धातु प्रक्रिया एवं एमएचडी क्रियाएँ: लेड लिथियम कूलिंग सिस्टम (एलएलसीएस), एलएलसीबी टीबीएस की प्राथमिक शीतलक प्रणाली है, जो इटर के अंदर नाभिकीय संलयन प्रतिक्रिया से उत्पन्न होने वाली ऊष्मा को बाहर निकालेगी। इटर में उच्च तापमान, चुंबकीय क्षेत्र एवं विकिरण पर्यावरण जैसी कठोर प्रचालन स्थितियों में एलएलसीएस के कुशल एवं सुरक्षित प्रचालन के लिए आईपीआर में Pb-Li तकनीकी की दिशा में विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ प्रगति पर हैं।

चित्र A.2.6 लीड लिथियम (PbLi) ऊष्मा अंतरण प्रायोगिक लूप का विशाल दृश्य

एक निरंतर प्रचालित अधिक संवेदनशील आयाताकार हॉलबैक प्रवाह मापी को लेड लिथियम अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किया गया था। हाल ही में एक Pb-Li मिश्रधातु उत्पादन प्रणाली, जो कि विद्युतचुंबकीय स्टिरिंग तकनीक पर आधारित है, का आईपीआर में सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है और अपेक्षित संयोजन (Pb16Li) के Pb-Li मिश्रधातु के कुछ बैच उत्पन्न किये गये हैं। यथावत् Pb-Li शुद्धि के लिए एक उच्च ताप वाले Pb-Li लूप में स्वदेशी विकसित शीत पाश इकाई का परीक्षण किया गया था। प्रायोगिक परिणाम शीत पाश इकाई की SS छलनी में PbO एवं Li2O के संग्रह को दर्शाते हैं। एक Pb-Li प्रायोगिक पाश (चित्र A.2.6 देखें) को निर्मित किया गया और ऊष्मा अंतरण अध्ययनों के लिए प्रचालित किया जा रहा है। Pb-Li एमएचडी प्रायोगिक लूप अंतिम डिज़ाइन अवस्था में है और प्रमुख घटकों का प्रापण पूरा हो चुका है। लूप के संयोजन का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। सांख्यिकी एमएचडी कोड का इस्तेमाल करके 3D तापद्रविय एमएचडी विश्लेषण में भी प्रगति हुई है। बेंचमार्क समस्याओं का भी समाधान किया गया है।

संरचनात्मक सामग्री विकास की गतिविधियाँ: एलएलसीबी टीबीएम में भारत-विशिष्ट कम सक्रियण फेरेटिक मार्टेंसिक स्टील (IN-RAFMS) एवं इसके उपयोग के लिए योग्यता विकसित करने के लिए ये गतिविधियाँ चल रही हैं। आईजीसीएआर एवं मेसर्स मिधानी के सहायोग से IN-RAFMS को विकसित किया जा रहा है। इसका विस्तृत डाटा बेस आईपीआर और आईजीसीएआर में जनरेट किया जा रहा है। इटर द्वारा अपेक्षित सामग्री की गुणवत्ता के लिए, RCC-MRx के दिशानिर्देशों के अनुसार भौतिकी एवं यांत्रिक गुणों वाले डाटाबेस को उत्पन्न करने के लिए IN-RAFMS के बड़े उत्तकों का उत्पादन किया गया है। तनन गुणों को यथा प्राप्त स्थिति में और साथ ही अनुकरित पोस्ट वेल्ड ऊष्मा उपचार स्थिति में उत्पन्न किया गया है। IN-RAFMS के लिए श्रांति गुण धर्मों को पूरा किया गया है और आईओ को प्रस्तुत किया गया है। वेल्ड गुणों के डाटा जनरेशन और वेल्ड सामर्थ्य कम करने के कारक का निर्धारण करने के लिए इलेक्ट्रॉन पुँज, टीआईजी एवं एचआईपी जोड़ों को प्रस्तावित किया गया है। अधिक ऊष्मा से विस्तृत परीक्षण एवं डाटाबेस जनरेशन का कार्य प्रगति पर है।

लेड लिथियम युटेकटिक के साथ भारतीय सक्रियण फेरेटिक मार्टेन्सेटिक स्टील (आरएएफएमएस) के संक्षारण के अध्ययन: संक्षारण अध्ययनों को क्रियान्वित करने के लिए आईपीआर की टीबीएम प्रयोगशाला में एक पंप चालित लूप को स्थापित किया गया है। परीक्षण अनुभाग को 465^0C पर बनाए रखा और तरल धातु 10cm/s के वेग से प्रवाहित हो रहा है। समतल और तनन IN-RAFMS नमूने के कूपनों को परीक्षण अनुभाग में लोड किया गया। लूप ने 2500 घंटों का प्रचालन पूरा कर लिया है। नमूनों को बाहर निकाला गया और सतह तथा अनुप्रस्थ काट पर एसईएम के साथ विशेषीकृत किया गया है। कठोरता परीक्षण एवं तनन परीक्षण भी क्रियान्वित किया गया है। एक और प्रणाली को विकसित किया गया है जिसमें अपेक्षित वेग ((10-100) cm/सेकण्ड से) पर लेड लिथियम में आवश्यक तापमान (350-500^0)C बनाए रखते हुए नमूनों को घूमाया जा सकता है।

निर्माण तकनीकियों के विकास की गतिविधियाँ: टीबीएम एफडब्ल्यू (यू-आकार वाला) का एक 10 चैनलों वाला मॉक-अप बीएआरसी के तकनीकी सहयोग से मुंबई में विक्रेता साइट पर स्वदेशीय विकसित किया गया है। झुकाव और चैनलों के लिए इस मॉक-अप के आयाम एलएलसीबी टीबीएम डिज़ाइन की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। मॉक-अप का हाइड्रो परीक्षण एवं हीलियम रिसाव परीक्षण किया गया है। अगले चरण की गतिविधि में टीबीएम की पहली दीवार का आधा आकार निर्मित किया जाएगा। IN-RAFM स्टील का इस्तेमाल करके HIP जोड़कर (उच्च दाब एवं उच्च तापमान पर प्रसार वेल्डिंग) यू-आकार वाले FW 8 चैनल मॉक-अप का विकास क्रियान्वित किया जा रहा है। यह अनुसंधान एवं विकास तकनीकियों को सक्षम करने के एक भाग के रूप में स्थापित एक वैकल्पिक निर्माण मार्ग है। मॉक-अप का आइसोमैट्रिक प्रतिनिधित्व HIP बंधन होने के लिए है। टीबीएम बैक प्लेट डिज़ाइन के विनिर्माण व्यवहार्यता को प्रदर्शित करने के लिए इलेक्ट्रॉन पुँज वेल्डिंग प्रक्रिया का इस्तेमाल करके टीबीएम बैक प्लेट असेम्बली मॉक-अप को लिया गया है। घटकों एवं असेम्बली



चित्र A.2.7 गरम तार पद्धति के प्रयोग से ऊष्मीय चालकता मापन के लिए प्रायोगिक व्यवस्था

के इंजीनियरिंग आरेख, निर्माण के तकनीकी विनिर्देश, मॉक-अप असेम्बली का निरीक्षण एवं निष्पादन परीक्षण तैयार किया गया और कार्य प्रगति कर रहा है।

सिरेमिक गुटिका के विकास की गतिविधियाँ: लिथियम टाइटेनेट सिरेमिक गुटिका उत्पादन क्षमता को प्रति महीने 5 किलो की योग्य गुटिका के उत्पादन से उन्नत किया गया है। गुटिका निर्माण की प्रत्येक अवस्था में (पावडर, पेलैट एवं गुटिका तैयार करना) अपेक्षित गुणों को पाने के लिए व्यापक लक्षण वर्णन भी किया जा रहा है। आईईए ठोस ब्रीडर सबटास्क के एक भाग के रूप में राउण्ड रॉबिन टेस्ट के अंतर्गत इन निर्मित गुटिकाओं का विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (चीन, यूरोपीय संघ, कोरिया एवं जापान) में भी लक्षण वर्णन किया गया है। स्थिर अवस्था एवं गरम वायर पद्धति (चित्र A.2.7) द्वारा प्रभावी तापीय चालकताओं को मापने के लिए आईपीआर में एक प्रायोगिक सेटअप को स्वदेशीय रूप से विकसित किया गया है। वर्तमान में गुटिकाओं के साथ प्रयोग किये जा रहे हैं। विभिन्न पैकिंग व्यवस्था के लिए COMSOL का उपयोग कर Li2TiO3 गुटिका अवस्तर की प्रभावी तापीय चालकता को भी सांख्यिकी रूप से आकलित किया गया है।

हीलियम शीतलन प्रणालियों की गतिविधियाँ: एक प्रायोगिक हीलियम शीतलन लूप (ईएचसीएल) संयंत्र (450^0C, 0.4 kg/s) को स्थापित किया जा रहा है, जिससे एफडब्ल्यूएचसीएस एवं एलएलएचसीएस के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रयोगों को निष्पादित किया जा सकें तथा प्रचालन एवं नियंत्रण आवश्यकताओं का अनुभव किया जा सके। ईएचसीएल के संकल्पनात्मक डिज़ाइन को संस्थान में बनाया गया और लूप के उपकरण जैसे सर्कुलेटर, हीट एक्सचेंजर्स, इलेक्ट्रिकल हीटर, वाल्व तथा मापयंत्रण का प्रापण किया जा रहा है। हीलियम सर्कुलेटर्स को उनके परीक्षण लूप के साथ संस्थापित किया गया और सर्कुलेटरों के निष्पादन परीक्षणों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। सर्कुलेटर परीक्षण लूप प्रचालनरत है।

मापयंत्रण एवं नियंत्रण डिज़ाइन तथा विकास गतिविधियाँ: एक संहत और कठोर संवेदक को K-प्रकार के बहुस्तरीय थर्मोकपल एवं थर्मोवेल असेम्बली का उपयोग करके संकल्पित एवं अनुकूलित किया गया था। यह संवेदक थोक तापमान प्रालेख को मापने के साथ तरल Pb-16Li स्तर का आकलन करने के लिए प्रायोगिक रूप से मान्य किया गया है। तरल Pb-16Li पर्यावरण में संवेदक असेम्बली की विश्वसनीयता और दीर्घायु का अनुमान लगाने के लिए लंबी अवधि का परीक्षण (1200 घंटों से अधिक) किया गया था। पंप चालित तरल Pb-16Li लूप में भारतीय RAFM स्टील के लिए संक्षारण प्रयोगों में स्वचालन लागू किया गया था। लैबव्यू प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल करके एक बहु-चैनल डाटा अधिग्रहण एवं मॉनिटरन अनुप्रयोग विकसित किया गया था। न्युट्रॉन सक्रियण प्रणाली के लिए प्रक्रिया प्रवाह आरेख (पीएफडी) तथा प्रक्रिया एवं मापयंत्रण आरेख (पी एवं आईडीs) को तैयार किया गया है, प्रथम दीवार हीलियम शीतलन प्रणाली, लेड-लिथियम हीलियम शीतलन प्रणाली, लेड-लिथियम शीतलन प्रणाली, शीतलक शुद्धिकरण प्रणाली, ट्रिशियम निष्कर्षण प्रणाली को पूरा किया गया है।

टीबीएम सुरक्षा एवं न्यूट्रॉन नैदानिकी विकास गतिविधियाँ: रिपोर्ट अवधि के दौरान कई इनपुट डाटा, विशेष रूप से एलएलसीबी टीबीएम प्रणालियों, परिचालन अवस्थाओं, रेडियोलॉजिकल डाटा, ट्रिशियम रिलीज़ एवं प्रबंधन डाटा, मापयंत्रण एवं नियंत्रण (आई व सी) मानव कारक एकीकरण योजना (एचएफआईपी), रखरखाव प्रचालनों तथा ईएसपी तथा ईएसपीएन वर्गीकरण के लिए डाटा को उत्पन्न किया गया और इटर संगठन को सौंपा गया है। न्यूट्रॉन सक्रियण प्रणाली, न्यूट्रॉन ऊर्जा एवं स्पैक्ट्रा मापन के लिए एक नैदानिकी है। न्यूट्रॉन सक्रियण प्रणाली (एनएएस) का संकल्पनात्मक डिज़ाइन किया गया है, जिसमें प्रमुख मापदंडों, जैसे सक्रियण फॉयल्स, कैप्सूल आकार, ट्रांसफर स्टेशन, कैप्सूल ट्रांसफर पाइप, ड्राइविंग गैस प्रेशर आदि सम्मिलित किया गया है। इस प्रणाली की कार्यशीलता को प्रदर्शित करने के लिए एक परीक्षण सुविधा को विकसित किया है।

A.2.5 बड़े क्रायोजेनिक संयंत्र एवं क्रायो-प्रणालियाँ

यह कार्यक्रम मुख्य रूप से 4.5 K पर 1 kW की शीतलन क्षमता के स्वदेशी हीलियम रेफ्रिजरेटर/द्रावित्र (एचआरएल) संयंत्र के विकास में लगा हुआ है।

स्वदेशीय निर्मित प्रोटोटाइप घटक: स्वदेशीय निर्मित प्रोटोटाइप घटक: चरण-A के लिए संयंत्र के मुख्य स्वदेशीय प्रोटोटाइप (पूरे का 1/4) क्रायोजेनिक घटक हैं: 3 विभिन्न प्रकार के क्रायोजेनिक प्लेट-फिन हीट एक्सचेंजर्स (पीएफएचई) (2-धारा-He/He एवं He/क्वथन LN2 तथा 3-धारा-He/He/He), जो 300 से 15 K के बीच गरम धारा के लिए हीलियम प्रवाह दर लगभग 30 g/s से प्रचालित हो, प्रवाह दर लगभग 30 g/s के साथ 80 K तथा 20 K तापमान पर शुद्धिकरण के परीक्षण के लिए एक हीलियम गैस शोधकों एवं हीलियम गैस के लिए 20 माईक्रॉन से अधिक के आकार के धूल के कणों को छानने के लिए SS फिल्टर। इन्हें भारतीय उद्योगों द्वारा स्वदेशीय डिज़ाइन किया गया एवं निर्मित किया गया है।

क्रायोजेनिक परीक्षण संयंत्र निर्माणाधीन: परीक्षण संयंत्र का निर्माण एवं संयोजन तथा कम तापमान पर परीक्षण शुरू किये गये हैं। 80 K पर PHE2 के रिसाव परीक्षणों के लिए ताप विनिमयक के साथ बनाया गया परीक्षण बेड खुले वातावरण में संयोजित एवं रोधित किया गया है।80 K पर समग्र रिसाव दरों को 10^{-5} mbar.ltr/s से कम पाया गया है जो डिज़ाइन की आवश्यकता को पूरा करता है। इस हीट एक्सचेंजर का थर्मो-हाईड्रॉलिक प्रदर्शन एक निर्वात चैम्बर में परीक्षण किया जाएगा, जो प्रगति कर रहा है। यह सटीक निष्पादन के मापन जैसे कि हीट एक्सचेंजर के भीतर अलग-अलग धाराओं के सटीक दाब एवं दाब में गिरावट, विभिन्न स्थानों के तापमान, विभिन्न धाराओं की प्रवाह

दरों के लिए पर्याप्त मापयंत्रणों को सम्मिलित करेगा।

मापयंत्रण एवं नियंत्रण विकास: एस्पेन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके हीलियम टर्बाइन परीक्षण संयंत्र प्रचालन का क्रियाशील विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। टर्बाइन के स्वचालित संचालन अनुक्रम के लिए नियंत्रण तर्क को संकल्पनात्मक रूप से तैयार किया गया है। आगे इन्हें और भी तैयार किया जाएगा और बाद में हीलियम टर्बाइन परीक्षण संयंत्र में इसका इस्तेमाल होगा। क्रायोजेनिक संवेदक के लिए डिस्प्ले यूनिट के साथ एक डाटा अधिग्रहण प्रणाली को विकसित किया गया है। एक मॉनिटर जो तापमान, दबाव, अंतर दबाव आदि जैसे विभिन्न क्रायोजेनिक संवेदकों के लिए रीडिंग दिखाता है, को स्वदेश में विकसित किया गया है।

A.2.6 रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोटिक्स तकनीक

आभासी एवं संवर्धित वास्तविक अनुप्रयोगों के विकास (वीएआर आईडी) नामक एकल सुविधा में विभिन्न वीआर आधारित अनुप्रयोगों के एकीकरण द्वारा आभासी वास्तविक (वीआर) विकास के क्षेत्र में मुख्य रूप से अपनी विशेषज्ञता के विस्तार करने पर केन्द्रित है। आरएचआरटीडी प्रयोगशाला में एक उच्च पेलोड (~25kg) आर्टिक्युलेटेड आर्म का भी कमीशनन किया गया है। यह एक तरह की कैंटी लीवर प्रणाली है जिसे संस्थान में ही डिज़ाइन किया गया है और औद्योगिक भागीदारों द्वारा निर्मित किया गया है। यह प्रणाली एक टोरोइडल ज्यामिति को पार कर सकती है और निरीक्षण एवं रख रखाव की गतिविधियों को कर सकती है। इसके अलावा अनुभाग रोबोट अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी में कुछ नए क्षेत्र जैसे कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क, विज्युल सर्वोयिंग, हाइपर-रिडंडेन्ट रोबोटिक प्रणालियाँ, ग्रेविटी क्षतिपूर्ति आधारित रोबोटिक प्रणालियाँ एवं आरएच उपकरण के लिए उन्नत सुरक्षा प्रणालियों पर कार्य कर रहा है। विकास के ये नए क्षेत्र अनुभाग के मूल शोध के क्षेत्रों के साथ मिलकर सामाजिक लाभ के साथ वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान को प्रभावी रूप से हल करने में उपयोगी होगा। इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों को नीचे उल्लेखित किया गया है।

आभासी एवं संवर्धित वास्तविक समन्वित विकास प्रयोगशाला (वीएआरआईडी-प्रयोगशाला): रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स अनुभाग में आभासी वास्तविक सुविधा के लिए एक कम लागत के समाधान को संकल्पित और साधित किया गया है। इस वीएआरआईडी-प्रयोगशाला सुविधा को विभिन्न आभासी एवं संवर्धित वास्तविक अनुप्रयोगों के विकास के लिए उपयोग में लिया जाएगा और सहजता से रिमोट हैंडलिंग उपकरणों को एकीकृत करने में और सुनियोजित प्रमुख वीआर सुविधा के विकसित अनुप्रयोगों के मापन में सक्षम होंगे। वीएआरआईडी-प्रयोगशाला सुविधा निम्नलिखित प्रमुख भूमिका निभाएगी: (a) आईपीआर में आरएच उपकरण और मौजूदा और भविष्य के टोकामैकों की योजनाएं के लिए शीघ्रता से डिज़ाइन की समीक्षा के लिए मंच; (b) विशेष वीआर अनुप्रयोगों जो वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध नही हैं के विकास के लिए सुविधा; (c) वीआर में डिज़ाइन और विश्लेषण उपकरण (जैसे परिमित तत्व कोड, मल्टी बॉडी डायनेमिक्स, आदि) को एकीकृत करने की सुविधा; (d) वीआर में हेप्टिक फीडबैक, इमेज प्रोसेसिंग और रियल टाइम भौतिकी जैसे अन्य डोमेन से एप्लिकेशन को विकसित और एकीकृत करने की सुविधा; (e) रियल टाइम रोबोट हार्डवेयर से जुड़े आभासी और संवर्धित वास्तविकता के लिए अनुप्रयोगों के विकास और परीक्षण की सुविधा; (f) आरएच संचालन के लिए ऑपरेटर प्रशिक्षण और क्रियान्वयन के लिए मॉड्यूलर आर्किटेक्चर के साथ केन्द्रीकृत नियंत्रण सुविधा।

वीएआरआईडी-प्रयोगशाला के साथ रिमोट हैंडलिंग के लिए आभासी वास्तविक अनुप्रयोगों का एकीकरण: आईपीआर में आरएच प्रणालियों के लिए विभिन्न डिज़ाइन एवं नियंत्रण गतिविधियों के लिए (वीएआरआईडी-प्रयोगशाला) का लगातार प्रयोग किया जाता है। आरएचआरटीडी अनुभाग द्वारा पहले विकसित किए गए कई वीआर आधारित अनुप्रयोगों को (वीएआरआईडी-प्रयोगशाला) में एकीकृत किया गया है। इनमें से कुछ अनुप्रयोगों की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं: (a) आईपीआर में सभी उपलब्ध आरएच उपकरण के लिए वीआर नियंत्रण और मॉनिटरिंग एप्लिकेशनों को बनाया गया है। एक विशेष नियंत्रण नेटवर्क और एप्लिकेशन को उपकरण से संयुक्त डाटा प्राप्त करने के लिए और ~8Hz पर वीआर मॉडल को लगातार उन्नत करने के लिए निर्मित किया गया है; (b) टोकामक में रिमोट हैंडलिंग संचालनों को करने के लिए सक्रिय हेप्टिक और दृश्य प्रतिपुष्टि के साथ एक व्यापक मास्टर-स्लेव टोपोलॉजी को विकसित किया गया। (c) टोकामक प्रणाली से आरएच उपकरणों के परिनियोजन और पुनर्प्राप्ति जैसे नियमित अनुप्रयोगों के लिए टीच एण्ड प्ले एल्गोरिदम उपयोग किए जाते हैं।



चित्र A.2.8 PRASII सीएडी मॉडल, संरचनात्मक विश्लेषण, अंतिम प्रणाली



चित्र A.2.9 विकसित ग्रिपर असेंबली

प्रोटोटाइप आरटिकुलेटेड रोबोटिक प्रणाली (पीआरएएस-II) का विकास: चित्र 2.8 में दर्शाए गए पीआरएएस-II का डिज़ाइन एवं कमीशनन किया गया। यह एक 5+1 डीओएफ उपकरण वाली प्रणाली है जो टोरोइडल वर्कस्पेस को पार करने के लिए साँप के समान चाल प्रदर्शित करती है। इस प्रणाली को अधिकतम 2m में 20 kg की अधिकतम पेलोड ले जाने के लिए बनाया गया है। प्रणाली के ऑनलाइन नियंत्रण, ट्रेकिंग और संचालन की निगरानी के लिए हेपटिक नियंत्रित आभासी वास्तविक सेट अप को एकीकृत किया जाएगा। निम्नलिखित विकास की प्रमुख उपलब्धियां हैं: (i) यह प्रणाली < 2mm स्थितिगत सटीकता के साथ 2 मीटर तक पहुँचने पर ~25kg पेलोड को नियंत्रित कर सकती है; (ii) यह प्रणाली भारी पेलोड क्षमताओं के साथ सटीक रिमोट हैंडलिंग उपकरण को डिज़ाइन एवं विकसित करने के लिए विशेषज्ञता साबित करती है जो भविष्य के टोकामक उपकरणों के लिए एक प्रमुख आवश्यकता है। (iii) अद्वितीय वास्तविक समय की वीआर आधारित नियंत्रण और मॉनिटरन प्रणाली दूरस्थ स्थानों में प्रणाली का उपयोग आसान बनाती है।

प्रोटोटाइप हाइपर-रिडंडेन्ट निरीक्षण प्रणाली का विकास (Hy-RIS): आरएचआरटीडी प्रयोगशाला में प्रोटोटाइप 3-एक्सिस टेंडन नियंत्रित हाइपर-रिडंडेन्ट रोबोट को प्रतिबंधित स्थानों में निरीक्षण के लिए विकसित किया गया है। रोबोट के लिए पूरी प्रणाली के संपूर्ण प्रणाली डिज़ाइन और नियंत्रण प्रणाली डिज़ाइन को प्रयोगशाला में बनाया गया। परंपरागत सीरियल मैनिपुलेटर, जहां हर एक जोड़ पर मोटर लगी होता है उसके विपरीत Hy-RIS के पास युनिवर्सल जोड़ है। युनिवर्सल जोड़ की गति प्लास्टिक टेंडन के उपयोग से जो कि रोबोट के ढ़ांचे से दूर मोटरों से जुड़ी हैं के उपयोग से नियंत्रित की जाती है। इस तरह की प्रणाली में उच्च निपुणता होती है और जिसे टोकामैक वातावरण में प्रतिबंधित स्थानों पर भी उपयोग किया जा सकता है।

प्रोटोटाइप ग्रिपर असेम्बली का विकास: ग्रिपर असेम्बली जो 1kg तक पेलोड़ उठा सकती है को डिज़ाइन एवं विकसित किया गया है। आईपीआर में वॉटर-जेट कटिंग मशीन की सहायता से निर्माण को पूरा किया गया। ग्रिपर को एबीबी-औद्योगिक रोबोट में टाइल जोड़-तोड़ और सामग्री संचालन जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करने के लिए एकीकृत किया गया है।

एसएसटी-1 संगत इन-वेसल निरीक्षण प्रणाली (आईवीआईएस) का विकास: अति-उच्च निर्वात (युएचवी) संगत (~$1e^{-7}$mbar) और (~150°C) उच्च तापमान दृश्य निरीक्षण प्रणाली, आईवीआईएस को विकसित किया जा रहा है। आईवीआईएस को एसएसटी-1 के भीतर इस तरह डाला जा सकता है जैसे प्लाज़्मा अभियान के दौरान निर्वात को भंजीत करे बिना निर्वात पात्र को डाला जाता है। वर्तमान में आईवीआईएस के डिज़ाइन और विश्लेषण को पूरा कर लिया गया है। प्रणाली करीबन 4.2 मी. लंबी है और उसकी 1 kg की पेलोड क्षमता है। इस प्रणाली में "निर्वात स्टोरेज कास्क" नामक एक निर्वात से घिरा चैम्बर है और विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में इसके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक मॉक अप चैम्बर है। एक निर्वात संगत कैमेरा को अलग से प्रयोगशाला में विकसित किया जा रहा है।

A.2.7 ऋणात्मक आयन न्युट्रल बीम प्रणाली

A. युग्म स्त्रोत

स्त्रोत निर्माण: "उच्च वैक्यूम संगत घटकों" का निर्माण हिंद हाई वैक्यूम कंपनी, बेंगलूर में वैक्यूम ब्रेज़िंग और Mo लेपन प्रक्रियाओं के सफल समापन के साथ पूरा किया गया है। सभी घटकों ने प्री-डिस्पैच इंस्पेक्शन के दौरान सफलतापूर्वक स्वीकृति परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें मूल रूप से एमएसएलडी लीक परीक्षण, उच्च दबाव जल परीक्षण, दृश्य परीक्षण और विद्युत विलगन परीक्षण शामिल हैं। घटकों ने निर्वात रिसाव की जकड़न 10^{-09}mbar-लि./सेकंड की आवश्यकता को पूरा कर दिया है। इन घटकों का प्लाज़्मा मुखित घटकों की शीतलन लाइनों के भीतर 30 मिनट के लिए 8 bar उच्च दबाव वाले पानी के साथ परीक्षण किया गया है। आईपीआर में उच्च निर्वात घटकों को प्राप्त किया गया और इटर-भारत की डीएनबी प्रयोगशाला में साइट स्वीकृति परीक्षण पूरा किया



चित्र A.2.10 युग्म स्त्रोत उच्च वोल्टेज बुशिंग को दर्शाता चित्र

गया है। युग्म स्रोत की स्थापना और कमिशनिंग गतिविधियों को टीएस निर्वात पात्र के साथ एकीकरण करने के साथ आरंभ किया गया है। युग्म स्रोत प्रयोगात्मक योजना का सीएडी एकीकरण, प्रचालन के एआईआर मोड के लिए पूरा किया गया है।

टीएस एचवी बुशिंग: 50 kV विलगन के लिए एफआरपी आधारित युग्म स्रोत बुशिंग को डिज़ाइन किया गया है। फिलामेंट घुमावदार पद्धति द्वारा इंसुलेटर तैयार किया जा रहा है।

180 kWआरएफजी के लिए आरएफ परिरक्षण का संस्थापन: युग्म स्रोत प्रयोगात्मक सेटअप में 180kW की 1MHz पर आरएफ परिरक्षण का संस्थापन सफलतापूर्वक पूरा हुआ है।

युग्म स्रोत डीएसीएस : युग्म स्रोत का प्रचालन 2017 में आगे किया जाना निर्धारित है। प्रचालनों को समर्थन करने के लिए डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली (डीएसीएस) वर्तमान में पूरा होने के उन्नत चरण में है। डीएसीएस के एकीकृत परीक्षण डमी संकेतों से गुजर रहे हैं और कमीशन की शुरुआत की गई है। डाटा अधिग्रहण मॉड्यूल के लिए सॉफ्टवेयर का विकास पूरा हो गया है। जीयूआई को इटर के कॉडैक प्लैटफॉर्म पर विकसित किया गया है। टीएस डीएसीएस और युग्म स्रोत को शेष उप-प्रणालियों के साथ विभिन्न बिजली आपूर्ति के साथ एकीकृत किया गया है, जो पूरा होने के उन्नत चरण में हैं। सिग्नल कंडीशनिंग मॉड्यूल को क्षेत्र एकीकरण के लिए अंत:गृह निर्मित किया गया है।

B. रॉबिन

निष्कर्षण प्रयोग: रॉबिन आईपीआर में एक ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन स्रोत प्रयोगात्मक सुविधा है। वर्तमान में, रॉबिन प्रयोग सतह मोड में (सिशियम (सीएस) अंत:क्षेपण से किया जा रहा है, जिसमें ऋणात्मक आयनों को न्यूट्रल या धनात्मक आयनों की सतह रूपांतरण प्रक्रिया के माध्यम से कम काम फलन/वर्क फंक्शन की सतह पर उत्पन्न किया जाता है। वर्तमान सेट-अप में, ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन बीम निष्कर्षण ~ 73.38cm^2 (8mm व्यास के 146 एपर्चर) के निष्कर्षण क्षेत्र के माध्यम से किया जाता है। रॉबिन की तीन ग्रिड विद्युतस्थैतिक त्वरक प्रणाली को उच्च वोल्टेज डीसी शक्ति आपूर्ति (निष्कर्षण शक्ति आपूर्ति प्रणाली: 11kV, 35A और त्वरण शक्ति आपूर्ति प्रणाली: 35 kV, 15 A) से भरा जाता है। प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक यानी लैंग्म्युर प्रोब और प्रकाशिक उत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा बीम डायग्नोस्टिक यानी पुँज उत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपी और ऊष्मा अंतरीय कैलोरीमीटर को रॉबिन में स्रोत व्यवहार का अध्ययन करने के लिए नियोजित किया गया है। ओईएस का उपयोग स्रोत की अशुद्धता को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है और साथ ही इसके लिए अवशिष्ट गैस विश्लेषक (आरजीए) को भी राबिन में लागू किया गया है। सीएस अत्यधिक प्रतिक्रियाशील है और सीएस यौगिकों को बनाता है जो स्रोत प्रदर्शन के लिए वांछित नहीं हैं। सतह मोड में प्रयोगों के शुरुआती चरण में अशुद्धियाँ पायी गई, जिसे बाद में सुधारने के लिए संशोधन किये गये हैं। हाल ही में उच्च ऋणात्मक आयन धारा घनत्व (27mA/cm^2) और कम इलेक्ट्रॉन का आयन से अनुपात <1 प्राप्त किया गया है। निकासी और त्वरण वोल्टेज के विभिन्न संयोजन के लिए 2.5-7 डिग्री की सीमा में पुँज अपसरण को मापा गया है। प्लाज़्मा ग्रिड पर सीएस वितरण का पता लगाने के लिए डायग्नोस्टिक को विकसित किया जा रहा है।

रॉबिन डीएसीएस: रॉबिन डेटा अधिग्रहण और नियंत्रण प्रणाली को सतह मोड संचालन के लिए अपग्रेड किया गया था। रॉबिन डीएसीएस घटकों में विभिन्न परिवर्तन किए गए थे। कैलोरीमीटर को डेटा अधिग्रहण प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया। एचवीपीएस को रॉबिन नियंत्रण प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया। उन्नत डायग्नोस्टिक जैसे कि लेज़र फोटो विलगन को रॉबिन डीएसीएस के साथ एकीकृत किया गया। महत्वपूर्ण पैरामीटर के ऑनलाइन प्रचलन दृश्यता के लिए नए सॉफ्टवेयर मॉड्यूल बनाए गए। प्रणाली की आवश्यकताओं के अनुसार मुख्य नियंत्रण जीयूआई को संशोधित किया गया। अन्य महत्वपूर्ण इंटरलॉक को भी नियंत्रण प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया, जैसे पीजी अभिनति आधारित आरएफ जनरेटर इंटरलॉक और आरएफ जनरेटर के संरक्षण के लिए आरएफ शक्ति आपूर्ति इंटरलॉक।

रॉबिन के लिए विद्युत प्रणाली

आरएफ जनरेटर के लिए वीएसडब्ल्युआर मापन प्रणाली: *वीएसडब्लूआर मापन प्रणाली का संस्थापन, एकीकरण और स्वीकृति* परीक्षण 80kW (1MHz) के शक्ति स्तर के लिए रॉबीन डीएसीएस के माध्यम से 100kW आरएफ डमी लोड पर सफलतापूर्वक किया गया है। इस प्रणाली में 200kW का दिशात्मक युग्मक(जीनेक्स द्वारा बनाया गया), आरएफ शक्ति संवेदक (आर एंड एस द्वारा बनाया गया) और प्रकाशिक संचार-व्यवस्था प्रणाली (एस.आई.टेक द्वारा बनाई गई) शामिल हैं। रॉबिन के साथ इस प्रणाली के अंतिम एकीकरण से संबंधित गतिविधियाँ चल रही हैं।

रॉबिन के लिए वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम: रॉबिन के संचालन के दौरान की इसकी एचवीपीएस प्रणाली की करीब से मॉनिटरिंग के लिए और एचवीपीएस सुविधा में अतिरिक्त सुरक्षा को शामिल करने के लिए, बुलेट कैमरा आधारित क्लोज सर्किट वीडियो मॉनिटरिंग प्रणाली को एनएनबी एचवीपीएस सुविधा में स्थापित किया गया है। इसके अलावा एचवीपीएस सुविधा में प्रयोग के दौरान रॉबिन डिएसीएस पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के संकेतों पर नज़र रखने के लिए एक पीटीजेड कैमरा आधारित वीडियो मॉनिटरिंग प्रणाली स्थापित एवं एकीकृत की गई है।

--!!--

A.3. प्रौद्योगिकी के सामाजिक लाभ

संस्थान द्वारा समय-समय पर विकसित कई तकनीकों को विभिन्न विक्रेताओं को स्थानांतरित किया जाता है । इसके अलावा व्यावसायीकरण के लिए कई तकनीकों को बहुत ही विशेष उपयोग हेतु आवश्यकतानुसार विकसित किया गया है। विकसित की गई प्रौद्योगिकियों का सार और अभी जो विभिन्न अवस्था के अंतर्गत है, उन का वर्णन यहाँ दिया गया है।

दृढ़ प्लाज़्मा जेट का विकास: फेफड़ों के कैंसर की कोशिकाओं पर प्लाज़्मा के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए बीएआरसी-बीएसजी समूह के लिए दृढ़ प्लाज़्मा जेट को विकसित किया गया है। इस जेट के अंदर लाइव इलेक्ट्रोड होते हैं और शरीर के जिस हिस्से पर उपचार किया जा रहा है वह नीचे की ओर होता है। प्लाज़्मा का उत्पादन करने वाली हीलियम गैस का इसमें इस्तेमाल होता है। इस जेट की उत्पादन शक्ति लगभग 25 से 3 वॉट तक है। प्लाज़्मा जेट से कोशिकाओं का उपचार थोड़े-थोड़े समय के अंतराल पर जैसे 2 मिनट, 4 मिनट, 6 मिनट, 8 मिनट और 10 मिनट तक किया जाता है। प्रारंभिक परीक्षणों में 50 से 60% तक इन कोशिकाओं को मृत पाया गया है।

लचीले प्लाज़्मा जेट का विकास: प्लाज़्मा द्वारा ट्यूमर कोशिका की परस्पर अंतःक्रिया का अध्ययन करने के लिए लचीले प्लाज़्मा जेट को विकसित किया गया है। तितली कैथेटर का उपयोग करके प्लाज़्मा को उत्पादित किया गया है। इस जेट का विन्यास इलेक्ट्रोडरहित है। प्लाज़्मा का उत्पादन करने वाली गैस के रूप में इसमें हीलियम गैस का इस्तेमाल लगभग 3 से 5 LPM की दर पर किया जाता है। इसके परीक्षण 5 मिनट, 10 मिनट एवं 30 मिनट के अनावरण समय में क्रियान्वित किये गये हैं। प्रारंभिक प्रयोग चित्र 2 में दर्शाये अनुसार आरओएस संघनन में वृद्धि को दर्शाते हैं, जो कि ट्यूमर कोशिकाओं को मारने के लिए आवश्यक है।

प्लाज़्मा जेट द्वारा त्वचा रोगों का उपचार: पीजी मेडिकल कॉलेज कोलकाता में त्वचा विशेषज्ञों की निगरानी में त्वचा संक्रमण के उपचार के लिए एफसीआईपीटी द्वारा विकसित वायुमण्डलीय दाब प्लाज़्मा जेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस प्लाज़्मा जेट को नंगे हाथों से छू सकते हैं और इस तकनीकी को मेसर्स आदित्य हाई वैक्यूम प्रा. लिमिटेड को सफलतापूर्वक हस्तांतरित किया गया है। भारत में पहली बार नैतिक अनुमति लेने के बाद टिनिआ क्रूरिस (फंगल रोग) के उपचार के लिए मानव शरीर पर प्लाज़्मा जेट का प्रत्यक्ष इस्तेमाल किया गया है। प्लाज़्मा जेट से 20 मिनट तक रोगी का उपचार किया गया है। यह उपचार सप्ताह में एक बार करते हुए एक महीने तक किया जाता है। पहले और दूसरे उपचार के बाद रोगी स्वस्थ हुआ और फंगल संक्रमण में सुधार पाया गया है।

बीएआरसी एवं एनपीसीआईएल के साथ गांठदार जंग के अध्ययन के लिए वायुमण्डलीय दाब CO_2 प्लाज़्मा स्रोत का विकास: एनपीसीआईएल में न्यूक्लियर रिएक्टर के दाब ट्यूब के लीक होने का कारण गांठदार जंग भी था। जंग के बढ़ने की इस परिघटना के मूल कारण को समझने के लिए गहन अनुसंधान एवं विकास पर विचार किया गया, ताकि सभी दाबित भारी पानी रिएक्टरों (PHWRs) में दाब ट्यूबों को दीर्घकालीन सुरक्षित रखा जा सकें। आयनित कार्बन डाई ऑक्साइड (अर्थात् विकिरण आयनीकरण) के कारण जंग की संभावना होने की जांच करने के लिए एक लैब स्केल कार्बन डाईऑक्साइड प्लाज़्मा स्रोत की आवश्यकता थी।

एफसीआईपीटी, आईपीआर में वायुमण्डलीय दाब पर प्रचालन कर रहे एक कार्बन-डाईऑक्साइड प्लाज़्मा स्रोत को विकसित किया गया है। विकिरण आयनीकरण के संबंध में रिएक्टर पर्यावरण का सिमुलेशन करने में इस प्लाज़्मा स्रोत का उपयोग करने की संभावना है, जिससे



चित्र A.3.1 पीजी मेडिकल कॉलेज कोलकता में त्वचा विशेषज्ञों की निगरानी में त्वचा संक्रमण के उपचार के लिए वायुमण्डलीय दाब प्लाज़्मा जेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

चित्र A.3.2 गांठदार जंग अध्ययनों के लिए बनाया गया CO_2 प्लाज़्मा

ZR-2.5Nb दबाव ट्यूब सामग्री की गिरावट का अध्ययन किया जा सकता है। चित्र A.3.2 में कार्बन डाई ऑक्साइड वायुमण्डल में क्रियाशील जिरकोनियम मिश्रधातु ट्यूब के समीप कई प्लाज़्मा जेट को दर्शाता है। परिणामस्वरूप यदि विकसित गांठों को पाया गया, तो इस परिघटना को अच्छी तरह से समझने में मदद मिलेगी।

अधिक विश्वसनीयता से युक्त नयी जैवचिकित्सा का विकास: जैवचिकित्सा उपयोग के लिए समतल स्टेनलैस स्टील (SS 316L) एवं Ti मिश्रधातु नमूनों और साथ ही प्रोटोटाइप Hip implants balls पर टाइटेनियम(Ti)-टाइटेनियम नाइट्राइड (TiN) बहुपरत लेपन को विकसित किया गया है। सीजसीआरआई, कोलकाता में जैवपात्रता का परीक्षण चल रहा है।

अमृता विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर के लिए प्लाज़्मा आधारित TiN कॉटिंग प्रणाली का विकास: इस परियोजना के तहत एफसीआईपीटी में प्लाज़्मा आधारित TiN लेपन प्रणाली को विकसित किया गया और अमृता विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर में सफलतापूर्वक संस्थापित किया गया है। अंतरिक्ष प्रयोग में इस्तेमाल हो रही एल्युमिनियम सतहों पर TiN और तांबे के जमाव का अध्ययन करने में इस प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है।

आईपीआर-गिफ्ट सिटी अनुबंध

आईपीआर ने गिफ्ट सिटी (स्मार्ट सिटी गांधीनगर) के साथ 150 किलो ग्राम प्रति दिन की क्षमता वाले प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रणाली के संस्थापन एवं कमीशननिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया था। इस परियोजना की गतिविधि के लिए गिफ्ट सिटी ने आईपीआर के तकनीकी लाइसेंसिंग पार्टनर मेसर्स बी एल इंजीनियरिंग (बीएलई) को कार्य आदेश दिया है। बीएलई ने मार्च 2017 में आईपीआर टीम के तकनीकीय परामर्श से इस प्रणाली को गिफ्ट सिटी में संस्थापित एवं कमीशन किया है। इस प्रणाली में गिफ्ट सिटी में अन्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र से निकल रहे पेपर, प्लास्टिक और एसटीपी (मलजल उपचार संयंत्र) अपशिष्ट के लिए पूर्णतः स्वचालित रिमोट फिडिंग



पानी के अंदर नॉन थर्मल प्लाज़्मा का निर्माण

चित्र A.3.3: अनुपचारित पानी में पीएडब्ल्यू एवं ई कोली सोल्युशन के बीच विभिन्न पारस्परिक क्रिया अवधि के दौरान ई कोली बैक्टीरिया वृद्धि (a) 0 मिनट (b) 15 मिनट (c) 30 मिनट

प्रणाली है। यह पूरा संयंत्र, विभिन्न मापयंत्रणों एवं पीएलसी तथा एचएमआई आधारित नियंत्रण प्रणाली द्वारा संचालित है। इस प्रणाली को सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है।

प्लाज़्मा सक्रिय जल के इस्तेमाल से सूक्ष्मजीवों को निष्क्रिय करना: प्लाज़्मा सक्रिय जल (पीएडब्ल्यू) को गैर-ऊष्मीय या ऊष्मीय प्लाज़्मा से पानी का संपर्क होने पर रसायनिक प्रजाति गठित होकर प्लाज़्मा स्राव के एक्सपोजर के दौरान या स्विच ऑफ होने के बाद पानी से प्रक्रिया करने की स्थिति के रूप में परिभाषित किया है। प्लाज़्मा सक्रिय जल एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो हानिकारक सूक्ष्मजीवों को मारने में उपयोगी है, ताकि विभिन्न त्वचा संबंधी रोगों का उपचार किया जा सकता है जिससे कृषि में कीटनाशकों का इस्तेमाल करने की अवश्यकता नहीं होगी। अध्ययनों से पता चलता है कि प्लाज़्मा सक्रिय जल प्रतिक्रियाशील नाइट्रोजन प्रजातियों (आरएनएस) से युक्त है जिसमें नाइट्रस (NO_2^-) एवं (NO_3^-) तथा प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियाँ (आरओएस) जैसे कि पेरोक्सी रेडीकल (.OOH) शामिल है और हाईड्रोजन पेरॉक्साइड पानी में घुल जाता है। इसमें इलेक्ट्रान ऑक्सिजन प्रजातियों से जुड़ जाते हैं और ऑक्सीकरण प्रतिक्रियाओं का रेचन करने में सहायता करते हैं। हाल ही में हुए शोध से यह पता चला है कि सूक्ष्मजीव कोशिकाओं को प्लाज़्मा सक्रिय जल के साथ संपर्क में लाने से मारा जा सकता हैं। एफसीआईपीटी, आईपीआर में एक नये उपकरण और प्रयोग को विकसित किया है जिससे गैर ऊष्मीय प्लाज़्मा का इस्तेमाल करके सक्रिय जल को उत्पादित किया जा सकता है। गुजरात पर्यावरण प्रबंधन संस्थान (जीईएमआई), गांधीनगर की सहायता से प्रारंभिक



चित्र A.3.4: सामान्य नल के पानी के इस्तेमाल से धोए हुए आलू की तुलना में पीएडब्ल्यू से धोए हुए आलू केअंकुरण व्यवहार में वृद्धि

रसायनिक विश्लेषण एवं सूक्ष्मजीव विश्लेषण को क्रियान्वित किया गया है। जीईएमआई, गांधीनगर में अनुपचारित एवं प्लाज़्मा सक्रिय जल (पीएडब्ल्यू) में ई कोली बैक्टीरिया वृद्धि अध्ययन को क्रियान्वित किया गया था। अलग-अलग प्रायोगिक स्थितियों में ई कोली बैक्टीरिया की वृद्धि को चित्र A.3.3 में दर्शाया गया है। यह भी देखा गया कि पानी में प्लाज़्मा प्रेरित रसायनिक परिवर्तन से सब्जियाँ जैसे कि आलू के अंकुरण व्यवहार में वृद्धि हुई है। नल के पानी से और पीएडब्ल्यू से धोए हुए आलू में यह पाया गया कि धोने के 7 दिनों के बाद सामान्य नल के पानी के इस्तेमाल से धोए हुए आलू की तुलना में पीएडब्ल्यू से धोए हुए आलू केअंकुरण व्यवहार में वृद्धि हुई है, जैसा कि चित्र A.3.4 में दिखाया गया है।

एफसीआईपीटी-टीईएक्स परियोजना (डीएसटी द्वारा वित्तपोषित) आईपीआर, गांधीनगर और मैन मेड टेक्स्टाइल रिसर्च एसोसिएशन (MANTRA) के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है। इस परियोजना के तहत 2.5 मीटर चौड़े इलेक्ट्रोड जोड में वायुमण्डलीय दाब प्लाज़्मा उत्पन्न करने की क्षमता रखने वाले एक शक्ति स्रोत को विकसित किया गया है। इस प्रणाली में कपड़े को 60 मीटर प्रति मिनट की मध्यम गति तक संसाधित किया जा सकता है। एफसीआईपीटी, आईपीआर में 2.5 मीटर चौड़े इलेक्ट्रोड जोड़ में वायुमण्डलीय दाब पर डाईइलेक्ट्रिक बैरियर डिस्चार्ज (डीबीडी) प्लाज़्मा जनरेशन का परीक्षण किया गया ह।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में कृषि में इस्तेमाल किये जा रहे कटिंग ब्लेडों की कार्य क्षमता में सुधार के लिए एक नवीन प्रक्रिया : परंपरागत प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग औद्योगिक घटकों के जीवन को बढ़ाने की एक लोकप्रिय प्रक्रिया है, जिससे सतह कठोरता, रगड़ प्रतिरोध, श्रांति सामर्थ्य एवं जंग प्रतिरोध जैसे गुणधर्मों में सुधार किया जाता है। हालांकि यह प्रक्रिया नुकीले ब्लेड के लिए उपयोगी नहीं है। क्योंकि प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग के बाद नुकीली किनार नाजुक हो जाती है और कटिंग के दौरान टूट जाती है। इस अध्ययन में खोखले पिंजरे का इस्तेमाल करके कृषि के कटिंग औजारों की काटने की क्षमता का अध्ययन करने के लिए एक नवीन प्रक्रिया को विकसित किया है। खोखले पाइपों में एक ऋणात्मक झुकाव को प्रयुक्त किया गया और बिना किसी विभव को प्रयुक्त किये ब्लेडों को नाइट्राइडित किया गया। इन कृषि उपकरणों को नागालैंड में बांस की शाखा को काटने के लिए खेतों में परीक्षण करने के लिए भेजा गया था। यह पाया गया कि बिना उपचार के औजारों की तुलना में इस प्रक्रिया से संसाधित कृषि औजारों की काटने की क्षमता तीन गुना बेहतर है।

खाद्य पैकेजिंग अनुप्रयोगों के लिए ऑक्सीजन अवरोध लेपन:
यह परियोजना पॉलिथिन पैकेजिंग वेब के ऑक्सीजन प्रसार अवरोध गुणधर्मों की वृद्धि के लिए है। पॉलिथिलिन एक अच्छा यांत्रिकी और गर्म सील गुणधर्मों से युक्त बहुत किफायती पैकेजिंग पॉलिमर है, लेकिन ऑक्सीजन अवरोध सामग्री के लिए उपयुक्त नहीं है। इस कारण इसका इस्तेमाल एक बहु-परत पैकेज के रूप में अन्य पॉलिमर सामग्री के साथ किया जाता है। बहुपरत पैकेजिंग सामग्री की रिसाइकलिंग लगभग काम में नहीं आती और इसलिए एकल परत वाली पैकेजिंग सामग्री को प्राथमिकता दी जाती है। पीईसीवीडी पद्धति का इस्तेमाल करके विभिन्न प्रक्रिया पैरामीटर से पॉलिथीन पैकेजिंग सामग्री पर SiOxi लेपन को लगाया गया ताकि उसके ऑक्सीजन प्रसार अवरोध गुणधर्मों को बढ़ाया जा सके।

मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग का इस्तेमाल करके सीजेडजीएस आधारित सौर कोशिका का विकास : इस कार्य के अंतर्गत मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग का इस्तेमाल करके सीजेडटीएस(Cu_2ZnSnS_4) आधारित सौर कोशिकाओं को निर्मित किया गया है। पहले मॉलिबडेनम ((Mo) परत को DC मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग का इस्तेमाल करके सोडा चूना काँच पर जमाया गया, इसके बाद DC-Co- स्पटरिंग से Cu, Zn, Sn परतों को जमाया गया। इसके पश्चात् सल्फर और नाइट्रोजन मिश्रण वातावरण में सल्फीकरण किया जाता है। बाद में कैमिकल बाथ डिपोज़िशन (सीबीडी) पद्धति का इस्तेमाल करके सीडीएस की एक पतली परत लगायी जाती है और फिर आरएफ मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग का इस्तेमाल करके ट्रांसपरेंट कंडक्टिग ऑक्साइड (टीसीओ) के रूप में ZnO: Al परत लगाने के बाद पतली ZnO परत तैयार की जाती है। इस पद्धति का इस्तेमाल करके सौर कोशिकाओं में 2% क्षमता प्राप्त की गई है।

ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (टीईएम) का इस्तेमाल करके सामग्रियों का लक्षण-वर्णन: एक 300 kV FETEM को प्राप्त कर एफसीआईपीटी में स्थापित किया गया है। यह टीईएम, एफईआई बना रही है, जिसका मॉडल Tecnai G2 F30 है। यह उपकरण ईडीएक्स, एसटीइएम और ईईएलएस सुविधाओं से लैस है। इसे मुख्य रूप से उच्च विभेदन प्रतिबिंब, क्रिस्टेलोग्राफिक अध्ययन, दोष की पहचान एवं विश्लेषण के लिए एवं नैनो आकार के कणों और आकृतियों से रसायनिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस उपकरण का नियमित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है।

--!!--

A.4 सैद्धांतिक, मॉडलिंग एवं संगणनात्मक प्लाज़्मा भौतिकी

प्लाज़्मा भौतिकी को अपने मॉडलिंग तथा सिमुलेशन कार्यक्रम के लिए एक अत्यधिक तीव्र संगणनात्मक क्षमता की आवश्यकता होती है। संस्थान ने पिछले कई वर्षों में एक बहु-उपयोगी संगणनात्मक सुविधा विकसित की है। वर्तमान में कार्य निम्नलिखित प्रभागों के अंतर्गत हो रहा है।

A 4.1 अरेखीय प्लाज़्मा अध्ययन एवं अनुकरण 25
A 4.2 लेज़र प्लाज़्मा अध्ययन 27
A 4.3 डस्टी तथा सम्मिश्र प्लाज़्मा अध्ययन 27
A 4.4 संलयन रिएक्टर अध्ययन 28

A 4.1 अरेखीय प्लाज़्मा सिद्धांत तथा सिमुलेशन

निम्न दाब संधारित्र युग्मित प्लाज़्मा में इलेक्ट्रॉन ऊर्जा वितरण फलन तथा इलेक्ट्रॉन-आवरण अंत:क्रिया पर चालन-आवृत्ति का प्रभाव: स्व-सुसंगत पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन का उपयोग करके एक निश्चित वोल्टेज निर्वहन के लिए एक निम्न दाब (5 मी टॉर) संधारित्र युग्मित Ar निर्वहन में इलेक्ट्रॉन ऊर्जा वितरण फलन (ईईडीएफ) तथा इलेक्ट्रॉन-आवरण अंत:क्रिया पर चालन आवृत्ति (27.12-70 MHz) के प्रभाव की जाँच की जा चुकी है। देखा गया है कि चालन आवृत्ति के साथ एक मोड संक्रमण भी होता है। 27.12 MHz की चालक आवृत्ति पर ईईडीएफ का आकार एक दृढ़ द्वि-मैक्सवेलियन होता है जबकि 50MHz की मध्यवर्ती आवृत्ति पर यह कॉन्वेक्स प्रकार का हो जाता है तथा 50MHz से ऊपर की उच्च चालक आवृत्ति पर एक कमजोर द्वि-मैक्सवेलियन प्रकार का हो जाता है। यह ट्रांज़िशन विद्युत क्षेत्र की अस्थिरताओं के कारण होता है, जो आवरण के किनारे के पास से निकली ऊर्जावान पुँजों के इलेक्ट्रॉन निस्सरण की इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा आवृत्ति की वजह से उत्पन्न होती है। 50MHz की ट्रांज़िशन आवृत्ति के नीचे ये उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन अपनी ऊर्जा को निम्न ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉनों में पुनर्वितरित कर देते हैं, जिससे प्लाज़्मा घनत्व लगभग स्थिर रहता है। ट्रांज़िशन आवृत्ति के ऊपर ये उच्च ऊर्जा इलेक्ट्रॉन विपरीत आवरणों के बीच सीमित हो जाते हैं, जिससे आयनीकरण की संभावना बढ़ जाती है, फलस्वरूप प्लाज़्मा घनत्व भी काफी ज्यादा हो जाता है।

निम्न दाब संधारित्र निस्सरणों में इलेक्ट्रॉन तथा आयन गतिकी पर कमजोर स्थैतिक चुंबकीय क्षेत्र का प्रभाव: दोहरी आवृत्ति सीसीपी की तुलना में, चुंबकीय B क्षेत्र (इलेक्ट्रोड के समानांतर) सहित एकल आवृत्ति संधारित्र निर्वहन (सीसीपी) अधिक उन्नत तकनीक है जो आयन ऊर्जा तथा आयन प्रवाह को नियंत्रित करता है। दोहरी आवृत्ति सीसीपी में सीमा होती है क्योंकि या तो आवृत्तियों में युग्मन हो जाता है (यदि निम्न ओर उच्च आवृत्तियाँ बहुत करीब हैं) या फिर विद्युत चुंबकीय प्रभाव (70 मेगाहर्टज से अधिक, युग्मन प्रभाव को सुधारने के लिए) प्रकट होते हैं। पीआईसी सिमुलेशन की मदद से B को अलग-अलग करके हीलियम प्लाज़्मा के इलेक्ट्रॉन तथा आयन गतिकी की जांच की गई है। आवरण की चौड़ाई लगभग 80% तक कम हो जाती है (आयन ऊर्जा नियंत्रित होती है) और घनत्व लगभग 7 गुना बढ़ जाता है (आयन प्रवाह बढ़ जाता है)। चुंबकीय क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनों/आयनों के युग्मित प्रसार के कारण यह विषमता दिखाई देती है।

शीत इलेक्ट्रॉन-पोजीट्रॉन-आयन-प्लाज़्मा में विद्युत स्थिर तरंगों की सापेक्ष वेव-ब्रेकिंग सीमा: शीत इलेक्ट्रॉन पोजीट्रॉन आयन (इपीआई) प्लाज़्मा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिरविद्युत तरंगों के एकल-आयामी अरेखीय प्रसार का विश्लेषण किया गया है। सभी तीन प्रजातियों, नामत: इलेक्ट्रॉन, पॉजीट्रॉन तथा आयान की गतियों को सापेक्षिक माना गया है। वेव ब्रेकिंग के पूर्व ऐसी स्थिरविद्युत तरंग की घ्डवेव ब्रेकिंग सीमाङ्ङ अर्थात अधिकतम स्वीकृत विद्युत क्षेत्र अधिकता का पता लगा लिया गया है। यह प्लाज़्मा वेव के प्रारूप वेग के साथ जुड़े सापेक्ष लोरेन्ट्ज फैक्टर पर, इलेक्ट्रॉन/पॉजीट्रॉन-आयन द्रव्यमान अनुपात तथा संतुलन आयन घनत्व व संतुलन इलेक्ट्रॉन/पोजीट्रॉन घनत्व के अनुपात पर अपनी निर्भरता दर्शाता है। कुछ खगोल-भौतिकी परिदृश्यों के लिए ऐसे अध्ययन प्रासंगिक हैं।

शीत प्लाज़्मा में सापेक्षिक इलेक्ट्रॉन पुँज संचालित लंबवत् वेक-वेव ब्रेकिंग: शीत समरूप प्लाज़्मा में 1 डी-द्रव सिमुलेशन तकनीक का उपयोग करके एक सापेक्षिक इलेक्ट्रॉन पुँज संचालित वेक-क्षेत्र के स्पेस-टाइम विकास का अध्ययन किया जाता है। ऐसा देखा गया है कि वेक तरंग धीमे-धीमे विकसित होकर अंततः टूट जाती है जो घनत्व प्रालेख में तीव्र स्पाइक तथा विद्युत क्षेत्र प्रालेख में आरी जैसी संरचनाएँ दिखती हैं। यहाँ दर्शाया गया है कि उत्तेजित वेक-क्षेत्र एक लम्बवत् अखिज़र-पोलोविन मोड है तथा इसकी अधिक ढाल को इस मोड के प्रावस्था मिश्रण के रुप में समझा जा सकता है, जो सापेक्ष द्रव्यमान भिन्नता प्रभावों की वजह से होता है। इसके अलावा, प्रावस्था मिश्रण समय (ब्रेकिंग समय) का पुँज घनत्व एवं पुँज वेग के एक फलन के रूप में अध्ययन किया जाता है।

शीत प्लाज़्मा में सापेक्ष तीव्र लंबवत् वेव पैकेट का प्रावस्था मिश्रण: शीत समरूप अचुम्बकीकृत प्लाज़्मा में सापेक्ष तीव्र लम्बवत् वेव पैकेट्स के प्रावस्था मिश्रण को डॉसन शीट मॉडल का उपयोग करके विश्लेषणात्मक एवं संख्यात्मक रुप में अध्ययन किया गया है। वेव पैकेट के अधिकतम एवं स्पैक्ट्रम की चौड़ाई को प्रावस्था मिश्रण समय के एक फलन के रूप में लेकर एक सामान्य अभिव्यक्ति उत्पन्न हुई है। पाया गया है कि प्रावस्था मिश्रण समय विस्तार के परिमाण एवं वर्णक्रम की चौड़ाई पर निर्भर करता है। प्रावस्था मिश्रण समय का सैद्धांतिक रूप से वेव पैकेट के विस्तार और स्पैक्ट्रल चौडाई पर आधार का डॉसन शीट मॉडल पर आधारित संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग करके सत्यापित किया गया है।

सापेक्षवाद ब्यूनमेन अस्थिरता का एकल आयामी पीआईसी सिमुलेशन: आंतरिक रुप से विकसित पार्टिल-इन-सेल सिमुलेशन कोड का उपयोग करके एकल आयाम में सापेक्षवादी ब्यूनमेन अस्थिरता के सामयिक और स्थानिक विकास की जाँच की गई। अस्थिरता की उत्तेजना की शुरुआत से लेकर उसके शांत होने और उसके बाद तक के विकास को संख्यात्मक रूप से दर्ज किया गया। सिमुलेशन के परिणामों की द्रव सिद्धांत के साथ मात्रात्मक रूप से तुलना कर ली गई है, एवं इन्हें इस ज्ञात तथ्य के अनुरूप पाया गया है कि सापेक्षवादी प्रभावों के कारण अस्थिरता की अधिकतम वृद्धि दर कम हो जाती है। इसके अलावा यह देखा गया है कि संतृप्ति बिन्दु पर असापेक्षिक परिणामों के विपरीत, स्थिरविद्युत क्षेत्र ऊर्जा घनत्व व प्रारंभिक प्रवाह गतिक ऊर्जा घनत्व का अनुपात स्तर लॉरेन्ट्ज कारक के वर्ग-फल से विपरीत होता है। ऊर्जा घनत्वों के स्तर पर यह अद्‌भुत परिणाम द्रव सिद्धातों से उत्पन्न प्रवर्धनों से मात्रात्मक रूप से समान है।

टकरावरहित प्लाज़्मा की स्थिरता पर अनडैम्प्ड सुसंगत संरचनाओं को घेरे हुए कणों का प्रभाव: टकरावहीन प्लाज़्मा के लिए अपनी सुसंगत संरचनाओं की अनिवार्य अरैखिक विशेषता एक उत्कृष्ट धारणा है, जो स्थिर, कमजोर आयाम सीमा में नैनोइडल इलेक्ट्रॉन तथा आयन छिद्र विधि की निरंतरता द्वारा वर्णित है, जो एक बहुप्रचालिक अरैखिक प्रसार संबंध से नियंत्रित होती है। अनडैम्प्ड प्लाज़्मा मोड की प्रसिद्ध निराली संरचना इस अरैखिक सातत्य में मूल रूप से सन्निहित है, क्योंकि प्लाज़्मा की सूक्ष्म बनावट उच्च तापमान टकरावहीन प्लाज़्मा में खुद को दर्शाना शुरू कर देती है। यह प्लाज़्मा विक्षोभ के रैखिक सीमारेखा आधारित परिचालन तंत्र को एक मौलिक अरेखीय बहुमुखी तंत्र में रुपांतरित करता है। असतत और सतत सीमाओं को जोड़ती बढ़ती हुई गहनता के व्यापक तीन स्तरीय विवरण के आधार पर परिहार्य प्रतिध्वनित क्षेत्र को विश्लेषित किया गया और यह दर्शाया गया कि सुसंगत स्थिरविद्युत साम्य आमतौर पर गतिक कण प्रपाशन के द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं ओर इसीलिए मूल रुप से अरैखिक हैं। फलन एवं प्राचल क्षेत्र में स्थिरता सीमा के जटिल नमूने के कारण वे नम तथा बढ़ते हुए तरंगों के बीच एक संबंध स्थापित करके प्लाज़्मा स्थिरता को जटील एवं मुश्किल बना देते हैं। जब भी प्रतिध्वनित कण शामिल होते हैं, तब इन सुसंगत तरंगों का वर्णन करने में रैखिक व्लासलॉव दृष्टिकोण की असफलता इसका सीधा परिणाम है। रेखिकता और उसके फलस्वरूप लैंडाऊ दृष्टिकोण के टूटने से, तथा अरेखीय कण प्रपाशन प्रभावों को सम्मिलित करने की जरूरत स्थायित्व सिद्धांत के लिए एक नयी बड़ी चुनौती है, ताकि यह सिद्धांत एकल, लैंडाऊ जेसे स्थिर मानदंड की स्थापना कर सके जो सूक्ष्म आंतरिक परिस्थितियों से स्वतंत्र हों और जो डैंपिंग एवं विकास दोनों दिशाओं में सीमांत स्थिरता से विचलन को थाम सकें। उच्च विभेदन, सटीक घन अनुपात, बहुप्रजातीय, टकरावहीन प्लाज़्मा सिमुलेशन द्वारा यह स्थापित किया जाता है कि किस प्रकार इन मोड़ों के सहित एक अतिसंवेदनशील प्लाज़्मा उत्तेजना में प्रावस्था क्षेत्र में बहुत छोटे उतार-चढ़ाव भी एक ट्रिगर एजेन्ट का काम कर सकते हैं।

फ्रस्ट्रेटेड्ड ज्यामिति में समय-विलम्ब युग्मित प्रावस्था दोलकों की सामूहिक गतिशीलता: प्रकृति में कई जटिल नेटवर्क प्रणालियाँ उसी अवस्था में आराम करती हैं, जहाँ उनके व्यक्तिगत तत्व अपने युग्मित तत्वों से विपरीत स्थिति में रहना पसंद करते हैं। एक समान रुप से फ्रस्ट्रेटेड जनसंख्या उस प्रणाली में मिलेंगे जहाँ प्रत्येक तत्व एक से अधिक युग्मित तत्वों के साथ युग्मित होता है। हालांकि एक समान असफलता अक्सर दुर्लभ होती है तथा ताल-मेल के समूह उपस्थित होते हैं। ऐसी जटिल प्रणालियों में तत्वों के बीच संचार में समय-विलंब करके एक पूर्ण ताल-मेल प्राप्त किया जा सकता है। हम ऐसे प्रतिकारपूर्वक युग्मित अरेखीय दोलकों की प्रणाली की गतिकी पर समय विलम्ब के

प्रभाव का अध्ययन करते हैं, जिन्हें ज्यामितीय रुप से विफल नेटवर्क की भाँति बनाया गया है जहाँ प्रत्येक दोलक अपने पड़ोसी के लिए असमकालिक होना चाहता है। समय विलम्ब के अभाव में, पूर्णतः समकालिक स्थिति को छोड़कर, जो आमतौर पर आकर्षित युग्मित प्रणाली के लिए प्राप्त की जाती है, यह प्रणाली कई समकालीन सामूहिक स्थितियों में उच्चस्तरीय बहुस्थिरता के लिए जाना जाता है। युग्मन में समय विलम्ब से यह बाधा दूर होती है तथा मानकों की एक श्रेणी में सार्वभौमिक रूप से समकालिक निम्नतम अवस्था प्राप्त होती है। प्रणाली में समय विलम्ब की मात्रा के साथ विफलता के बदलाव का मात्रात्मक अध्ययन किया गया तथा उसमें एक सार्वभौमिक स्केलिंग व्यवहार पाया गया। समय विलम्ब तथा प्रणाली की सामूहिक आवृत्ति के उत्पाद के फलन के रुप में विफलता का परिवर्तन एक विशेष वक्र की तरह देखा जाता है जो समान दोलकों तथा युग्मन शक्तियों की सभी प्राकृतिक आवृत्तियों के लिए आम है। इस प्रकार प्रणाली में असफलता की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए समय विलम्ब को एक ट्यूनिंग मापदंड की तरह उपयोग किया जा सकता है तथा उसके सामूहिक व्यवहार को प्रभावित करता है। परिणामों का संभवतः उपयोग, इन तमाम व्यवहारिक अनुप्रयोगों जहाँ विफल विन्यास और समय विलम्ब साथ में उपस्थित है, ऐसे स्थूलऔर जैविक प्रणालियों में किया जा सकता है।

A.4.2 लेज़र प्लाज़्मा अंतःक्रिया अध्ययन

लेज़र संचालित परमाणु गुच्छ का आण्विक गतिशीलता सिमुलेशन: एक गुच्छ के अहार्मोनिक स्थिरविद्युत विभव के लेज़र चालित इलेक्ट्रॉन की समय-आश्रित आवृत्ति जब लेज़र आवृत्ति के बराबर हो जाती है तो लेज़र प्रकाश का अहार्मोनिक अनुनाद (एएचआर) अवशोषण होता है। हालांकि, यह प्रक्रिया अभी भी विवाद का विषय है। एएचआर की जाँच के लिए एक त्रि-आयामी आण्विक गतिकी (एमडी) कोड का विकास किया गया है। कुलंब विभव के माध्यम से हमने इलेक्ट्रॉन (ई) और आयनों (आई) के साथ आयनित क्लस्टर/गुच्छ की अंतःक्रिया (ई-ई, ई-आई एवं आई-आई अंतःक्रिया) की बहुकण गतिकी का अध्ययन किया है। शुद्ध कुलंब के एकल विभव के कारण (जब दो कण बहुत समीप होते हैं) अपदार्थ ऊर्जा लाभ होता है। सॉफ्ट कोर कुलंब विभव का प्रयोग करके कुलंब एकलता को कम किया जाता है। यह पाया गया है कि इस सॉफ्ट कोर मापदंड के कुछ निश्चित मूल्य जो विग्नर-सीज त्रिज्या के करीब हैं, एक गोलाकार प्रणाली के सही Mie-प्लाज़्मा तथा सही प्लाज़्मा दोलन बनाते हैं। ड्यूटेरियम समूहों में लेज़र प्रकाश के अवशोषण पर विस्तृत अध्यन किया गया है, जो स्पष्ट रूप से बताता है कि अहार्मोनिक अनुनाद प्रक्रिया ही प्रधान प्रणाली है।

लेज़र अवशोषण और समूहों के आयनीकरण पर लेज़र तरंग दैर्ध्य का प्रभाव: पहले के लेज़र-समूह अंतःक्रिया प्रयोगों में यह प्रदर्शित हुआ है कि जब विस्तारित समूह की Mie-प्लाज़्मा आवृत्ति लेज़र आवृत्ति के साथ प्रतिरूपित होती हैं, तब लेज़र स्पंदों का अवशोषण बेहतर होता है। हालांकि साहित्य में, जहाँ रेखीय अनुनाद की भूमिका अनुपस्थित थी, ऐसे विवादास्पद परिणाम प्राप्त हुए हैं, और इस प्रकार प्लाज़्मा अनुनाद के भौतिक आधार का उल्लंघन होता है। इस कार्य में हम त्रि-आयामी आण्विक गतिकी (एमडी) सिमुलेशन के द्वारा, एक ड्यूटेरियम समूह से उत्पन्न हो रही लघु लेज़र स्पंदों के अवशोषण पर लेज़र दैर्ध्य के प्रभाव का अध्ययन करते हैं। परिणाम बताते हैं कि कम तीव्रता $< 10^{15}$ W/cm^2 वाली व्यवस्था में, किसी भी स्पंद ऊर्जा के लिए एक तरंग दैर्ध्य होती है, जिसपर समूह अधिकतम ऊर्जा अवशोषित करता है, साथ ही रेखीय अनुनाद के कारण इलेक्ट्रॉनों का अधिकतम बाहरी आयनीकरण होता है, जो समूह विस्तार के प्रारंभिक चरण में पाया जाता है। तीव्रता के बढ़ने के साथ ही अवशोषण वक्र तथा बाह्य आयनीकरण में अधिकतम एक साथ बढ़ती है, परन्तु उच्च तरंगदैर्ध्य की तरफ हट जाती है। लेज़र तीव्रता के एक निश्चित मान के ऊपर $>5x10^{16}$W/cm^2, जब बाह्य आयनीकरण 100% हो जाता है, अवशोषण अधिकतम गायब हो जाता है। सिमुलेशन परिणामों को समझने के लिए विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। अगले चरण में हम दुर्लभ गैस समूहों (जैसे Ar, Xe) के लिए स्व-सुसंगत आयनीकरण प्रक्रिया शामिल करने की योजना बनाएँगे तथा आयनीकरण पर लेज़र तरंग दैर्ध्य के आगामी प्रभाव का अध्ययन करेंगे।

A 4.3 डस्टी प्लाज़्मा/सम्मिश्र प्लाज़्मा अध्ययन

प्लाज़्मा में घिरे हुए डस्ट-वोर्टेक्स प्रवाह में अरेखीय प्रभावः बहते हुए प्लाज़्मा में विद्युत से रुके हुए धूल के बादल में भँवर जैसी संरचनाएँ एक चालित प्रणाली का गठन करती हैं, जो ऊष्मागतिक संतुलन से अलग रहते हुए कई जटिल प्रणालियों की मौलिक विशेषताओं की जाँच करने की अनुमति देती हैं। इस प्रणाली से प्रयोगात्मक रुप से उत्पन्न टोरोइडल संरचनाएँ विशाल नेवियर-स्टोक्स व्यवस्था में द्वि-आयामी द्रवगतिकी का उपयोग करते हुए आयतन चालित क्षय होनेवाली भँवर प्रवाह गतिकी के अध्ययन की प्रेरणा देती हैं। इस प्रणाली के लिए अरेखीय संतुलन प्राप्त किए जाते हैं जहाँ असमान रुप से संचालित द्वि-आयामी धूल प्रवाह स्थानीय त्वरण के अलग-अलग क्षेत्रों और सीमाओं पर धूल के प्रवाह का विरोध करने वाले तरल पदार्थों द्वारा उत्पन्न प्रबल घर्षण का प्रदर्शन करते हैं। प्रयोगों में प्राप्त हुए परिणामों से मेल खाते हुए यह दिखाया गया है कि लघु श्यनता की सीमा में अरेखीय प्रवाह दिखाई देते हैं, जहाँ प्राथमिक भँवर डोमेन टोपॉलॉजी के सबसे प्रभावशाली

स्पेशियल स्केल्स के साथ स्केलिंग बनाते हैं, और अपनी परिधि के चारों ओर अलग-अलग आभासी सीमाएँ विकसित करते हैं। यह विभाजन एक महत्वपूर्ण क्रांतिक डस्ट श्यनता के बाद शुरू होता है जो संरचनात्मक विभाजन का प्रतीक है। कोर और माध्यमिक भंवर एक नए स्तर के समान गतिकी सूक्ष्म जैवभौतिकीय आंतरकोशिकीय गतिविधि में जोवियन ग्रेट रेड स्पॉट की भांति विशाल प्रवाहों में अध्ययन की हुई गतिशीलता की उपयुक्तता को दर्शाता है।

A.4.4 संलयन रिएक्टर अध्ययन

भारत में ऊर्जा की माँग तेजी से बढ़ रही है और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डेमो विकास की योजना बनाई गई है। भारतीय परिदृश्य में, स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामक-2 (एसएसटी-2) डेमो के विकास मार्ग पर एक मध्यवर्ती मशीन है। एसएसटी-2 का मुख्य उद्देश्य रिएक्टर की प्रस्तावित विकास संबंधित गतिविधियों का परीक्षण और प्रमाणन करने के लिए एक डी-टी संलयन रिएक्टर का विकास करना है। इस मशीन से हमें इटर के समान अनुभव हासिल होगा, परन्तु साथ ही अन्य महत्वपूर्ण फायदे भी हैं। सर्वप्रथम यह हमें स्वदेशी विकसित तकनीकी घटक जैसे ब्रीडिंग ब्लैंकेट, हीलियम शीतलित विपथक आदि का एकीकृत परीक्षण करने की अनुमति देगा। एसएसटी-2 के बाहर के बोर्ड को ब्रीडिंग ब्लैंकेट से ढक के, तथा अंदर के बोर्ड को परिरक्षण ब्लैंकेट से ढक के एक संपूर्ण परीक्षण करने की योजना है। इससे डेमो रिएक्टर का ब्लैंकेट संचालन का अनुकरण किया जा सकेगा और आवश्यकता पड़ने पर डेमो के डिज़ाइन को संशोधित करने के लिए प्रतिक्रिया देगा। दूसरे यह राष्ट्रीय नेटवर्क के संगठनों और उद्योग दोनों में अनुभवी जन-समूह का निर्माण करेगा जो डेमो के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। पूर्व धारणा चरण के लिए एसएसटी-2 का डिज़ाइन एवं प्रदर्शन विश्लेषण प्रगति पर है। एसएसटी-2 के लिए अभिमुखता अनुपात (टोकामक की बड़ी त्रिज्या छोटी त्रिज्या का अनुपात) में वृद्धि के प्रभाव की जाँच करके अभिमुखता अनुपात अध्ययन किये गये हैं। ये अध्ययन इसलिए किया गया क्योंकि एसएसटी-2 का वर्तमान अभिमुखता अनुपात, केन्द्रीय सोलेनोएड (सीएस) के लिए छोटा स्थान उपलब्ध होने के कारण आवश्यक डिस्चार्ज अवधि प्रदान नहीं करता। अभिमुखता अनुपात में वृद्धि से स्पंद अवधि बढ़ जाती है, लेकिन संलयन उत्पादन घट जाता है। अभिमुखता अनुपात अध्ययनों के आधार पर एसएसटी-2 के लिए विभिन्न अभिमुखता अनुपातों के लिए भौतिकी प्राचलों को तैयार किया गया है।

रिएक्टर अभिकल्पन: एसएसटी-2 निर्वात पात्र का संकल्पनात्मक अभिकल्पन प्रगति पर है। एसएसटी-2 के लिए दोहरी दीवार वाले 'D' आकार के निर्वात पात्र पर पहचान की गई तापीय, भूकंपीय और संरचनात्मक भार के साथ इंजीनियरिंग की आवश्यकताएं और डिज़ाइन आधार का मूल्यांकन किया गया है। सीएडी परिवेश में 2डी सतह ज्यामिति के रूप में वीवी की प्राचल मॉडलिंग को तैयार किया गया, जबकि एफईएम संवेदनशीलता विश्लेषण के समय शेल और रिब्स की वास्तविक मोटाई निर्धारित की गई है। इन घटनाओं के प्रभाव के प्रारंभिक मूल्यांकन एएसएमई और आरसीसी-एमआर कोड के संबंध में निर्वात पात्र की संरचनात्मक अखंडता की गारंटी के लिए गणना की गई संरचनात्मक मार्जिन पर निष्पादित किया गया है। वेल्डिंग विरूपण का पूर्वानुमान और वीवी के निर्माण अनुक्रम के अनुकूलन के लिए कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन प्रक्रियाओं, वेल्ड प्राचलों, ज्यामिति, जोड़ के प्रकार, अनुक्रम, क्लैंपिंग स्थितियाँ, वेल्डिंग दिशा, ताप, मेटलर्जिकल, यांत्रिकी सामग्री व्यवहार और स्थानीय-वैश्विक दृष्टिकोण जैसे कई कारकों को ध्यान में रखकर किया गया हैं। प्लाज़्मा के स्थिर अवस्था प्रचालन के लिए एसएसटी-2 के चुंबकों की प्रकृति अति-चालक होगी। प्लाज़्मा को सीमित करने के लिए आवश्यक टोरोइडल क्षेत्र (टीएफ) की कॉयलों की संख्या अठारह है। प्लाज़्मा को आकार देने के लिए पोलोइडल क्षेत्र (पीएफ) कॉयलों की आवश्यकता होती है। लगभग 12T के कंडक्टर पर स्वीकार्य अधिकतम क्षेत्र (BTmax) वाले टीएफ कॉयल को 0.03% से कम तरंग पर विचार किया गया है। केंद्रीय सोलेनोएड (सीएस) के साथ पोलोइडल क्षेत्र (पीएफ) कॉयल, ओमिक प्लाज़्मा को शुरू करने और बनाए रखने के लिए वोल्ट-सेकंड प्रदान करेगा। एसएसटी-2 के सीएस और पीएफ कॉयल में तीन जोडें मॉड्यूल और तीन जोड़ें टॉप-डाउन सममित कॉयलें है जिन्हें प्लाज़्मा संतुलन के लिए माना जाता है। 12 T के चुंबक क्षेत्र के लिए सीएस कॉयल की अनुमानित वोल्ट-सेकंड क्षमता लगभग 50 Wb है, जिसे ऋणात्मक परिवर्तक प्रचालन से दोगुना किया जा सकता है। वीएमओएम कोड का इस्तेमाल करके पीएफ कॉयलों से लगभग 26 Wb के अतिरिक्त वोल्ट-सेकंड का भी आकलन किया गया है।

नाभिकीय विश्लेषण: संलयन रिएक्टरों के डिज़ाइन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। परिरक्षण प्रदर्शन एवं ट्रिशियम ब्रीडिंग क्षमताओं का आकलन करने के लिए एसएसटी-2 का नाभिकीय विश्लेषण क्रियान्वित किया गया है। एक संशोधित त्रिज्या संरचना को तैयार किया गया और उसका नाभिकीय विश्लेषण किया गया है। 5 FPY के लिए ट्रिशियम ब्रीडिंग प्रदर्शन और परिरक्षरण क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए इस संशोधित त्रिज्या संरचना का नाभिकीय विश्लेषण किया गया है। यहाँ रिपोर्ट की गई न्यूट्रॉनिक्स और परिरक्षण गणनाएं एक-आयामी असतत-आर्डिनेट्स कोड, ANISN को P5-S8 समीपता और 46n-21g समूह संरचना में FENDL-2.1 क्रॉस-सेक्शन लाइब्रेरी का उपयोग

कर की गई थी। एसएसटी-2 रिएक्टर ज्यामिति को 1 cm की ऊंचाई के एक टोरोइडल बेलनाकार मॉडल का इस्तेमाल करके मॉडल किया गया था। आईबी और ओबी घटकों को बीच में प्लाज़्मा चैम्बर के साथ संकेंद्रिक बेलनाकार रिंग के रूप में और टोरस अक्ष को मॉडल समरूपता अक्ष के रूप में मॉडल किया जा रहा है। 14 MeV स्रोत न्यूट्रॉनों को बेलनाकार प्लाज़्मा रिंग में समान रूप से वितरित किया गया, जिसमें आईबी और ओबी पर 9cm का प्रत्येक परिमार्जन-क्षेत्र शामिल है। परावर्तक सीमा की स्थिति को टोरस अक्ष पर लागू किया गया है, क्योंकि गणना में डेढ़ ज्यामिति का उपयोग किया गया है। इस तरह एसएसटी-2 मॉडल को 1 डी ज्यामिति ANISN गणना में अनुकरित किया है। न्यूट्रॉनिक्स गणनाओं के लिए प्रत्येक क्षेत्र में सामग्रियों का समान रूप से मिश्रण किया गया है। न्यूट्रॉन और गामा-प्रवाह के स्थानिक और ऊर्जा वितरण, ट्रिशियम ब्रीडिंग अनुपात (टीबीआर) और टीएफ कॉयल के लिए विकिरण भार को प्राप्त करने के लिए युग्मित न्यूट्रॉन/गामा गणनाएँ क्रियान्वित की गई हैं। एसएसटी-2 रिएक्टर के लिए विकल्प के रूप में दो ब्रीडर ब्लैंकेट संकल्पनाओं पर विचार किया गया है। प्रमुख ब्लैंकेट संकल्पना लेड-लिथियम सिरेमिक ब्रिडर (एलएलसीबी) ब्लैंकेट है और दूसरी परंपरागत हीलियम-शीतलित सिरेमिक ब्रीडर संकल्पना (एचसीसीबी) है, जिसकी ज्यामिति डिज़ाइन में भिन्नता है। एसएसटी-2 रिएक्टर के बाहरी ब्रिडर ब्लैंकेट क्षेत्र में इन दोनों संकल्पनाओं को स्थापित करके इनके नाभिकीय प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया है। न्यूट्रॉन और गामा प्रवाहों के त्रिज्या प्रालेखों को एसएसटी-2 रिएक्टर के आईबी और ओबी दोनों में प्राप्त किया गया है।

--!!!--

अध्याय B
इटर-भारत की गतिविधियाँ

पिछले एक वर्ष में इटर-भारत ने इटर परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस अवधि के दौरान इटर-भारत परियोजना के तहत कुछ पैकेजों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। विभिन्न पैकेजों/शीर्षों के अंतर्गत संपूर्ण की गई गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

B 1. भीतरी दीवार परिरक्षण (आईडब्ल्यूएस)

भीतरी-दीवार परिरक्षण (आईडब्ल्यूएस) ब्लॉक को दोहरी दीवार संरचना वाले इटर निर्वात पात्र के बाहरी और भीतरी शैल के बीच रखा जाएगा। आईडब्ल्यूएस का मुख्य कार्य न्यूट्रॉन से बचाव और टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र रिपल को कम करना है। ये परिरक्षण ब्लॉक SS 304B4, SS 304B7, SS 430 एवं SS 316L (N)-IG से बने हैं एवं फास्टनर्स (बोल्ट, नट, स्पेसर्स, वॉशर्स आदि) XM-19 एवं इनकोनल-625 से बने हैं। आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों का निर्माण कार्य अवसरला टेक्नॉलोजिस लि. बैंग्लोर में प्रगति पर है। सही संयोजन मुद्दों की जाँच करने के लिए (i) आईडब्ल्यूएस ब्लॉक, (ii) सहायक रिब + लोअर ब्रैकेट वेल्डेड व मशीन असेम्बलियाँ, (iii) प्लैटफॉर्म एवं (iv) स्टड्स के सख्त कारखाना स्वीकृति परीक्षणों (एफएटी) को क्रियान्वित किया गया है। आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों का आयामी निरीक्षण, विभिन्न आकारों का पूरी सटीकता से संयोजन एवं परिवहन व भंडारण के दौरान अधिक स्वच्छता के लिए निर्वात पैकिंग की गई है। उत्पादन के प्रत्येक चरण में कई तकनीकीय चुनौतियों का समाधान किया गया है। अधिक संख्या में ब्लॉकों एवं घटकों को सफलतापूर्वक निर्मित, संयोजित, निरीक्षित एवं पैक किया गया और यूरोप व कोरिया में भेजा गया है, जहाँ इन्हें निर्वात पात्र के सेक्टरों में एकीकृत किया जाएगा। शेष ब्लॉक और फील्ड जोड़ों का निर्माण और फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण किये जा रहे हैं।

चित्र B.1 भीतरी-दीवार परिरक्षण ब्लॉक असेम्बिलयाँ - निर्मित एवं परीक्षण के तैयार की जा रही है

B.2. क्रायोस्टेट

इटर क्रायोस्टेट - स्टेनलैस स्टील का उच्च-निर्वात दबाव वाला सबसे बड़ा निर्मित घटक (16,000 m^3)- जो इटर निर्वात पात्र एवं अतिचालक चुंबकों के लिए उच्च निर्वात एवं अति-शीतल पर्यावरण प्रदान करता है। लगभग 30 मीटर के व्यास एवं ऊंचाई वाले और स्टेनलैस स्टील से निर्मित क्रायोस्टेट का वजन 3,850 टन है। क्रायोस्टेट को लगभग 54 हिस्सों में निर्मित किया जाएगा, जिसके 4 मुख्य खण्ड बनेंगे- बेस सेक्शन, निचला सिलेंडर, ऊपरी सिलेंडर और शीर्ष ढक्कन। बेस सेक्शन - 1,250 टन का होगा, जो इटर टोकामक असेम्बली का सबसे वजनदार एक अकेला हिस्सा होगा। इटर क्रायोस्टेट घटकों का निर्माण कार्य लार्सन एवं टर्बो हेवी इंजीनियरिंग, हज़ीरा, गुजरात में प्रगति पर है। क्रायोस्टेट बेस सेक्शन के टियर-2 घटकों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिसके बाद निर्माता साइट पर इसका सफलतापूर्वक निरीक्षण एवं असेम्बली का परीक्षण किया गया है। 6 खण्डों (कुल वजन लगभग 720 टन) को हज़ीरा बंदरगाह से दो शिपमेंट में प्रत्येक में 3 खण्डों को जून 2016 और अक्टूबर 2016 को इटर साइट में भेजा गया है। टियर-1 के नीचले सिलेंडर (कुल वजन लगभग 240 टन) का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और जनवरी 2017 के दौरान इसे हज़ीरा पोर्ट से भेजा गया और मार्च 2017 में यह इटर पहुंचा। इटर साइट की क्रायोस्टेट वर्कशॉप में बेस सेक्टशन टियर-1 के लिए वेल्डिंग और परीक्षण गतिविधियाँ प्रगति पर है।

चित्र B.2 इटरसाइट वर्कशॉप में क्रायोस्टेट बेस सेक्शन टीयर-1 वेल्डिंग एवं परीक्षण

B.3. शीतलन जल प्रणाली

इटर की कुछ प्रणालियाँ/घटक प्रचालन के दौरन विशिष्ट तापमान पर कार्य करती हैं और उस तापमान को निर्धारित सीमा में रखे जाने की आवश्यकता होती है। शीतलन जल प्रणाली विभिन्न घटकों/प्रणालियों से ऊष्मा को निकालकर उसे वायुमण्डल में फेंकती है। पाइपिंग निर्माण में आगे प्रगति हुई है और लगभग 600 पाइप स्पूल्स को इटर साइट भेजा गया है। ओज़ोनेटर प्रणाली को इटर साइट में पहुँचाया गया था। कूलिंग टावर, स्टॉप लॉग गेट्स, प्लेट हीट ऐक्सचेंजर्स, प्रेशराइज़र, केमिकल डोज़िंग सिस्टम, प्लेट कंट्रोल सिस्टम, वॉटर-कूल्ड चिल्लर एवं सॉफ्ट स्टार्टर जैसे विभिन्न उपकरणों के लिए निर्माण तैयारी समीक्षा संचालित की गई है। पूना में निर्माता संयंत्र (केल्वियोन एवं किरलोस्कर क्रमशः) स्थल पर 6 प्लेट हीट ऐक्सचेंजर एवं 4 चिलर के लिए कारखाना स्वीकृति परीक्षणों को सफलतापूर्वक किया गया है। इज़राइल में निर्माता परिसर (सोल्कॉन) में चिलर के लिए सॉफ्ट स्टार्टर का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया और पूना में चिलर और सॉफ्ट स्टार्टर का एक साथ परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। ये मदें इटर भेजने के लिए पैकिंग के लिए तैयार की जा रही हैं।

B. 4 क्रायोवितरण एवं क्रायोलाइनें

प्रोटोटाइप क्रायोलाइन (पीटीसीएल-2) का निर्माण पूरा हो चुका है और इसे आईपीआर में इटर-भारत क्रायोजेनिक प्रयोगशाला में प्राप्त कर लिया गया है, जहाँ इसे संस्थापित किया गया एवं क्रायोजेनिक तापमानों पर अस्थायी और साथ ही अंतिम परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किये गये है। इटर क्रायोलाइनों के विभिन्न लॉट के सात डिज़ाइन समीक्षाएँ एवं 3 निर्माण तैयारी समीक्षाएँ सफलतापूर्वक पूरी की गई, जबकि इटर वार्मलाइनों के विभिन्न लॉट की तीन डिज़ाइन समीक्षाएँ सफलतापूर्वक पूरी की गई है। लॉट-Y1 क्रायोलाइनों का निर्माण और परीक्षण INOX इण्डिया लि. में प्रगति पर है, साथ ही लॉट - X3 क्रायोलाइन का निर्माण एयर लिक्विड, फ्रांस में प्रगति पर है। क्रायोवितरण प्रणाली के लिए क्रायोप्लांट टर्मिनेशन कोल्ड बॉक्स (CTCB) का अंतिम अभिकल्पन पूरा हो गया है। सीटीसीबी घटकों जैसे निर्वात शैल, क्रायोजेनिक वाल्व, अंदरूनी पाइपिंग, तापीय कवच, विद्युत कक्ष, क्रायोजेनिक फिल्टर, हीटर एवं निर्वात अवरोध/आवरण के लिए निर्माण तैयारी समीक्षाएँ पूरी कर ली गई है। सीटीसीबी के निर्वात शैल का निर्माण निर्वात अवरोध, फिल्टर एवं हीटर केसिंग सहित पूरा किया गया है। सभी सहायक शीत बॉक्स (एसीबीs) एवं ऊष्मीय शील्ड शीतलन प्रणाली की प्रारंभिक डिज़ाइन समीक्षा पूरी की गई है। एसीबीs की विस्तृत डिज़ाइनिंग की जा रही है।

B.5. आयन साइक्लोट्रॉन तापन एवं धारा चालक स्रोत

आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद आवृत्ति (आईसीआरएफ) रेंज में रेडियो आवृत्ति तरंगों का इस्तेमाल इटर के प्लाज़्मा के लिए तापन एवं धारा चालक पद्धतियों में से एक महत्वपूर्ण सहायक पद्धति है। 2.5 MW/निरंतर तरंग (CW) की क्षमताओं वाले प्रत्येक इकाई के 8 स्रोतों का इस्तेमाल करके आईसीआरएफ शक्ति के कुल 20 MW को लांच किया जाएगा। इस तकनीकी का प्रदर्शन करने के लिए इस पैकेज में एक प्रोटोटाइप इकाई को भी सम्मिलित किया जाएगा। इटर परियोजना के लिए भारत कुल 9 (1 प्रोटोटाइप और 8 श्रृंखला उत्पादन) आईसीआरएफ स्रोतों की आपूर्ति करने के लिए उत्तरदायी है। इटर अनुप्रयोग के लिए सबसे अच्छी उच्च शक्ति वाले निर्वात ट्यूब (डायक्रोड/टेट्रोड) और अन्य महत्वपूर्ण घटकों की पहचान करने के लिए एक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम को आरंभ किया गया है। अंतिम चरण के एम्प्लीफायर के लिए निर्वात ट्यूब तकनीकियों के तकनीकी चयनों को अंतिम रूप देने के लिए दो बड़े अनुबंधों को शुरू किया गया है, एक थेल्स इलेक्ट्रॉन डिवाइसस, फ्रांस के साथ डायक्रोड तकनीकी के लिए और दूसरा कॉन्टिनेन्टल इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन, यूएसए के साथ टेट्रोड तकनीकी के लिए। इटर-भारत परीक्षण सुविधा में असंतुलन लोड स्थिति को सिमुलेट करने के लिए 3MW परीक्षण

चित्र B.3 ओज़ोनेशन प्रणाली इटर साइट को सुपर्द

चित्र B.4 क्रायोप्लांट टर्मिनेशन कोल्ड बॉक्स (सीटीसीबी) वैक्युम शैल



चित्र B.5 इटर-भारत प्रयोगशाला में टेट्रोड आधारित प्रणाली

रिंग को विकसित किया गया है। डायक्रोड आधारित प्रणाली के लिए पूरी प्रणाली की कठोरता एवं संलयन अनुप्रयोग के लिए तकनीकी को बेंचमार्क सत्यापित करने के लिए 6000s के लिए बर्न टेस्ट किया गया था। मिस-मैच ट्रांसमिशन लाइन (एमएमटीएल) प्रणाली को डायक्रोड आधारित आरएफ एम्प्लीफायर के लिए संस्थापित किया गया, ताकि इटर के समान परिवेश परीक्षण किये जा सके और इसे विभिन्न परावर्तन कोणों पर VSWR 2:1 के साथ 1.5MW / 2000 s/35-65MHz पर परीक्षण किया गया है। इन परीक्षणों में अनिवार्य रूप से इटर-प्लाज़्मा के लिए असंतुलन स्थिति में भी स्थिर आईसी शक्ति सुनिश्चित की गई, उदाहरण के लिए किनारी स्थानीकृति मोड (ईएलएमs) की उपस्थिति के कारण असंतुलन स्थिति। इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान डायक्रोड आधारित प्रणाली का इस्तेमाल करके अनुसंधान एवं विकास गतिविधि को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

टेट्रोड आधारित एम्प्लीफायर्स को सहायक एवं अन्य उप-प्रणालियों के साथ इटर-भारत परीक्षण सुविधा में संयोजित एवं एकीकृत किया गया है। प्रारंभ में प्रचालन आवृति रेंज के निम्न आवृत्ति दिशा (36 MHz) पर सुमेलित लोड पर उच्च शक्ति आरएफ परीक्षण क्रियान्वित किया गया और 1.5 MW/ 2000 सेकण्डों एवं 1.7MW/3600 सेकेण्डों तक आवश्यक बैंडचौड़ाई (+/-1 MHz) से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। अन्य प्रचालन आवृत्तियों (45 MHz, 50 MHz, 55 MHz एवं 60 MHz) पर 1MW की आरएफ शक्ति को कई 100 सेकण्डों के लिए निकाला जा सकता है। इटर विनिर्देश के अनुसार आगे का परीक्षण चल रहा है। उच्च शक्ति आरएफ डिज़ाइन एवं निर्माण पद्धति में विशेषज्ञता विकसित की गई है। दिशात्मक युग्मक एवं लचीली ट्रांसमिशन लाइन को विकसित किया गया एवं 1.5MW/2000 sec/35-65MHz के लिए परीक्षण किया गया है। विस्तृत बैंड कम्बाइनर को kW स्तर पर इसकी कार्यक्षमता के लिए विकसित एवं परीक्षण किया गया था। ठोस अवस्था शक्ति एम्प्लिफायर को 1.6 kW/ CW पर परीक्षण किया गया एवं शक्ति का उन्नयन किया जा रहा है।

B.6. इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन तापन (ईसीएच) प्रणाली

इटर में प्लाज़्मा तापन एवं धारा चालक अनुप्रयोगों के लिए इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन आवृत्ति (170 GHz) पर 20 MW आरएफ शक्ति की आवश्यकता है। इटर परियोजना में इटर-भारत द्वारा वस्तु रूप में योगदानों के अंश के रूप में एक प्रापण पैकेज के अंतर्गत उच्च शक्ति जायरोट्रॉन स्रोतों (170 GHz/1MW/3600 s) के दो सेट एवं सहायक प्रणालियाँ शामिल है। प्रापण पैकेज को दो चरणों में पूरा किया जा रहा है। चरण-1 में आईपीआर परिसर में इटर-भारत प्रयोगशाला में एक जायरोट्रॉन परीक्षण सुविधा को स्थापित किया जा रहा है, ताकि प्रणाली का एकीकरण एवं एक परीक्षण जायरोट्रॉन एवं प्रोटोटाइप सहायक प्रणालियों की सहायता से सुपुर्दगियों का एकीकृत निष्पादन परीक्षण किया जा सकें। चरण-2 में वास्तविक इटर सुपुर्दगियों पर काम किया जाएगा। वर्तमान में चरण-1 गतिविधियाँ सक्रिय रूप से की जा रही हैं। वर्तमान वर्ष के दौरान की गई कुछ मुख्य प्रगति इस प्रकार हैं: जायरोट्रॉन परीक्षण सुविधा के लिए सहायक प्रणालियों की दिशा में विभिन्न विकासात्मक एवं प्रापण गतिविधियों को क्रियान्वित किया गया है। जायरोट्रॉन परीक्षण सुविधा के लिए एक बड़े आयतन की शीतलन वितरण प्रणाली को स्थापित करने के लिए अनुबंध दिया गया है। उच्च वोल्टेज ठोस-अवस्था स्विच का उपयोग करके एक किफायती एवं मॉड्यूलर समाधान का प्रोटोटाइप विकास के लिए विचार किया गया जिससे जायरोट्रॉन बॉडी पावर सप्लाई(35kV/100mA/5 kHz) के लिए उच्च आवृत्ति मॉडुलेशन आवश्यकता को पूरा किया जा सके। पहले चरण का परीक्षण सफल रहा एवं प्राप्त परिणाम संतोषजनक थे। वर्धित प्राचलों पर आगे परीक्षण को शुरू किया गया है। जायरोट्रॉन



चित्र B.6 प्रारंभिक परीक्षण परिणामों के साथ जायरोट्रॉन बॉडी पावर सप्लाई प्रायोगिक परीक्षण व्यवस्था

परीक्षण सुविधा के लिए स्थानीय नियंत्रण इकाई के विकास की दिशा में कुछ डिज़ाइन एवं विकास गतिविधियों को क्रियान्वित किया गया है। एक प्रोटोआइप औद्योगिक स्तर के केन्द्रीकृत इंटरलॉक मॉड्यूल को स्वदेश में विकसित किया गया है। इसके कार्यात्मक एवं ईएमसी/ईएमआई गुणवत्ता परीक्षणों को संतोषजनक परिणामों के साथ क्रियान्वित किया गया है। प्रोटोटाइप नालीदार वेवगाइड (63.5mm) के लिए स्वदेशीय विकास परीक्षणों को शुरू किया गया है। लगभग 300 mm लंबाई की वेवगाइड सेक्शन के भीतर सही नालियों का निर्माण करने के लिए कई परीक्षणों के बाद मशीनिंग प्रक्रिया को अनुकूलित किया गया है। इटर परियोजना के परिप्रेक्ष्य में 170 GHz पर एक स्वदेशी जायरोट्रॉन डिज़ाइन एवं विकास कार्यक्रम के लिए चरणबद्ध विकास रोडमैप, सीएसआईआर-सीईईआरआई के साथ समझौता ज्ञापन के तहत शुरू किया गया है।

B.7. डायग्नॉस्टिक न्यूट्रल बीम (डीएनबी)

इटर मशीन में हीलियम राख को मापने के लिए आवेश विनिमय पुनःसंयोजन स्पैक्ट्रोस्कोपी (सीएक्सआरएस) को समर्थन देने के लिए इटर में डायग्नॉस्टिक न्यूट्रल बीम (डीएनबी) (5Hz मॉडुलेशन से 3सेकण्ड चालू/20 सेकण्ड बंद) 100 kV, ~18-20 एम्पीयर्स हाईड्रोजन बीम प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

बीम स्रोत निर्माण: निर्माता मेसर्स पीवीए टेप्ला, जर्मनी एवं उनके उप-ठेकेदारों में डीएनबी बीम स्रोत (त्वरक ग्रिड, ग्रिड समर्थन फ्लैंज एवं फ्रेम, प्लाज़्मा चालक प्लेट, स्रोत केस पार्श्व दीवारें, आरएफ कॉयल, फैराडे शील्ड रियर ड्राइवर प्लेट आदि) के लगभग सभी मुख्य घटकों का निर्माण हो रहा है। इसके निर्माण में सामग्री, वेल्डिंग, सटीक आवश्यकताओं के संदर्भ में जटिलताएँ व्याप्त है और उन्नत तकनीकियों का इस्तेमाल करके, जैसे गहरे छिद्र की ड्रिलिंग, इलेक्ट्रॉन बीम वेल्डिंग, कॉपर इलेक्ट्रो जमाव एवं सटिक मशीनिंग से इन जटिलताओं का समाधान किया जा रहा है।

बीम लाइन घटकों का निर्माण: बीम लाइन घटकों की निर्माण गतिविधियाँ विनिर्माण पीवीए टेप्ला जर्मनी और उनके उप-ठेकेदारों द्वारा शुरू की गई है। न्यूट्रीलाइज़र पैनलों एवं स्टेनलेस स्टील का निर्माण करने के लिए प्रमुख कच्ची सामग्री को प्राप्त कर लिया गया है। आरआईडी पैनलों एवं ताप अंतरण अवयवों का निर्माण करने के लिए मेसर्स एनएफटीडीसी, हैदराबाद द्वारा कच्ची सामग्री CuCrZr की आपूर्ति की गई है। अन्य जटिल प्रक्रियाएँ जैसे आरआईडी पैनलों एवं न्यूट्रलाइज़र पैनलों के गहरे-छिद्र की ड्रिलिंग सफलतापूर्वक की गई है। न्यूट्रलाइज़र, आरआईडी पैनलों एवं जल शीतलन परिपथ का निर्माण करने के लिए विभिन्न समान एवं असमान सामग्री के संयोजन के लिए इलेक्ट्रॉन बीम (ईबी) वेल्ड गुणवत्ता परीक्षण किये जा रहे हैं।

भारतीय परीक्षण संयंत्र (आईएनटीएफ) के लिए डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली (डीएसीएस): आईएनटीएफ प्रचालनों को समर्थन देने के लिए वर्तमान में डीएसीएस की डिज़ाइन एवं कार्यान्वयन उन्नत अवस्था में है। नियंत्रण, डाटा अधिग्रहण एवं सिग्नल कंडिशनिंग से संबंधित मुख्य हार्डवेयर को प्राप्त कर लिया गया है। 3600 सेकण्ड तक के लंबे स्पंदन के लिए डाटा अधिग्रहण का विकास पूरा कर लिया गया है। समय की गणना एवं सिंक्रोनाइज़ेशन प्रणाली से संबंधित नई तकनीकियों का परीक्षण एवं एकीकरण किया गया है।

निर्वात में आरएफ शक्ति प्रयोग: निर्वात में आरएफ प्रचालन की नकल करने के लिए और 180kW 1MHz RF शक्ति के लिए 3 1/8 इंच की आरएफ लाइन के तापमान वृद्धि को जानने के लिए एक सेटअप तैयार किया है। निर्वात के लिए सभी घटकों (फ्लैंज पर संस्थापित) का अलग-अलग परीक्षण किया गया है। निर्वात को 0.0088 mbar के



चित्र B.7 क्रायोकूलर आधारित क्रायोपंप प्रयोग

क्रम में प्राप्त किया है। विसरण पंप द्वारा उच्च क्रम के निर्वात को प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

क्रायोकूलर आधारित क्रायोपंप प्रयोग: हीलियम सेक्शन पर तापमान वितरण की प्रायोगिक पुष्टि को एक 20 W @ 15 K क्रायोकूलर का इस्तेमाल करके एक प्रोटोटाइप पर क्रियान्वित किया गया है। क्रायोकूलर प्रयोगों को निर्वात पात्र में एक LN2 शीतलित विकिरण शील्ड का इस्तेमाल करके निष्पादित किया गया है। निर्वात चैम्बर में निर्वात को $\sim 5x10^{-4}$ mbar के क्रम में बनाए रखा है। प्रोटोटाइप प्रयोग इंगित करता है कि क्रायोपैनल सतह पर तापमान प्रालेख, एक क्रायोकूलर द्वारा ठंडा किया जाता है, जो आईएनटीएफ प्रचालन के लिए उपयुक्त एक कुशल क्रायोसोर्पशन पंप के लिए पर्याप्त है।

क्रयोपंप मॉड्यूल LN2 सेक्शन (विकिरण शील्ड) का निर्माण: प्रत्येक क्रायोपंप, द्रव नाइट्रोजन (LN2) से ठंडे किये हुए 210 वी-आकार के चेवरॉन बैफल्स के बने होते हैं, जो स्टैगर्ड रूप में ठीक से व्यवस्थित रखे जाते हैं, जिससे क्रायोकूलर के आसपास विकिरण शील्ड सक्रिय चारकोल लेपित क्रायोपैनल को ठंडा करती है। चेवरॉन बैफल्स, ओएफएचसी से बनाए जाते हैं, जो ~50μm के मोटे पदार्थ (Al2O3 - TiO2) वाले काले रंग से लेपित होते हैं, जिसमें अधिक अवशोषण एवं उत्सर्जन होता है। सभी बैफल्स एक दूसरे पर स्पेसर्स का उपयोग करते हुए ढेर किये जा रहे हैं और इसके बाद निर्वात (द्रव नाइट्रोजन) को LN2 पाइपों के लिए ब्रेज़ करना है। लगभग 80% चेवरॉन बैफल्स को काले रंग से लेपित किया गया हैं और LN2 पाइपों से चेवरॉन बैफल्स की निर्वात ब्रेजिंग को शुरू किया गया है।

B.8. शक्ति आपूर्ति समूह

शक्ति आपूर्ति समूह, इटर, फ्रांस की डीएनब, आईसीएच व सीडी तथा ईसीएच व सीडी प्रणाली के लिए तथा पदोवा, इटली में न्यूट्रल बीम परीक्षण सुविधा में स्पाइडर प्रयोगों के लिए विभिन्न उच्च वोल्टेज शक्ति आपूर्तियों (एचवीपीएस) के डिज़ाइन, विकास एवं आपूर्ति करने के लिए उत्तरदायी है। यह समूह इटर-भारत प्रयोगशाला में इसी प्रकार प्रणालियों के लिए अनुसंधान एवं विकास के लिए उत्तरदायी है और साथ ही इटर और इसी प्रकार के कार्यक्रम में प्रोटोटाइप प्रयासों के साथ भारतीय उद्योग की प्रतिभागिता को विकसित करने में भी लगा हुआ है। स्पाइडर त्वरण ग्रिड शक्ति आपूर्ति (एजीपीएस) के निर्मित घटकों को न्यूट्रल बीम परीक्षण संयंत्र, पदोवा, इटली में भेजा गया है। एजीपीएस घटकों के लिए संस्थापन एवं एकीकरण गतिविधियों के साथ स्टैण्डअलोन परीक्षणों को क्रियान्वित किया गया है, एकीकृत परीक्षण किये जा रहे हैं। डीएनबी के लिए एजीपीएस को संस्थापित किया गया है और इटर-भारत (।।) प्रयोगशाला में परीक्षण किया जा रहा है। इटर-भारत प्रयोगशाला में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में ठोस अवस्था उच्च आवृत्ति (1 MHz) शक्ति स्रोत को विकसित किया गया है। इस स्रोत को प्लाज़्मा लोड के साथ अंतरापृष्ठ किया गया और इटर-भारत (I-I) प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। उच्च वोल्टेज अनुप्रयोग के लिए, विशेषकर एचवीपीएस के तार ज्वलन परीक्षण के लिए एक मोटर चालित शॉर्ट सर्किट स्विच को यही पर विकसित किया गया है। I-I प्रयोगशाला में प्रोटोटाइप के सफलतापूर्वक परीक्षण के बाद 25m की ट्रांसमिशन लाइन के खंड को दो क्षैतिज झुकाव और एक ऊर्ध्वाधर मोड़ के साथ पूना में शैल N ट्यूब, में निर्मित किया जा रहा है। घटकों का सब-असेम्बली स्तर पर परीक्षण किया गया और ये भेजने के लिए तैयार है। डीएनबी शक्ति आपूर्ति प्रणाली के लिए उच्च वोल्टेज डैक को निर्मित किया गया और प्रयोगशाला में संस्थापित किया है। आईसीआरएफ के स्रोतों डायक्रोड एवं ट्रेटोड आधारित प्रणालियों के साइट स्वीकृति अभियानों के लिए औद्योगिक प्रोटोटाइप आईसी एचवी शक्ति आपूर्ति को निरंतर प्रचालित किया जा रहा है।

B.9. डायग्नॉस्टिक्स

एक्स-रे क्रिस्टल स्पैक्ट्रोमीटर - सर्वे प्रणाली: एक्सआरसीएस-सर्वे साइट ट्यूब की प्रारंभिक डिज़ाइन समीक्षा का पहला चरण पूरा हो चुका है। तकनीकी गतिविधियों पर आगे प्रगति की गई है जिसमें आग विश्लेषण, आरएएमआई एवं एचआईआरए विश्लेषण, संबंधित पोर्टों के साथ एकीकरण, एकीकृत संरचनात्मक एवं न्यूट्रॉनिक विश्लेषण शामिल हैं। प्रयोगशाला अनुसंधान एवं विकास प्रयोगों के लिए परंपरागत एक्स-रे स्रोत एवं ऑप्टिकल सेटअप के लिए आवश्यक घुमावदार विवर्तकों की जांच करने के लिए अधिकतर घटकों को प्राप्त एवं परीक्षण किया गया है। स्थापित एनोड एक्स-रे स्रोत को संयोजित किया गया एवं निर्वात प्रणाली, शक्ति आपूर्तियों, तापमान मॉनिटरों के साथ एकीकृत किया गया है। फिलामेंट परीक्षण को पूरा कर लिया गया है और यह एक्स-रे बीम स्पैक्ट्रम एवं डोज़ को मापने के लिए इसका प्रचालन प्रगति पर है। एक्स-रे फ्लुओरेसेंस का मापन किया गया और तात्विक सांद्रण को पाया गया है। प्लांट इंस्ट्रुमेंटेशन एवं नियंत्रण डिज़ाइन की परिपक्वता का मूल्यांकन किया गया और परिणाम में कार्यात्मक विश्लेषण और संचालन प्रक्रियाओं का काफी अच्छा स्तर देखा गया है।

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन उत्सर्जन (ईसीई) डायग्नॉस्टिक प्रणाली: इस प्रणाली के लिए प्रारंभिक डिज़ाइन एवं प्रोटोटाइप कार्य प्रगति कर रहे हैं। फास्ट स्कैनिंग फूरियर ट्रांसफॉर्म स्पैक्ट्रोमीटर (एफटीएस) को निर्माता साइट (ब्लूस्काई, कनाडा) में कारखाना स्वीकृति परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद इटर-भारत प्रयोगशाला को सुपुर्द किया गया है। ट्रांसमिशन लाइन के घटकों (सीधे डब्ल्यूजी खंडों के 5 टुकडें , जिसमें प्रत्येक की लंबाई 2m, 3 मीटर बैंड, 2 वेवगाइड पंप आउट टीज़) एवं विंडो असेम्बली को प्राप्त, संयोजित एवं परीक्षण किया गया है। ध्रुवीय यंत्र विभाजक इकाई को प्रोटोटाइप तथा इटर सुपुर्दगियों दोनों के लिए डिज़ाइन और विश्लेषित किया गया है। मौलिक बीम मोड में >99% शक्ति युग्मन के साथ अत्यधिक सममित आउटपुट बीम सिकुड़न को देखा गया है। क्वासी-ऑप्टिकल नोच फिल्टर को 140 GHz पर ईसीआरएच से आ रही उच्च शक्ति की विपथित विकिरण से ईसीई डायग्नॉस्टिक के संरक्षण के लिए डिज़ाइन एवं विश्लेषण किया गया है।

आवेश विनिमय पुनःसंयोजन स्पैक्ट्रोस्कोपी (सीएक्सआरएस): यह प्रणाली बीम उत्सर्जन स्पैक्ट्रोस्कोपी (बीईएस) के साथ अशुद्धता (He, Be, Ne, Ar, C) घनत्व की सूचना प्रदान करती है। इटर मापन आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए इटर पेडेस्टल क्षेत्र के लिए सीएक्सआरएस व बीईएस डायग्नॉस्टिक प्रणाली का प्रारंभिक निष्पादन आकलन क्रियान्वित किया गया है।

ऊपरी पोर्ट प्लग: ऊपरी पोर्ट के एकीकरण के लिए प्रणाली एकीकरण समीक्षा का पहला चरण पूरा कर लिया है। इंटरफेसिंग डायग्नॉस्टिक्स के साथ एकीकरण एवं पोर्ट प्लग में उनकी आवश्यकताओं को विकसित किया है। लोड विनिर्देश रिपोर्ट, विद्युतचुम्बकीय विश्लेषण, शटडाउन डोज़ दर की गणनाएँ, सुदूर प्रहस्तन क्षमता आकलन प्रगति पर है, जबकि प्रारंभिक डिज़ाइन समीक्षा के लिए आरएएमआई विश्लेषण पूरा हो चुका है।

B. 10. संलयन भौतिकी समूह की गतिविधियाँ

इटर के लिए व्यवधान एवं पूर्वानुमानों के दौरान हेलो धाराओं के लक्षण वर्णन के लिए डीआईआईआईडी-डी एवं सीएमओडी टोकामकों में व्यवधानों की मॉडलिंग का कार्य 2014 के प्रारंभ में शुरू किया गया था और 2017 में पूरा कर लिया गया है। एकीकृत मॉडलिंग और विश्लेषण सूट (आईएमएएस) केप्लर पर आधारित एक प्लेटफॉर्म है, जहाँ अलग-अलग टोकामक संबंधी कोड को सुंदर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है। आईएएमएएस को इटर-भारत सर्वरों पर सफलतापूर्वक लागू किया गया है। टोकामकों में रनअवे इलेक्ट्रॉनों के चुंबकीय प्रक्षोभों के माध्यम से जनरेशन, विसरण एवं अल्पीकरण को सिमुलेट करने के लिए एक मॉडल को विकसित किया है। इस कोड को इटर की गणनाओं के लिए इस्तेमाल करने की योजना बनाई है और ईसीईई डायग्नॉस्टिक्स पर इसके प्रभावों को समझने के लिए NOTEC के साथ इसका युग्मन करने की संभावना है। एक शून्य-विमीय (0-D) मॉडल को विकसित किया गया है जो पाँच कालिक समीकरणों से युक्त हैं: इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रल घनत्व के समीकरण, इलेक्ट्रॉन और आयन ऊर्जा घनत्व के समीकरण, एवं विद्युत सर्किट समीकरण। इस कार्य का प्रमुख उद्देश्य टोकामकों के प्लाज़्मा निर्वहन परिदृश्य की मॉडलिंग के लिए 0-D कोड को टीएससी के साथ युग्मन करना है। सभी फ्लक्स लूप के स्थानों पर लूप वोल्टेज एवं निष्क्रिय संरचनाओं (निर्वात पात्र एवं क्रायोस्टेट) में भंवर धाराओं की गणना करने के लिए एक मॉडल को विकसित किया है। इसे विभिन्न एसएसटी-1 एवं आदित्य-अपग्रेड प्रायोगिक शॉट के फ्लक्स लूपों तथा चुंबकीय प्रोब डाटा की तुलना करने के लिए इस्तेमाल किया गया है।

B.11. सभी पैकेजों एवं परियोजना कार्यालय के लिए समान गतिविधियाँ

नियमित कार्यक्रम अद्यतन किये गये और इटर अंतर्राष्ट्रीय संगठन को रिपोर्ट किये गये है। विभिन्न दस्तावेज़ों (गुणवत्ता योजना, निर्माण एवं निरीक्षण योजना, प्रक्रियाएँ आदि) का समीक्षाओं के माध्यम से गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधन कार्यों का पालन एवं उद्योग के साथ अनुबंधों में आईपी प्रावधानों का कार्यान्वयन करना एवं आईपी के लिए प्रकाशनों की पूर्व-स्क्रीनिंग के माध्यम से बौद्धिक संपदा प्रबंधन (आईपी) गतिविधियों का भी कार्यान्वयन करना शामिल है। जोखिम प्रबंधन गतिविधियों में प्रतिभागिता, जिसमें परियोजना जोखिम रजिस्टर को अद्यतन करना एवं अल्पीकरण योजना शामिल है। इटर न्यूज़लाइन एवं इटर वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से जनता को इन विकास कार्यों के माध्यम से सूचित किया गया था।

न्यूट्रॉनिकी समूह की गतिविधियाँ: तीन अत्याधुनिक कोड एवं कुछ विज़ुअलाइज़ेशन तकनीकों को विकसित किया है: 1. ACTYS-सामग्री में एक बिंदु के लिए तेज और सही सक्रियण सॉल्वर, 2. ACTYS-1-GO एक ही बार में पूरी मशीन के लिए तेज और सही सक्रियण सॉल्वर! 3. METTA- नाभिकीय सामग्रियों को अनुकूलित करने के लिए एक कोड, जो तीव्र न्यूट्रॉन किरणन के लिए अपेक्षित है (ACTYS एवं ACTYS-1-GO से जोड़ा गया। FISPACT के लिए अलग मॉड्यूल) विज़ुअलाइज़ेशन तकनीकों को पायथॉन का इस्तेमाल करके विकसित किया गया है, जो ACTYS परिवार में जोड़ा गया है या स्वतंत्र रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है।

B. 12. इटर-भारत अभिकल्पन कार्यालय की गतिविधियाँ

इटर-भारत के तकनीकीय समूहों को सीएडी एवं इंजीनियरिंग समर्थन प्रदान किया गया है। पचपन डिज़ाइनों का डाटा (डाटा विनिमय कार्य) इटर संगठन, इटर की घरेलू ऐजेन्सियों एवं आपूर्तिकर्ताओं के बीच निष्पादित किया है एवं साथ ही संबंधित तकनीकी समर्थन भी प्रदान किया है। डिज़ाइनरों को तकनीकीय (डिज़ाइन एवं विश्लेषण) एवं प्रशिक्षण (सीएडी, एफईए) समर्थन प्रदान किया है। वाल्व, पंप, ऊष्मा विनिमयक एवं शीतलक जैसे घटकों पर विश्लेषण द्वारा स्वतंत्र सत्यापन किया गया है। इटर क्रायोजेनिक्स प्रणाली की पर्ज लाइनों का थर्मो-हाईड्रॉलिक विश्लेषण एवं टंग्स्टन-कॉपर संयुक्त ब्लॉक का अस्थिर ऊष्मीय विश्लेषण किया गया है। निर्वात पात्र के हिंज समर्थन के लिए एफई आधारित गणितीय मॉडल का विकास एवं लचीलापन प्रदर्शन के लिए विश्लेषण किया गया था। ईजेएमए पर आधारित बाहरी दबाव स्थिति के लिए आयताकार बैलोज़ के लिए डिज़ाइन डाटा को तैयार करना शामिल है एवं सीमित अवयव पद्धति के इस्तेमाल से गुणवत्ता प्रक्रिया करना। विन्यास नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से परियोजना के बदलावों को लागू करना एवं दस्तावेज़ प्रबंधन, परियोजना जीवनचक्र प्रबंधन तथा सीएडी पर अन्य कार्यरत समूहों में भागीदारी में समन्वय स्थापित करना शामिल हैं।

--!!!-

अध्याय C, D, एवं E

C. शैक्षिक कार्यक्रम

C.1 डॉक्टरेट कार्यक्रम.....37
C.2 तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीटीपी).....37
C.3 ग्रीष्मकालीन स्कूल कार्यक्रम.....37

D. तकनीकी सेवाएँ

D.1 कम्प्यूटर सेवाएँ.....37
D.2 पुस्तकालय सेवाएँ.....38

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति

E.1 पत्रिका लेख.....39
E.2 आंतरिक शोध एवं तकनीकी प्रतिवेदन.....59
E.3 सम्मेलन प्रस्तुति.....68
E.4 आईपीआर कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त आमंत्रित वार्ता.....84
E.5 आईपीआर में प्रतिष्ठित अतिथि वक्ताओं द्वारा दिये गए व्याख्यान..87
E.6 आईपीआर में प्रस्तुत वार्ता.....89
E.7 आईपीआर द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बैठकें.....90
E.8 समझौता ज्ञापन.....92
E.9 तकनीकी हस्तांतरण 93

C. शैक्षिक कार्यक्रम

C.1 डॉक्टरेट कार्यक्रम

संस्थान द्वारा प्रचालित पीएच.डी कार्यक्रम में वर्तमान में बयालीस (42) शोधार्थी नामांकित हुए हैं। इनमें से सत्रह (17) सैद्धान्तिक तथा अनुकरणीय परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं जबकि चौदह (14) प्रायोगिक परियोजनाओं से जुड़े हैं। वर्ष के दौरान ग्यारह (11) नये छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं तथा पाठ्यक्रम से जुड़े कार्य कर रहे हैं। इस पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद ये पीएच.डी. के लिए नामांकित किये जायेंगे। वर्तमान में पच्चीस (25) पोस्ट डॉक्टोरल फैलोज् अपने शोध कार्य में लगे हुए हैं।

जमा किये गए पीएच.डी शोधपत्र (अप्रैल 2016 से मार्च 2017 के दौरान)

कलैक्टीव फिनोमिना इन स्ट्रॉन्गली कपल्ड डस्टी प्लाज़्मा मीडियम
विक्रम सिंह धरोड़ी
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2016

स्लो वेव कैरेक्टरिस्टिक्स ऑफ मेटामैटिरियल लोडेड हेलिकल गाइड
दुष्यंत कुमार शर्मा
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2016

नॉनलिनियर एक्साइटमेंट्स इन फ्लोइंग कॉम्प्लेक्स प्लज्माज़
सुरभी जयसवाल
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2016

स्टडी ऑफ Er_2O_3 फिल्म डिपॉज़िशन बाई डिफरेंट टेक्नीक्स फॉर दि फ्यूज़न रिएक्टर एप्लीकेशन्स
प्रतीपालसिंह ए.रायज़दा
सरदार पटेल युनिवर्सिटी, 2016

C. 2 तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीटीपी)

टीटीपी-2016 में तीन उम्मीदवार थे, भौतिकी विज्ञान से दो और यांत्रिकी शाखा से एक। प्लाज़्मा विज्ञान एवं तकनीकी में उन्होंने कठिन पाठ्यक्रम का अध्ययन किया और अपना परियोजना कार्य पूरा किया। पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन के बाद वे आईपीआर की विभिन्न परियोजनाओं में शामिल हो गए।

C.3 ग्रीष्मकालीन स्कूल प्रोग्राम (एसएसपी)

छियालीस (46) छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें M.Sc. भौतिकी के 28 छात्रों और इंजीनियरी शिक्षण के (18) छात्र जिसमें यांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिकी एवं इन्स्ट्रूमेन्टेशन, इलेक्ट्रिकल, रसायनिक एवं धातुकर्म के छात्र शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन छात्रों को संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ सक्रिय रूप से परस्पर बातचीत करने तथा परियोजना एवं वक्तव्यों की श्रृंखला के माध्यम से प्लाज़्मा भौतिकी एवं संबंधित विषयों के बारे में सीखने का एक अवसर प्रदान करना है। उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त नियमित छात्रों को उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुसार कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिकी एवं इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरी में परियोजना कार्य दिया जाता है।

D. तकनीकी सेवाएँ

D.1 कम्प्यूटर सेवाएँ

आईपीआर डाटा सेंटर: आईपीआर में अत्याधुनिक डाटा सेंटर स्थापित किया गया है जो वर्तमान में कार्यशील है। यह लगभग 95 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस 14 रैक की सुविधा में प्रत्येक रैक में कूलिंग की व्यवस्था है। इसमें स्थापित कई स्तरों की सुरक्षा व्यवस्था आईपीआर की वर्तमान और भविष्य की कंप्यूटिंग/आईटी आवश्यकताओं को पूरा

करेगी। इस सुविधा का समर्थन करने के लिए, एक समर्पित शीतलन प्रणाली के साथ एक मजबूत यूपीएस प्रणाली, दोनों को बैकअप के साथ करेगी। इस सुविधा का समर्थन करने के लिए, एक समर्पित शीतलन प्रणाली के साथ एक मजबूत यूपीएस प्रणाली, दोनों को बैकअप के साथ स्थापित किया गया है। डाटा केंद्र के 24x7 ऑपरेशन को सुनिश्चित करने के लिए रैक और अन्य समर्थन प्रणालियों की स्थिति को रिमोट से मॉनिटर किया जा सकता है। इस डाटा केंद्र की मुख्य विशेषताएँ हैं: (a) टीआईईआर 3 अंतर्राष्ट्रीय मानक (एएनएसआई / टीआईए-942 मानक) के साथ अनुपालन (b) 250kW की क्षमता के मॉड्यूलर यूपीएस (125KW in N+N mode) स्थापित है जो 400kW तक उन्नत किये जा सकते हैं (c) दो एयर कूल्ड स्क्रॉल चिलर्स (प्रत्येक 60 TR क्षमता) N+N मोड में कार्यशील हैं (d) प्रत्येक LCP (द्रव कूलिंग पैकेज) की कूलिंग क्षमता 40KW से युक्त इन-रैक कूलिंग सिस्टम (e) आईटी उपकरणों / रैक की सर्विस देनेवाले दोहरे स्वतंत्र विद्युत वितरण पथ। डाटा सेंटर में स्थापित सभी महत्वपूर्ण और कोर आईटी उपकरण दोहरी शक्ति से युक्त हैं (f) फायर रेटेड (120 मिनट) विभाजन, फॉल्स, फ्लोर, फॉल्स सीलिंग आदि हैं। आईपीआर के नये डाटा सेंटर का उद्घाटन निदेशक डॉ. शशांक चतुर्वेदी द्वारा 28 मार्च 2017 को किया गया। इस उद्घाटन समारोह में आईपीआर के कई स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

D.2. पुस्तकालय सेवाएँ

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) पुस्तकालय प्लाज़्मा भौतिकी तथा संलयन विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में शामिल उपयोगकर्ता समुदाय की विशिष्ट जानकारी की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पुस्तकालय अत्याधुनिक आधारभूत संरचनाओं से भली-भाँति सुसज्जित है तथा अपने संकेंद्रित संग्रह व सेवाओं के साथ उपयोगकर्ता समुदाय की निरंतर सेवा कर रहा है। पुस्तकालय, प्रकाशन संबंधी गतिविधियों में शामिल है तथा आंतरिक प्रकाशनों का प्रबंधन करने के लिए इसमें विभिन्न साधन भी विकसित किए गये हैं। आई पी आर पुस्तकालय में प्रमुख डाटाबेसों जैसे स्कोपस तथा मुख्य पत्रिकाओं की ऑनलाइन आरकाइव्ज की भी सदस्यता जारी है। पुस्तकालय को डी ए ई (DAE) कंसोर्टियम के माध्यम से साइंस डायरेक्ट की भी सदस्यता प्राप्त है।

पुस्तकालय की वेबसाइट (http://www.ipr.res.in/library/) को नवीनतम जानकारी से लगातार अद्यतन किया जाता है तथा सभी सब्स्क्राइब्ड संसाधनों एवं अन्य इन-हाउस इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों जैसे शोध एवं तकनीकी प्रतिवेदन, पुनर्मुद्रण, थीसीस इत्यादि को उपयोगकर्ता समुदाय को उपलब्ध कराया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर प्लाज़्मा भौतिकविदों के लिए व्यापक रुप से सामयिक विषयवस्तु वितरित करके पुस्तकालय करंट अवेरनेस सेवाएँ भी प्रदान कर रहा है। अलर्ट सेवा के रुप में कुल 297 समाचार अंशों को प्रदर्शित कर अभिलेखित किया गया। पुस्तकालय ने NucNrt समाचारों हेतु ई-मेल अलर्ट सेवाएँ प्रदान करना आरंभ किया ।

प्रतिवेदित अवधि के दौरान कुल 24554314 रु. के बजट का उपयोग किया गया। लगभग 763 पुस्तकों तथा बैकवॉल्यूम, 88 आंतरिक शोध प्रतिवेदनों, 49 तकनीकी प्रतिवेदनों, अन्य शोध संस्थानों द्वारा प्राप्त 34 शोध प्रतिवेदन, 130 पुनर्मुद्रणों, 30 पैम्फ्लेटों तथा 46 सॉफ्टवेयरों को पुस्तकालय संग्रह में शामिल किया गया। पुस्तकालय ने 109 पत्रिकाएँ सब्स्क्राइब की, जिसमें से 7 को मात्र ऑनलाइन किया गया तथा 4 नई पत्रिकाओं को मात्र ऑनलाइन संग्रह में शामिल किया गया। पुस्तकालय के संग्रह में 25 ई-पुस्तकें भी शामिल की गई।

पुस्तकालय ने अंतर पुस्तकालय लेन-देन(आईएलएल) के माध्यम से उपयोगकर्ता समुदाय को लेख वितरण सेवाएँ प्रदान कीं। अंतर पुस्तकालय लेन-देन (आईएलएल) से सदस्यों द्वारा किए गये अनुरोधों को 89.80 प्रतिशत तक पूरा किया गया। आईपीआर पुस्तकालय ने अन्य संस्थानों को प्रलेख प्रदान कर 100 प्रतिशत आवश्यकताओं को पूर्ण किया । उपयोगकर्ताओं को कुल 24152 प्रतिलिपियाँ एवं 3252 स्कैन प्रतियाँ प्रदान की गईं।

पुस्तकालय अपने सदस्यों के लिए सक्रिय रुप से सूचना साक्षरता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। मेंडले प्रशिक्षण तथा प्लैगियरिज़्म संसूचक सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन किया गया। नये सदस्यों, समर स्कूल छात्रों एवं शोध छात्रों के लिए पुस्तकालय से परिचय का आयोजन किया गया। दो महान वैज्ञानिको- डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम तथा नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सुब्रमण्यन चंद्रशेखर की जन्मतिथि के अवसर पर आई पी आर पुस्तकालय ने 17-21 अक्टूबर 2016 को कलाम-चन्द्रा सप्ताह का आयोजन किया। उनकी पुस्तकों के एक संग्रह को पुस्तकालय में प्रदर्शित किया गया और उनसे संबंधित पोस्टर भी प्रदर्शित किए गये।

पुस्तकालय ने अन्य संस्थागत गतिविधियों जैसे हिन्दी सेमीनार/बैठकों, सुरक्षा सप्ताह, राष्ट्रिय विज्ञान दिवस आदि में सक्रिय रुप से भाग लिया। पुस्तकालय ने 2016-17 के दौरान 4 MLISc छात्रों को, जिनमें से गुजरात विश्वविद्यालय के दो छात्रों तथा गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दो छात्रों को इंटर्नशिप प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

--!!!--

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति

E.1 पत्रिका लेख

E.1.1 जर्नल आर्टिकल्स

थर्मल-हाइड्रॉलिक कैरेक्टरीस्टिक्स एण्ड पर्फोर्मेन्स ऑफ 3डी स्ट्रेट चैनल बेज़्ड प्रिण्टेड सर्किट हीट एक्स्चेन्जर
